kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-248 | शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस इस बात की पुरजोर याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक मूलभूत हिस्सा है। तेज गति से भागती दुनिया में, यह दिन दूसरों के प्रति करुणा दिखाने और उसे बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करता है। — नरेन्द्र मोदी

ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा संबंध और रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण मोड़ पर : रक्षा मंत्री 11

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को केन्द्र सरकार ने बनाया मेंटल हेल्थ एंबेसडर 12

## संक्षेप

### पूर्व सांसद धनंजय सिंह गैंगस्टर एक्ट में हुए बरी

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की अदालत ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह, आशुतोष जमैथा व पुनीत सिंह को गैंगस्टर एक्ट से दोषमुक्त कर दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ (एमपी एमएलए कोर्ट) सारिक सिद्दीकी की अदालत ने शुक्रवार को जिले के बहुचर्चित बेलाव दोहरे हत्याकांड में धनंजय सिंह समेत तीन लोगों को गैंगस्टर एक्ट से बरी कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में ठेकेदारी विवाद में 2010 में जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के बेलाव घाट पर दोहरे हत्याकांड में धनंजय को पहले ही बरी किया जा चुका है और अब कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में भी दोषमुक्त कर दिया है। दोहरे हत्याकांड में संजय निषाद और नन्दलाल निषाद की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। 15 साल बाद में दोहरे हत्याकांड से कोर्ट ने पूर्व सासद धनंजय सिंह समेत सभी आरोपियों को पहले ही कोर्ट ने दोषमुक्त किया था और आज गैंगस्टर में भी दोषमुक्त कर दिया।

### बहराइच में भेड़िये ने बनाया मासूम को शिकार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कैसरगंज तहसील में आदमखोर भेड़िए के हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला प्रधान पुरवा का है, जहां आज एक छह वर्षीय मासूम लड़की खेलते समय भेड़िए का शिकार बनी। सूत्रों के अनुसार, ग्राम प्रधान पुरवा के निवासी गंगाराम की बेटी नेहा आज दोपहर करीब तीन बजे अपने कच्चे मकान के अंदर खेल रही थी। इसी दौरान एक आदमखोर भेड़िया अचानक घर में घुस आया और उसे खींच ले गया। बच्चे की मां और अन्य परिजन जब इस दृश्य को देखा, तो उन्होंने लाठी-डंडे लेकर भेड़िए के पीछे दौड़ लगाई। हालांकि, भेड़िया अपनी पकड़ में आने से पहले ही मासूम को चार सौ मीटर दूर गन्ने के खेत में छोड़कर भाग गया। हमले के परिणामस्वरूप मासूम के पेट, पीठ और हाथ पर गहरे घाव आ गए हैं। परिजनों ने तुरंत बच्ची को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह और वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

### पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू होगा एसआईआर

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे।

## बिहार में 20 से ज़्यादा रैलियों को संबोधित कर सकते हैं योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। बिहार में भाजपा के चुनावी अभियान की तैयारी के शुरू हो गई है । इस दौरान सभी की निगाहें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिकी हैं। भाजपा के पदाधिकारियों की मानें तो मुख्यमंत्री योगी बिहार में लगभग 20 रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। बिहार में 6 और 11 नवंबर को मतदान होना है।

उत्तर प्रदेश भाजपा के सूत्रों ने बताया कि पार्टी को योगी की रैलियों के लिए उम्मीदवारों की ओर से भारी डिमांड है।खासतौर से मध्य और उत्तरी बिहार में, जहाँ हिंदू और मुस्लिम दोनों का जनसंख्या घनत्व अधिक है। यह क्षेत्र मुख्यतः ग्रामीण है, जहाँ युवा आबादी रहती है और भोजपुरी, मैथिली और मगही जैसी भाषाएँ बोली जाती हैं। यह क्षेत्र सांस्कृतिक और भाषाई रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश से जुड़ा हुआ है, जिससे योगी को स्थानीय मतदाताओं के साथ स्वाभाविक रूप से जुड़ाव मिल सकता है। सूत्रों ने बताया कि योगी 20 अक्टूबर के बाद कभी भी बिहार में चुनावी समर में उतर सकते हैं। भाजपा के पदाधिकारियों के अनुसार योगी का आगमन भाजपा द्वारा रणनीतिक रूप से समयबद्ध और जोरदार राजनीतिक कदम का संकेत होगा। उन्होने कहा कि योगी लालू प्रसाद यादव की राष्ट्रीय जनता दल और कंग्रेस की कथित भ्रष्टाचार से ग्रस्त पिछली सरकारों पर हमला बोलेंगे, साथ ही अपने ● शेष पेज 11 पर

## वेनेजुएला की विपक्षी नेता मचाडो को शांति का नोबेल

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों पर पानी

एजेंसी

नई दिल्ली। इस साल के नोबेल शांति पुरस्कार का एलान हो गया है। मरिया कोरिना मचाडो को यह सम्मान मिला है। इसी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पुरस्कार से चूक गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों पर पानी फ़ेरते हुए 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार शुक्रवार (10 अक्तूबर) को वेनेजुएला की मुख्य विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को प्रदान किया गया, जो फिलहाल अपने ही देश में छिपकर रह रही हैं।

आयरन लेडी के नाम से भी मशहूर मचाडो का नाम टाइम पत्रिका की '2025 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों' की सूची में शामिल है। इस पुरस्कार की घोषणा करते हुए नोबेल समिति की अध्यक्ष ने मचाडो की शांति की एक साहसी और प्रतिबद्ध समर्थक के रूप में सराहना की, जो बढ़ते अंधकार के बीच लोकतंत्र की लौ जलाए रखती हैं। पुरस्कार की घोषणा के दौरान नोबेल समिति



मारिया कोरिना मचाडो

ने कहा कि वह वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने में मचाडो के अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण बदलाव प्राप्त करने के संघर्ष के लिए उन्हें सम्मानित करती है। मचाडो ने सुमाते नाम के संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। जो कि मुफ्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करता रहा है। बता दें कि मारिया कोरिना मचाडो साल 2024 के चुनाव से पहले विपक्ष की राष्ट्रपति उम्मीदवार थीं, लेकिन वेनेजुएला की सरकार ने उम्मीदवारी रद्द कर दी।

गौरतलब हो कि शांति का नोबेल पुरस्कार हर उस शख्सियत या संस्था को दिया जाता है, जो विश्व शांति, मानवाधिकार और जंग रुकवाने के लिए अहम योगदान देते हैं। मालूम हो इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी नोबेल शांति पुरस्कार की दौड़ में थे, लेकिन वो इससे चूक गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक 8 देश ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट कर चुके थे, जिसमें पाकिस्तान, इस्राइल, अमेरिका, आर्मेनिया, अजरबैजान, माल्टा, कंबोडिया जैसे देशों के नाम है। कई रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि अर्जेंटीना ने भी ट्रंप को शांति का नोबेल देने की सिफारिश की थी। डोनाल्ड ट्रंप को लेकर लंबे समय से चर्चा थी कि उन्हें यूक्रेन युद्ध और अन्य अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में मध्यस्थता के लिए नोमिनेट किया जा सकता है, लेकिन नोबेल समिति ने इस साल का पुरस्कार वेनेजुएला की विपक्षी नेता माचाडो को देने का फैसला किया।

### ट्रंप को नोबेल न मिलने पर भड़का व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को नोबेल पुरस्कार समिति द्वारा डोनाल्ड ट्रंप की बजाय वेनेजुएला के विपक्ष की नेता को शांति पुरस्कार देने के फैसले की आलोचना की। व्हाइट हाउस की ओर से कहा गया है कि, नोबेल पुरस्कार के चयन करने वाले पैनल ने शांति की बजाय राजनीति को चुना। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- राष्ट्रपति ट्रंप शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करवाते रहेंगे और लोगों की जान बचाना जारी रखेंगे। उनके भीतर एक मानवतावादी का हृदय है और उनके जैसा कोई नहीं होगा जो अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से पर्वतों को भी हिला सके।

### भारत का महत्वपूर्ण कूटनीतिक निर्णय

## काबुल में तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्ज़ा दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। अफ़ग़ानिस्तान के साथ सामान्य राजनयिक संबंधों की बहाली का संकेत देते हुए भारत ने एक बड़े कूटनीतिक कदम के तहत काबुल स्थित अपने तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्ज़ा देने की घोषणा की है। भारत ने यह महत्वपूर्ण निर्णय अफगान तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्ज़े के दो वर्ष से भी अधिक समय के बाद लिया है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने भारत की यात्रा पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के साथ शुक्रवार को यहां बैठक के दौरान अपने वक्तव्य में कहा कि भारत ने काबूल में अपने तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्ज़ा देने का निर्णय लिया है।

डा.जयशंकर ने कहा कि श्री मुत्ताकी की यात्रा अफगानिस्तान के साथ भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में 'एक महत्वपूर्ण कदम' है और यह दोनों देशों के बीच स्थायी मित्रता की पुष्टि है। काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्ज़ा देने की घोषणा करते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि भारत अफ़ग़ानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, '' हमारे बीच घनिष्ठ सहयोग अफगानिस्तान में विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय स्थिरता और मजबूती में भी योगदान देता है। इसे और बढ़ाने के लिए मुझे आज काबुल में भारत के तकनीकी मिशन को भारतीय दूतावास के स्तर पर उन्नत करने की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान के विकास और प्रगति में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में आगे बढते हुए भारत छह और परियोजना शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत सद्भावना के प्रतीक के रूप में अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस भी उपहार में देगा जिनमें से पांच को वह प्रतीकात्मक तौर पर आज स्वयं देंगे। डा. जयशंकर ने श्री मुत्ताकी के साथ उनकी पहले हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने एक बार इस वर्ष अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद और दूसरी बार सितंबर में कुनार और नंगरहार भूकंप के बाद एक-दूसरे से बात की थी। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे बीच इस व्यक्तिगत मुलाकात का विशेष महत्व है क्योंकि इससे हमें विचारों का आदान-प्रदान करने, साझा हितों की पहचान करने और घनिष्ठ सहयोग बनाने का अवसर ● शेष पेज 11 पर



### अफगानिस्तान की जमीन का किसी और के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे: मुत्ताकी का आश्वासन

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने भारत को स्पष्ट आश्वासन दिया कि वह अपनी ज़मीन का इस्तेमाल किसी और देश के ख़िलाफ़ नहीं होने देगा। भारत यात्रा पर आये अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर ख़ान मुत्ताकी ने शुक्रवार को यहां विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर के साथ अपनी मुलाक़ात के दौरान यह आश्वासन दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, हम किसी को भी अफ़ग़ानिस्तान की ज़मीन का इस्तेमाल किसी और के ख़िलाफ़ नहीं करने देंगे। श्री मुत्ताकी ने कहा कि अफ़ग़ानिस्तान भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के लिए एक परामर्श तंत्र बनाने के ● शेष पेज 11 पर

## सीबीआई नहीं करेगी कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले की जांच

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित रूप से जहरीली खांसी की सिरप से बच्चों की मौत के मामलों पर सीबीआई जांच और देशभर में दवा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति उज्जल भूयान और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। शुरुआत में पीठ नोटिस जारी करने के पक्ष में थी, लेकिन बाद में विचार कर याचिका खारिज कर दी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा



कि याचिकाकर्ता अखबार पढ़कर सीधे अदालत पहुंच जाते हैं। मेहता ने कहा कि वह किसी राज्य की ओर से पेश नहीं हो रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने इस मामले में गंभीर कदम उठाए हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों में दवा कानूनों को लागू करने की उचित व्यवस्था पहले से मौजूद है। पीठ ने याचिकाकर्ता तिवारी से पूछा कि उन्होंने अब तक शीर्ष अदालत में कितनी जनहित याचिकाएं दायर की हैं। तिवारी की ओर से बताया गया कि उन्होंने अब तक आठ से दस ऐसी याचिकाएं दायर की हैं, तो पीठ ने उनकी याचिका खारिज कर दी।

याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह यह पता लगाए कि दवा सुरक्षा और गुणवत्ता जांच प्रणाली में कौन सी चूक हुई, जिनकी वजह से निम्न गुणवत्ता वाली दवाएं बाजार में पहुंचीं। इसमें अदालत से यह भी आग्रह किया गया है कि आगे किसी भी बिक्री या निर्यात की

### चुनाव आयोग के एसआईआर में हस्तक्षेप अस्वीकार्य : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चुनाव आयोग के एसआईआर और घुसपैठ के मुद्दे पर अहम बयान दिए। शाह ने दूसरे देश से आने वाले लोगों की संख्या पर अंकुश लगाने को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर बिना किसी पाबंदी के लोगों को आने दिया गया तो देश धर्मशाला बनकर रह जाएगा। एक कार्यक्रम में शाह ने कहा, घुसपैठ को राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण नहीं देने की बात पर भी जोर दिया। अमित शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया- विशेष गहन पुनरीक्षण ● शेष पेज 11 पर

## पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू होगा एसआईआर

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके




चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में एसआईआर का ● शेष पेज 11 पर

## मायावती नायक हैं, जब चाहूं मिल सकता हूं : आजम

एजेंसी

रामपुर। सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने बसपा सुप्रीमो मायावती की तारीफ कर राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी। उन्होंने कहा कि मायावती बहुत बड़े जन समूह की नायक हैं, मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। अगर उन्हें मीडिया के माध्यम से कोई ऐसी खबर मिली है जिससे उन्हें परेशानी हुई है, तो मुझे खेद है। मैं जब चाहूं, उनसे मिल सकता हूं।

आजम खान ने अपने पुराने संबंधों को याद करते हुए कहा कि उनकी अहमियत में मेरी नजर में कोई कमी नहीं है। वह एक बड़ी सियासत दां हैं। उन्होंने कहा कि मायावती जब रामपुर तशरीफ लाई थीं तो वह मेरी मेहमान भी थीं। उन्होंने महसूस किया होगा कि मेरा उनके साथ कैसा आत्मीयता का संबंध है।

उन्होंने कहा कि मेरा ताल्लुक कांशीराम जी से बहुत रहा है। वह सुबह चार बजे



नमाज पढ़ता था। मेरे पास तशरीफ लाते थे, और हम आधा-एक घंटा बातचीत करते थे। आजम ने कहा कि मेरा उनके बड़ों से भी रिश्ता रहा है। ऐसा नहीं हो सकता कि मैं ऐसी बात कहूं या करूं जो उनके दुख या शिकायत का कारण बने। उन्होंने कहा कि मैं जब चाहें मिल सकता हूं, जरूरी नहीं कि मुलाकात केवल राजनीतिक ही हो। उन्होंने कहा कि मायावती ने उनके बारे में कोई गलत बात नहीं कही, इसलिए मैं उनका शुक्रिया अदा करता हूं। हालांकि जब उनसे सपा पर मायावती के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया मांगी ● शेष पेज 11 पर

### इंफ्रास्ट्रक्चर, कारोबारी सुगमता व सुरक्षा से आया व्यापक निवेश : योगी

## उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से बदलकर बना ग्रोथ इंजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि जहां इंफ्रास्ट्रक्चर, कारोबारी सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और मजबूत कानून व्यवस्था से सुरक्षा का माहौल हो तो वहां दुनिया के निवेश को आने से कोई भी नहीं रोक सकता। उत्तर प्रदेश में आज शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर है, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है तो यहां की कानून व्यवस्था नजीर मानी जाती है। इनके समन्वय से उत्तर प्रदेश में देश और दुनिया से व्यापक निवेश आया है। आज का उत्तर प्रदेश, देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में आयोजित यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी मेला का आयोजन राज्य के हर जिले में हो रहा है। इसके पहले प्रदेश में बने उत्पादों को मंच देने के लिए 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया गया था। इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2250 से अधिक उद्यमियों ने अपने उत्पादों की शो केसिंग की थी। 500 से अधिक विदेशी क्रेता यहां आए थे और इस ट्रेड शो में 11200 करोड रुपये के उत्पादों की बिक्री हुई। यह नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है जो बीमारू राज्य से उबरकर इसे उद्यम प्रदेश के रूप में प्रस्तुत करती है।

उन्होने कहा कि जब उद्यम लगेंगे तो रोजगार मिलेगा। उद्यम लगेंगे तो कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी और उस कनेक्टिविटी की सुविधा का लाभ उद्योग ही नहीं बल्कि आम नागरिकों को भी मिलेगा। उद्यम लगेंगे तो नई तकनीकी आएगी और रोजगार के नए-नए अवसर भी सृजित होंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने जो प्रगति की है, उससे वह बीमारू की छवि से बाहर निकलकर देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में उद्यम लगाना एक सपना था। तब ऐसी अराजकता



थी कि लोग यूपी से भागने की फिराक में रहते थे। 2017 के बाद डबल इंजन सरकार में सुरक्षा का जबरदस्त वातावरण बना। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। उद्योगों से जुड़े नियमों का सरलीकरण किया गया। इस ऑफ़ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाया गया। एमएसएमई में एक हजार दिनों तक एनओसी लेने की छूट दी गई। इससे उद्यमिता का जबरदस्त माहौल बना। प्रदेश में जो एमएसएमई यूनिट्स बंद हो रही थी, उन्हें संजीवनी मिलने लगी। आज एमएसएमई सेक्टर में 96 लाख यूनिट क्रियाशील हैं और इसके जरिए दो करोड लोगों को नौकरी और रोजगार मिलना सुनिश्चित हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार सृजन एमएसएमई में है। यह संकट के समय में भी रोजगार देने वाला क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौर में जब देश के अन्य राज्यों से 40 लाख श्रमिक उत्तर प्रदेश आए, तब उन्हें एमएसएमई सेक्टर का ही सहारा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता के हर एक क्षेत्र में मॉडल बनता जा रहा है। उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। हाईवे, रेलवे, एयरवे, इनलैंड वॉटरवे में प्रगति की लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट की क्रियाशील थे जबकि आज 16 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा के जेवर में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 6 छह शहरों में मेट्रो ट्रेन की सेवाएं मिल रही हैं। राज्य के सभी बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। इस माह प्रदेश में इलेक्ट्रिक बस निर्माण के उद्यम का उद्घाटन भी होने जा रहा है। अब इलेक्ट्रिक बस उत्तर प्रदेश में भी बनेगी। इससे पर्यावरण संरक्षण तो होगा ही रोजगार भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का पहला इनलैंड वॉटरवे वाराणसी से हल्दिया तक उत्तर प्रदेश में है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास है। देश में पहली रैपिड रेल चलाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। सड़कों के मामले में सबसे सुदृढ़ ● शेष पेज 11 पर

# दलितों को पुराने युग मे धकेलना चाहती है मोदी सरकार : विनय पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर किए गए हमले के खिलाफ आम आदमी पार्टी यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल की उपस्थिति में और जिला अध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में स्वास्थ भवन चौराहे पर जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ़्तार कर इको गार्डन भेज दिया।

इस मौके पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर किया गया हमला बीजेपी की नफरत की

### मुख्य न्यायाधीश पर हमले को लेकर आप ने किया प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

राजनीति का नतीजा है। विनय पटेल ने कहा कि जिस तरह से सीजेआई के गले में हांडी बांधने के वीडियो बन रहे हैं, वह इस बात का सबूत है कि मोदी सरकार दलितों को पुराने युग में धकेलना चाहती है। पूरा देश इस बात से स्तब्ध है कि मुख्य न्यायाधीश पर हमला करने वाला व्यक्ति खुलेआम कह रहा है कि उसे अपने कृत्य पर कोई अफसोस नहीं है, फिर भी उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने इस घटना को सिर्फ मुख्य न्यायाधीश पर हमला नहीं, बल्कि भारत के संविधान, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों और भारत की आत्मा पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि जब सोशल मीडिया पर सीजेआई के बारे



में अमर्यादित टिप्पणी करने वाला अजीत भारती सार्वजनिक रूप से 'सरकार भी हमारी, सिस्टम भी हमारा' जैसे बयान देता है और इसके बाद उसे थाने से छुड़ाकर भाजपा का राष्ट्रीय प्रवक्ता अपने साथ ले गया जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस नफरती कार्रवाई को मोदी सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी ने जोर देकर कहा कि इस देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर एक दलित के बेटे का बैठना बीजेपी और उसके नफरती तंत्र को बर्दाश्त नहीं हो रहा है, और यही कारण है कि इस जघन्य कृत्य और उसके बाद सोशल मीडिया पर सीजेआई के खिलाफ फैलाए जा रहे घृणित अपमान को लेकर सरकार खामोश है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और बीजेपी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और मुसलमानों से नफ़रत करती है। मुख्य न्यायाधीश की माँ को आरएसएस ने अपने कार्यक्रम में बुलाया, उन्होंने जाने से मना कर दिया, नतीजतन, एक साज़िश के तहत मुख्य न्यायाधीश पर ये हमला कराया गया। इस दौरान अयोध्या प्रांत महासचिव अतुल सिंह, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बी एन खरे, अंकित परिहार, ललित वाल्मीकि, मनोज मिश्रा, रानी कुमारी, अभिषेक सिंह, ज्ञान सिंह, अनित रावत, अंशुल यादव, पीके बाजपेई, पवन वर्मा सहित तमाम साथी मौजूद रहे।

## लाखों रुपए का इलेक्ट्रिक वायर चोरी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान से चोर लाखों रुपये का इलेक्ट्रिक वायर चोरी कर ले गए। केनरा बैंक के मैनेजर शिव कुमार के अनुसार उनके अवध बिहार योजना के सेक्टर 7 सी/470 में निर्माणाधीन मकान से 8 सितंबर की रात अज्ञात चोर लगभग एक लाख रुपये कीमत की इलेक्ट्रिकल वायरिंग चुरा ले गए।

## धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने फर्जी कंपनी बनाकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुरक्षा एन्क्लेव सेक्टर-4 एल्डीको कॉलोनी थाना पीजीआई की रहने वाली निशाकांत रावत 21 अगस्त 2024 का को शिकायत दर्ज कराई थी। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी।जिसमें से पुलिस ने मोहम्मद महताब निवासी ग्राम मठिया बाबूपुर पोस्ट पर्वतपुर थाना जामो जनपद अमेठी को शॉपिंग स्क्वायर अंसल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।जबकि दो अन्य फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।पकड़े गए आरोपित के विरुद्ध लखनऊ के गुडम्बा थाने सुल्तानपुर के कुड़ेभार थाने अमेठी के मोहनगंज थाने व राजस्थान के साइबर थाना करौली में पहले से मुकदमे दर्ज हैं।

## घूमने जा रहे परिवार को बदमाशों किया रोकने की कोशिश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कार से घूमने जा रहे परिवार को कार सवार बदमाशों ने पीजीआई थाना क्षेत्र से में रोकने का प्रयास किया लेकिन वो लोग भागकर सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित पुलिस मुख्यालय के पास जाकर रुके।जहां से डायल 112 की पुलिस उन्हें लेकर सुशांत गोल्फ सिटी थाने पहुंची लेकिन वहां से उन्हें पीजीआई थाने के लिए भेज दिया गया।यह देख गाड़ी चला रहे तारिक के बेटा किसी तरह से गाड़ी निकाल कर भागने लगा।पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पर की लेकिन तुरन्त कोई मदद न मिलने पर बेटे से कहा कि गाड़ी सीधे पुलिस मुख्यालय पर ले चलो।इसी बीच रास्ते में एक बाइक सवार ने भी उनका रास्ता रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह बचते हुये पुलिस मुख्यालय के गेट नम्बर 3 के पास पहुंचे और वहां तैनात पुलिसकर्मियों से पूरी बात बताई।उसके बाद वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों पीड़ित को पानी पिलाया और तब वहां पहुंची पीआरवी पुलिस के साथ उन्हें सुशांत गोल्फ सिटी थाने भिजवाया।पीड़ित का कहना है कि थाने से उनको घटनास्थल पीजीआई थाना क्षेत्र की होने की बात कहकर उन्हें पीजीआई थाने भेज दिया गया।वहीं शहीद पथ जैसे व्यस्ततम रास्ते पर हुई इस तरह की घटना से पीड़ित व उसका परिवार काफी

## अवैध पटाखा कारोबारियों पर गिरी गाज

प्रयागराज। पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी विवेक यादव के नेतृत्व में फूलपुर थाना पुलिस ने छापेमारी कर गिरजा शंकर जायसवाल और अंश केसरवानी को पकड़ा। पुलिस ने उनके कब्जे से 53 बोरी अवैध पटाखे बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बिना लाइसेंस के विस्फोटक सामग्री का भंडारण और बिक्री कर रहे थे। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## 176 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रयागराज। एसटीएफ टीम ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यमुनापार के बारा इलाके में सटीक सूचना पर घेराबंदी कर टीम ने एक ट्रक गाड़ी पकड़ी, जिसमें 176 किलो गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बदरुद्दीन और मिथलेश के रूप में हुई है। दोनों आरोपी उड़ीसा और मध्य प्रदेश से गांजा लाकर प्रयागराज सहित आस-पास के जिलों में सप्लाई करते थे। STF ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और सप्लाई नेटवर्क की जांच जारी है।

## मुलायम सिंह ने की थी पसमांदा समाज को बराबरी का हक़ दिलाने की शुरुआत : अनीस मंसूरी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजसेवी, राजनीतिक कार्यकर्ता और पसमांदा समाज के लोग उपस्थित रहे। अनीस मंसूरी ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक ऐसे जननायक थे जिन्होंने समाज के सबसे पिछड़े तबकों, ग़रीब, मज़दूर, किसान और पसमांदा मुसलमानों को राजनीतिक और सामाजिक सम्मान दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने पसमांदा समाज को पहली बार मुख्यधारा की राजनीति में आवाज़ दी थी। वे हमेशा गरीबों, किसानों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के हक़ की बात करते रहे। उनका जीवन संघर्ष और सादगी आज भी हम सबके लिए प्रेरणा है। मंसूरी ने आगे कहा कि मुलायम सिंह यादव का राजनीतिक जीवन सेवा, संघर्ष और सामाजिक न्याय की मिसाल रहा। उन्होंने कहा कि आज जब समाज विभाजन और भेदभाव की राजनीति से जूझ रहा है, तब मुलायम सिंह यादव की विचारधारा और नीतियों को याद करना और उन पर चलना पहले से कहीं अधिक ज़रूरी है। इस अवसर पर इलियास मंसूरी, मिर्ज़ा इमरान खान, सिराज अहमद, नरेंद्र सिंह यादव, रामप्रकाश मौर्य, फैसल, मोहम्मद कलीम गुड्डू और अनिल कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन जारी

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल खिलाड़ियों को उपलब्ध कराये जा रहे अत्याधुनिक संसाधनों एवं प्रशिक्षणों के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। इसी क्रम में उत्तर रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में नई दिल्ली में 7 से 9 अक्टूबर2025 तक आयोजित 66वीं आल इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की तरफ से प्रतिभाग करते हुए बनारस स्टेशन पर चल टिकट निरीक्षक के पड़ पर कार्यरत श्री रोहित यादव ने काँस्य पदक प्राप्त किया।
ज्ञातव्य हो की उत्तर रेलवे स्पोर्ट्स एशोसिएशन के तत्वधान में नई दिल्ली में 07 से 09 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित 66 वीं आल इण्डिया अखिल भारतीय रेलवे कुश्ती चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे के पहलवानों ने तीन दिवसीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जिसके अन्तर्गत किया 01 रजत एवं 07 कांस्य पदक सहित कुल 08 पदक जीते । इस तीन दिवसीय चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के पहलवान प्रवेश ने रजत तथा गौरव बालियान, सागर, भगवंत, सतीश, रोहित, मनीष एवं धर्मवीर ने कांस्य पदक जीत कर पूर्वोत्तर रेलवे को गौरवान्वित किया।

# करवा चौथ सिर्फ व्रत का ही नहीं बल्कि सौंदर्य और प्रेम का प्रतीक पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। पति की लंबी उम्र और दांपत्य सुख की कामना के लिए सुहागिनों ने करवा चौथ का निर्जला ब्रत रख शाम ढले चंद्रमा को आर्घ्य देकर पति के हाथों जल ग्रहण कर सुहागिनों ने अपना व्रत तोड़ा।

आपको बताते चलें कि शुक्रवार को सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए रश्मों रिवाजों के साथ करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा।करवा चौथ सिर्फ व्रत का ही नहीं बल्कि सौंदर्य और प्रेम का पर्व भी माना जाता है।शाम ढलते ही व्रती महिलाओं ने लाल साड़ी सिंदूर बिंदी और चूड़ियों से सजी महिलाएं पूजा की हाल लेकर बैठी तो पूरा वातावरण श्रद्धा और सौंदर्य के संगम में डूब गया महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी फिर उनकी नज़रें आसमान पर लग गई। चांद निकलने के बाद पूजा पाठ किया।चांद को आर्घ्य देने के बाद चलनी से पति का दीदार किया।आरती उतारी और पति के हाथों से जल पीकर व्रत तोड़ा।उसके बाद सुहागिनों ने अपने बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मनरेगा घोटाला संस्करण : अफसरों की भूमिका गायब, पर सचिव सहायक बन गए मुख्य खलनायक?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शिकायत आईजीआरएस पर, टीम दौड़ी फील्ड पर, मंजूरी हुई अफसरों से और एफआईआर दर्ज कराई गई सचिवों तकनीकी सहायक और प्रधान पर**

**इस कार्रवाई से सचिव संवर्ग नाराज, आर-पार जंग की चेतावनी**



बाराबंकी। पूरे डलई विकास खंड में ग्राम पंचायत चंदामऊ की कहानी इन दिनों सुर्खियों में है। मामला मनरेगा के कामकाज को लेकर दर्ज एफआईआर का है लेकिन दिलचस्प मोड़ यह है कि सचिव और तकनीकी सहायकों का पक्ष सुने बिना ही मुकदमा ठोंक दिया गया। अब सचिव समाज ने इसे राजनीतिक द्वेष की उपज बताते हुए सरकारी कामकाज से किनारा कर लिया है। और हो भी क्यों न जब कलम तो चलानी है लेकिन सिर हमेशा ब्लेड के नीचे ही रहेगा, तो व्यवस्था की सांसें फूलना लाजमी है।

जैसे ही आईजीआरएस पर शिकायत आई, खंड विकास अधिकारी ने मानो अपने भीतर के सुपरकॉप को सक्रिय कर दिया। आमतौर पर ऐसी शिकायतें फाइलों में धूल फांकती हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ ज्यादा ही तेज़ी से दौड़ा-इतनी तेज़ी, कि सचिवों और तकनीकी सहायकों को लगा जैसे जांच नहीं, स्क्रिप्टेड फिल्म चल रही हो। टीम बनाई गई- इंद्रेश कुमार शुक्ला, हरिकेश और सुमित मौर्य को जांच का 'गब्बर सिंह' नियुक्त किया गया। ये पहुँचे और नापजोख शुरू हुई, आंकड़े उछले और निष्कर्ष निकला कि लाखों की रिकवरी बनती है। मतलब यह कि मजदूरों के खाते में पैसा गया, काम आधा हुआ और डोंगल खंड विकास अधिकारी का लगा। अब सवाल यह है-अगर भ्रष्टाचार हुआ तो क्या केवल सचिव और तकनीकी सहायक ही इस फिल्म के विलेन हैं? मुख्य अभिनेता तो अभी स्क्रीन पर आए ही नहीं! जून 2020 के आदेश के मुताबिक अगर माप पुस्तिका में गड़बड़ी है तो जिम्मेदारी तकनीकी सहायक की मानी जाएगी। लेकिन यहां तो सचिव और प्रधान पर ही गंदी नजर डाल दी गई। बिना पक्ष सुने सीधे एफआईआर क्या यही है पारदर्शी शासन का नया फार्मूला? सचिवों और तकनीकी सहायकों ने अब बीडीओ को ज्ञापन देकर साफ कहा है कि ऐसे काम नहीं हो पाएगा । उधर कर्मचारी दबी जुबान से कहे रहे है पहले ''खंड विकास अधिकारी मॉडल'' की जांच हो, फिर छोटे कर्मियों की बारी आए। वरना यह व्यवस्था नहीं, बलि प्रथा कहलाएगी।प्रश्न बड़ा सरल है, जवाब सबको मालूम है क्या मनरेगा में भ्रष्टाचार केवल सचिव की कलम से होता है? या फिर मंजूरी की मुहर कहीं और से लगती है? व्यवस्था का पहिया तभी संतुलित चलेगा जब गाड़ी के आगे बैठे चालक की भी जांच हो सिर्फ पीछे की सीट पर बैठे कर्मचारियों की नहीं।

# कल 301 दिव्यांगजन को नि:शुल्क लगाए जाएंगे 462 कृत्रिम अंग व कैलिपर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रविवार को लखनऊ में निःशुल्क नारायण कृत्रिम अंग एवं कैलिपर फिटमेंट शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर नारायण सेवा संस्थान तथा मेक अ चेंज फ़ाउंडेशन यूके और श्री स्वामीनारायण मंदिर, विल्सडेन, यूके के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। इन संस्थाओं का सहयोग मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर मिलता रहा है। संस्थान के सहयोगी बनकर ये संस्थाएँ दिव्यांगों के जीवन उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में शिविर प्रभारी हरि प्रसाद लड्ढा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर केवल पूर्व चयनित लाभार्थियों को ही कृत्रिम अंग व कैलिपर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 146 दिव्यांगजनों को 164 कृत्रिम अंग तथा 155 दिव्यांगजनों को 298 कैलिपर लगाए जाएंगे। ये सभी लाभार्थी 13 जुलाई को आयोजित निःशुल्क नारायण माप शिविर में चयनित हुए थे। कृत्रिम अंगों के सहारे वे एक बार फिर चलने-फिरने और सम्मानपूर्ण जीवन की ओर कदम बढ़ाएंगे। पिछले 40 वर्षों से नारायण सेवा संस्थान भारत ही नहीं बल्कि केन्या, युगांडा, मेरू, तंज़ानिया और नेपाल जैसे देशों में भी दिव्यांगजनों की सेवा कर रहा है। प्रतिमाह लगभग 1,800 कृत्रिम अंग निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

लखनऊ में यह शिविर उन लोगों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है, जो कभी दुर्घटनाओं के बाद अपने परिवार पर बोझ महसूस करते थे। अब जर्मन तकनीक से निर्मित नारायण कृत्रिम अंगों की सहायता से वे फिर से अपने पैरों पर खड़े होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होंगे।

शिविर की गरिमा बढ़ाने हेतु दानदाताओं, गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है। लाभार्थियों को निःशुल्क भोजन और फिटमेंट के बाद चलने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पहले लाभान्वित हो चुके दिव्यांगजन भी इस शिविर में आकर अपने अनुभव साझा करेंगे और नव-लाभार्थियों को प्रेरित करेंगे। यह शिविर केवल कृत्रिम अंग वितरण का आयोजन नहीं है – यह आशा, गतिशीलता और आत्मनिर्भरता का उत्सव है। यह उन मुस्कानों की कहानी है जो कभी ठहर गई थीं, पर अब फिर से दौड़ने को तैयार हैं।

# छात्राओं से टॉयलेट साफ कराने वाली वार्डन बर्खास्त, सही मिले आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। छात्राओं से टॉयलेट साफ कराने के गंभीर आरोपों में घिरी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन सुधा यादव को आखिरकार बर्खास्त कर दिया गया। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी की तरफ से यह कार्रवाई बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश के प्रस्ताव के आधार पर की गई है। साथ ही विद्यालय में नई वार्डन और शिक्षिकाओं की तैनाती को भी हरी झंडी दी गई है।

एक दिन पूर्व गुरुवार को बीएसए ने वार्डन की बर्खास्तगी की फाइल जिलाधिकारी के सामने पेश की थी। इससे पहले वार्डन सुधा यादव ने अपना पक्ष लिखित में रखा था, लेकिन बीएसए की रिपोर्ट में उनके जवाब असंतोषजनक पाया गया। जिसके बाद डीएम ने अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम की अध्यक्षता में बनी तीन सदस्यीय जांच कमेटी (एडीएम, एसीएम शिप्रा पाल और एआर कोऑपरेटिव वैशाली सिंह) की रिपोर्ट का संज्ञान लिया। कमेटी ने 43 छात्राओं के बयान और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में छात्राओं के आरोपों को सही ठहराया। छात्राओं ने बताया कि वार्डन उनसे टॉयलेट साफ करवाती थीं, हॉस्टल और स्कूल में झाड़ू-पोंछा लगवाती थीं। विरोध करने पर मारपीट और धमकी दी जाती थी कि शिकायत करने पर स्कूल से निकाल दिया जाएगा। डीएम के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) ने वार्डन सुधा यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं, खुजौली स्थित अपर प्राइमरी स्कूल की दो शिक्षिकाओं को तत्काल प्रभाव से कस्तूरबा विद्यालय में तैनात किया गया है, ताकि छात्राओं की पढ़ाई और हॉस्टल संचालन पर असर न पड़े। डीएम विशाख जी ने कहा कि छात्राओं के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

# कल्कि महोत्सव सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक : एके शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आज जनपद संभल में आयोजित भव्य कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव 2025 में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है बल्कि विकास, स्वच्छता और जनभागीदारी के नए युग की शुरुआत का संदेश भी देता है।इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से नगर विकास एवं ऊर्ज़ा विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के अंतर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति,नाली निर्माण, पेयजल पाइपलाइन, स्ट्रीट लाइट, एवं स्वच्छता से जुड़ी अधोसंरचना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से संभल जिले के नागरिकों को निर्बाध बिजली, बेहतर



स्वच्छता व्यवस्था और शहरी सुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी।

मंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर 'जीरो वेस्ट' पर आधारित संभल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव 2025 के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश में स्वच्छता और सतत विकास की दिशा में नई सोच को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने बताया कि जीरो वेस्ट महोत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यक्रम से निकलने वाला कोई भी अपशिष्ट पुनर्चक्रण या पुनः उपयोग से बाहर न जाए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान को केवल सरकारी नहीं बल्कि जनआंदोलन के रूप में अपनाएं।इस दौरान नगर विकास मंत्री ने नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत क्रय किए गए स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी भी दिखाई।

# वाराणसी नगर निगम का पुनरीक्षित बजट पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरिक्षित बजट पारित किया गया। कार्यकारिणी समिति ने 1394 करोड़ का पुनरिक्षित बजट पारित किया गया जो मूल बजट से 112.34 करोड़ की वृद्धि की गयी, तथा जलकल विभाग का रु0 251 करोड़ का पुनरिक्षित बजट पारित किया गया जो मूल बजट से 2.70 करोड़ की वृद्धि की गयी। आज बैठक में पुनरिक्षित मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला के द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया। बैठक में आय मद में स्टाम्प ड्यूटी से आय रु0 15 करोड़ से बढ़ाकर रु0 30 करोड़ किया गया, दुकानों से किराया रु0 7 करोड़ से बढ़ाकर रु0 8 करोड़ किया गया, दुकानदारों के नियमितकरण शुल्क को रु0 1 लाख से बढ़ाकर रु0 10 लाख किया गया, पार्किंग शुल्क रु0 1.5 करोड़ से बढ़ाकर रु0 2 करोड़ किया गया, सड़क क्षति वसूली रु0 4 करोड़ से बढ़ाकर रु0 6 करोड़ किया गया, विविध आय में रु0 10 लाख से



बढ़ाकर रु0 15 लाख किया गया, 14वॉ वित्त आयोग से आय में रु0 4 करोड़ से बढ़ाकर रु0 5.25 करोड़ का किया गया, पहली बार बजट में निर्धारित ''मेट्रोपालिटन पब्लिक हेल्थ सर्विलांस यूनिट का का अलग बजट निर्धारित किया गया है, जिसमें रु0 5 करोड़ का प्राविधान किया गया, दुकानों की जमानत धनराशि में रु0 1 लाख से बढ़ाकर रु0 10 लाख किया गया तथा सम्पत्ति कर में रु0 110 करोड़ से वृद्धि करते हुये रु0 125 करोड़ निर्धारित किया गया। इस प्रकार कुल रु0 1394 करोड़ का पुनरिक्षित बजट पारित किया गया। इसी प्रकार जलकल विभाग का रु0 251 करोड़ का पुनरिक्षित बजट पारित किया गया जो मूल बजट से 2.70 करोड़ की वृद्धि की गयी। बैठक में डोर टू डोर कूड़ा उठान करने वाली कम्पनी वाराणसी वेस्ट सोल्यूशन के द्वारा भवन स्वामियों को विगत कई वर्षो से यूजर चार्ज का बिल भेजा जा रहा है, जिससे भवन स्वामियों के द्वारा आये दिन शिकायतें की जाती हैं, इस सम्बन्ध में मा0 महापौर के द्वारा निर्देशित किया गया कि दिनांक-01 अप्रैल 2025 से ही भवन स्वामियों को यूजर चार्ज का भुगतान करने हेतु कहा गया गया तथा कम्पनी को निर्देशित किया गया। साथ ही डोर टू डोर कूड़ा उठान हेतु पूर्व में निर्धारित किये गये मासिक लक्ष्य रु0 28 करोड़ के सापेक्ष कम्पनी के द्वारा यूजर चार्ज की वसूली नही की जा रही है, इस सम्बन्ध में गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी को आदेशित किया गया कि यूजर चार्ज के मद में की जा रही वसूली का कटौती कर समायोजन किया जाय। मा0 महापौर के द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर निगम सीमान्तर्गत सभी बीयर, शराब, माडल शाप आदि की शत प्रतिशत दुकानों का सर्वे कर उनकी संख्या, अभी तक इनके कितनी दुकानों से शुल्क जमा कराया गया है तथा कितने दुकानों का शुल्क अभी अदेय है, का विवरण प्राप्त कर अगली कार्यकारिणी में प्रस्तुत किया जाय। मा0 महापौर के द्वारा मनोरंजन कर विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये सिनेमाघरों से मासिक शुल्क वसूली हेतु निर्देशित किया गया। मा0 महापौर के द्वारा बिजली विभाग के भवनों, कार्यालयों को कर निर्धारण करने हेतु सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# लखनऊ समेत छह जिलों में होगा समन्वित विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के स्टेट कैपिटल रीजन (यू.पी.एस.सी.आर.) के तहत अब प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित छह जिलों के विकास की दिशा तय होगी। इसी क्रम में लखनऊ में एक सेंट्रल म्यूजियम स्थापित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के प्रमुख पर्यटक स्थलों के एआई जनरेटेड थ्री-डी विजुअल्स प्रदर्शित किए जाएंगे। इन विजुअल्स के माध्यम से पर्यटक स्थलों के इतिहास और सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी दी जाएगी। यह पहल प्रदेश के पर्यटन को नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। एलडीए के पारिजात सभागार में शुक्रवार को एससीआर के रीजनल प्लान की सर्वे रिपोर्ट का प्रेजेंटेशन किया गया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम और मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कंसल्टेंट मौजूद रहे। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि यू.पी.एस.सी.आर. के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने की जिम्मेदारी एईकॉम इंडिया प्रा.लि. और एजीस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्रा.लि. के कंसोर्टियम को दी गई है। कंसल्टेंट कंपनी एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार करेगी और अगले पांच वर्षों में योजनाओं की डीपीआर बनाकर उन्हें जमीनी स्तर पर लागू कराएगी। इस क्षेत्रीय योजना में लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और रायबरेली जनपद शामिल हैं। लगभग 26,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले इस रीजन में आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास को समग्र रूप से गति देने का लक्ष्य रखा गया है। कंसल्टेंट टीम की रिपोर्ट के अनुसार, लखनऊ इस क्षेत्र का सबसे विकसित जनपद है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग व्यवसाय, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए आते हैं। अब आसपास के जनपदों में समानांतर विकास से निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा गांवों में भी शहरी सुविधाएं पहुंचेंगी। हाई-स्पीड रेल और रोड कनेक्टिविटी से माइग्रेशन में कमी आएगी और आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में प्रतिवर्ष लगभग 16 करोड़ पर्यटक आ रहे हैं। इन्हें लखनऊ और अन्य एससीआर जनपदों से जोड़ने के लिए विस्तृत योजना तैयार की जानी चाहिए। साथ ही सीतापुर और हरदोई रोड पर कृषि आधारित उद्योगों का हब विकसित करने की रूपरेखा बनाई जा रही है, जिससे स्थानीय किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि छह जनपदों में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इससे औद्योगिक और व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रीजन के विकास से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा और गति मिलेगी।

# दुबग्गा परिसर में पटाखा व्यापारियों की बैठक, सुरक्षा और नियमों पर दिए गए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दीपावली पर्व को देखते हुए थाना दुबग्गा परिसर में पटाखा मंडी के लाइसेंसधारी व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) ने की, जबकि अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) भी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने पटाखों की बिक्री से जुड़े लाइसेंस नियमों, सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की। सभी व्यापारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने लाइसेंस की वैधता सुनिश्चित करें तथा भंडारण केवल अधिकृत स्थानों पर ही करें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दुकानों में विद्युत कनेक्शन नहीं रखा जाए। और सभी विक्रेता फायर एक्सटिंग्विशर अनिवार्य रूप से रखें। ताकि किसी भी आकस्मिक घटना से बचा जा सके। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि अवैध भंडारण या बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्रीन पटाखों की बिक्री को प्रोत्साहित करने और धूम्रपान या खुली आग के प्रयोग से बचने की अपील की गई। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि सभी व्यापारी नियमों का पालन करें, ताकि दीपावली पर्व सुरक्षित, शांतिपूर्ण और आनंदमय तरीके से मनाया जा सके।

# युगतुलसी श्री रामकथा समिति गोसाईगंज द्वारा आज से श्री रामकथा का शुभारंभ

## गोसाईगंज धाम, लखनऊ में भक्ति और अध्यात्म का होगा महापर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज धाम स्थित युग तुलसी श्री रामकथा समिति के सौजन्य से शिशु मंदिर इंटर कालेज में इस वर्ष भी परम पावन श्री रामकथा ज्ञान महायज्ञ ( बाइसवां अनुष्ठान) का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक भव्य रूप से संपन्न होगा। श्री रामकथा अनुरागी बंधुओं के सहयोग और श्री सीताराम जी की असीम कृपा से इस वर्ष भी भक्तिमय माहौल में रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वेदांताचार्य, पूज्यपाद पं0 रामकिंकर उपाध्याय जी महाराज के पट्ट शिष्य मानस मर्मज्ञ पूज्यपाद पं. उमाशंकर ॠव्यास जीॠ महाराज द्वारा श्री रामकथा का दिव्य वाचन गोसाईगंज स्थित शिशु मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में सायं 7 बजे से 9:30 बजे तक किया जाएगा। पूरे आयोजन के दौरान कथा के साथ भजन, संकीर्तन, आरती और अध्यात्मिक प्रवचन से वातावरण राममय रहेगा। यह कथा श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर बनने जा रही है। कार्यक्रम के अनुप्रेरक व समिति के संरक्षक नागेश कुमार व आयोजक कृपा शंकर उर्फ प्रशांत त्रिपाठी है। संरक्षक नागेश कुमार ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रेरणास्रोत भी बनेगा।

# धरतीपुत्र को नमन, समाजवादियों ने लिया अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**श्रद्धांजलि सभा में समाजवादी पार्टी के विंदौवा कार्यालय पर उमड़ा जनसैलाब**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, किसानों और गरीबों के मसीहा धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर विंदौवा स्थित सपा कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने किया, जबकि अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की। नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाजवादियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का सामूहिक संकल्प दोहराया। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि नेताजी ने राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि सेवा और संघर्ष का माध्यम बनाया। वे हमेशा दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अमर पाल सिंह ने नेताजी से जुड़ा प्रेरक प्रसंग सुनाया – जब आर्थिक तंगी के बावजूद नेताजी ने ईमानदारी से चुंगी कर चुकाने का वादा किया और मुख्यमंत्री बनने के बाद चुंगी समाप्त कर किसानों से किया वादा निभाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव (अधिवक्ता सभा) श्रवण कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि संतोष रावत, राम सनेही यादव, अरुण यादव, विजय यादव, नवनीत सिंह, जितेन्द्र यादव (बाबू), राज किशोर रावत (राजू)?, हरिशंकर सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निगोहां पुलिस ने दो शातिर बैटरी चोरों को किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। लगातार बढ़ रही बैटरी चोरी की घटनाओं के बीच निगोहां पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की बैटरियां बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार को मीरख नगर ग्राम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फूलचंद यादव ने सूचना दी कि उनके ट्रैक्टर और गौशाला से लाल और सफ़ेद रंग की बैटरियां चोरी हो गई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज, मुखबिरों और सर्विलांस की मदद से आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात स्वीकार की। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया है। निगोहां पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में बैटरी चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर बलरामपुर चिकित्सालय में गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ में आज एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, जागरूकता एवं रोकथाम पर विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।ग कार्यक्रम में डॉ. पी. के. श्रीवास्तव, मनोचिकित्सक ने मानसिक रोगों के लक्षण, कारण एवं उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. अभय, मनोचिकित्सक ने तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के उपाय बताए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा कि आधुनिकजीवन शैली, तनाव और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि मानसिक समस्या को छिपाने के बजाय विशेषज्ञ से परामर्श लें। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है, तथा हर व्यक्ति को अपनी मानसिक स्थिति के प्रति सजग रहना चाहिए।निदेशक डॉ. कविता आर्या ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दिशा में निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम में चिकित्सालय के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मरीजों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## नगराम पुलिस का ऑपरेशन 'प्रहार' : अवैध पटाखों पर बड़ी कार्रवाई

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । त्योहारी सीजन में अवैध पटाखों पर अंकुश लगाने के लिए थाना नगराम पुलिस ने एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में 'ऑपरेशन प्रहार' चलाया। लगभग 70 पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 10 घरों की तलाशी ली गई और तीन संदिग्धों के कब्जे से लाइटर पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने अवैध पटाखों के निर्माण और बिक्री के ठिकानों पर भी छापेमारी की। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि अभियान जारी रहेगा और अपराधियों के प्रति शून्य सहिष्णुता अपनाई जाएगी।

## 10 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ के प्रयास का मामला, आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

दुबग्गा लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के अंतर्गत एक 10 वर्षीय बालिका के साथ गलत नियत से पीछा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी नाबालिग पुत्री का एक युवक द्वारा अनुचित तरीके से पीछा किया जा रहा था। तहरीर के आधार पर थाना दुबग्गा पुलिस ने मुकदमा संख्या 427/2025 दर्ज कर लिया है। मामले में धारा 78(1) भा.दं.सं., 9ख्र/10 पॉक्सो एक्ट तथा धारा 3(1)(द), (ध) अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## सैय्यद बाबा के मेले में? कल होगा भव्य दंगल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजेगा सलेमपुर अचाका

नगराम (लखनऊ) कैनविज टाइम्स संवाददाता। सलेमपुर अचाका में 11 व 12 अक्टूबर 2025 को सैय्यद बाबा का ऐतिहासिक मेला धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय मेले में भव्य दंगल, क़व्वाली और नौटंकी जैसे आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। भव्य मेले का शुभारंभ 11 अक्टूबर को शाम 7 बजे क़व्वाली के साथ होगा, वहीं 12 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से दंगल का आयोजन किया जाएगा। उसी रात नौटंकी का मंचन भी किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। ग्राम प्रधान विकास पटेल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण परंपराओं और खेलों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने समस्त ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों व पहलवानों से मेले में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## वसीयत के नाम पर जमीन हड़पने की साजिश बेनकाब, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस ने जमीन हड़पने की साजिश रचने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और षड्यंत्र के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखनऊ चिरैया बाग की रहने वाली पीड़िता सुनीता यादव ने थाने में तहरीर दी कि उन्होंने ग्राम उतरावां स्थित गाटा संख्या 1525, रकबा 0.544 हेक्टेयर भूमि बीते सात जुलाई को नगराम के पतौना निवासी अमर बहादुर सिंह से 43 लाख रुपये में खरीदी थी। पीड़िता ने बताया कि इस सौदे में 11 लाख 75 हजार रुपये चेक से व शेष रकम नकद अदा की गई थी। लेकिन दाखिल-खारिज की कार्यवाही शुरू करने पर यह खुलासा हुआ कि अमर बहादुर सिंह व उनके परिवार के लोगों ने बीते 24 जुलाई को वसीयत के आधार पर उसी भूमि को अपने नाम दर्ज करा लिया।आरोप है कि अमर बहादुर सिंह, उनकी पत्नी विमला देवी, गुलबीर सिंह यादव व यशबीर सिंह यादव ने आपस में मिलीभगत कर फर्जीवाड़ा व धोखाधड़ी करते हुए भूमि अपने नाम कर ली और पीड़िता से ली गई धनराशि हड़प ली। वही थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री–धरतीपुत्र की श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, 6 लाजपत राय भवन, कैसरबाग लखनऊ पर समाजवादी पार्टी के संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धेय नेता के विचारों, समाजवादी नीतियों एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय नेता जी का जन्म 22 नवम्बर 1939 को इटावा जिले के सैफई गॉव में हुआ था, एक साधारण किसान परिवार मे जन्म लेने वाले नेता जी ने अपना राजनैतिक जीवन उत्तर प्रदेश में विधायक के रूप में शुरू किया था। 1992 में उन्होंने समाजवादी पार्टी की स्थापना की। 1996 में नेता जी ग्यारहवीं लोकसभा के लिए मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से चुने गये और साथ ही देश के रक्षा मंत्री भी रहे। श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव ने अपने बुलन्द हौसलों एवं ईमानदारी से समाजवादी पार्टी को प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बनाया और 3 बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए जनहित में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। श्रद्धेय नेता जी देश के रक्षामंत्री के पद पर भी रहे। श्रद्धेय नेता जी के बताये रास्ते पर चलकर हम सभी 2027 में समाजवादी सरकार बनाकर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनायेंगे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री इंसराम अली, सलाउद्दीन सिद्दीकी, प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल के साथ सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निगोहां में महिलाओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया करवा चौथ



निगोहां , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां क्षेत्र में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का पर्व बड़े उत्साह और भक्ति के साथ मनाया। महिलाओं ने सुबह से निर्जला व्रत रखा और दिनभर भगवान शिव, माता पार्वती व चंद्रदेव की पूजा-अर्चना की। शाम को चांद निकलने के साथ ही उन्होंने अर्घ्य देकर व्रत खोला और अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। दखिना शेषपुर मीरख नगर, करनपुर, उतरावां, रामपुर गढ़ी जमुनी सहित क्षेत्र के गांवों में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पूजा में शामिल हुईं। कई स्थानों पर सामूहिक व्रत कथा सुनाई गई और मंगलगीत गाए गए। दखिना शेषपुर निवासी किरन तिवारी समेत स्थानीय महिलाओं ने बताया कि करवा चौथ केवल व्रत नहीं, बल्कि पति-पत्नी के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। बाजारों में भी रौनक रही, जहां ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, साड़ी और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखी गई।

# भ्रष्ट तंत्र ने करवा चौथ की आस्था को रौंदा,मनरेगा महिला मजदूर बेहोश, प्रधान और रोजगार सेवक बने निर्दयी दर्शक

**विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर भारत को मुंह चिढ़ा रहे प्रधान उमरा कला व लखुवाबेहड़**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सांडा, सीतापुर। विकसित राष्ट्र के सपनों को चकनाचूर कर देने वाली तस्वीर आज सीतापुर के सकरन ब्लॉक में देखने को मिली, जहां मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना भी संवेदनहीनता और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।करवा चौथ जैसे पवित्र उपवास के दिन जब महिलाएं व्रत रखकर अपने परिवार की लंबी उम्र की कामना कर रही थीं, उसी दिन गरीबी और मजबूरी ने उन्हें मिट्टी में लोटने को मजबूर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसारग्राम उमरा कला में नरेगा कार्यस्थल पर बंधा पटाई व चकबंध पटाई का कार्य कर रहीं कुछ महिला मजदूरें भूख-प्यास से बेहोश होकर गिर पड़ीं, वहीं ग्राम लखुवा बेहड़ में भी महिलाएं तड़पती रहीं और कोई सुध लेने वाला नहीं था।आसपास काम कर रहे पुरुष मजदूरों ने मानवता दिखाते हुए सभी को तत्काल सकरन के निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। लेकिन वहां इलाज के बजाय रोजगार सेवक ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया।इससे भी बड़ी शर्मनाक घटना तब घटी जब ग्राम प्रधान लखुवा बेहड़ ने इलाज के लिए ले जाने वाले मजदूरों को अपमानित करते हुए हाजिरी काटने की धमकी दे डाली।अब उमरा कला में बारिश बाढ़ के बीच बन रहे बंधा की क्या है असल हकीकत जहां 97 मनरेगा मजदूर व लखुवा बेहड़ में 60 चकबंध पटाई कार्य कर रहे पर एन एम एम एस में कुछ और ही नजर आ रहा।सूत्रों के मुताबिक, दोनों ग्राम पंचायतों उमरा कला व लखुवा बेहड़ में लंबे समय से मनरेगा कार्यों में धांधली, मजदूरों से जबरन काम करवाना, भुगतान में देरी और रोजगार सेवक-प्रधान की मिलीभगत की शिकायतें उठती रही हैं, लेकिन विभागीय अफसरों ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया।

### अहम सवाल

क्या यही है विकसित भारत की तस्वीर, जहां करवा चौथ जैसे पावन दिन पर महिलाएं भूख से बेहोश हो जाएं और शासन-प्रशासन मौन रहे।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस मामले में जब अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विकास श्रीवास्तव से वार्ता की गई तो बताया गया कि आज व्रत की समय महिलाओं को काम पर लगाना ही नहीं था अभी हम प्रधानों से बात करते हैं।*जनता पूछ रही है मनरेगा नहीं, अब तो 'मजदूर रुला योजना' बन चुकी है।

## धान की सीधी बुवाई पर कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में भव्य प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

सीतापुर। धान की सीधी बुवाई (DSR) तकनीक को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर द्वारा एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना व परिषद गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। परिसर में किसानों का उत्साह सीधी बिजाई तकनीक को लेकर दिखाई दिया। कृषि यंत्रों, बीज पैकेटों, प्रदर्शन प्लॉटों और तकनीकी पोस्टरों की प्रदर्शनी ने आयोजन को शिक्षाप्रद बना दिया।डॉ. दया एस. श्रीवास्तव, अध्यक्षता करते हुए कहा कि ल्लकृषि अब केवल परंपरा नहीं बल्कि विज्ञान बन चुकी है। यदि किसान वैज्ञानिक तरीके से खेत तैयार करें, फसल का पोषण संतुलित रखें और खरपतवार नियंत्रण करें तो उपज में 20ऽ25% की वृद्धि निश्चित है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम किसानों के बीच जागरूकता फैलाने का सर्वोत्तम माध्यम हैं।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शिशिर कांत सिंह, शस्य वैज्ञानिक, ने कहा कि धान की सीधी बुवाई (DSR) तकनीक आज की जलवायु परिस्थितियों में कृषि का भविष्य है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बुवाई से खेत की तैयारी में समय और लागत दोनों की बचत होती है।

# अधिकांश धान क्रय केंद्रों पर खरीद ठप औने-पौने दाम पर किसान बेच रहे धान

**सरकार के दावों की खुली पोलफर्जीवाड़े की शिकायत मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री पोर्टल पर, किसान नेता नवल किशोर मिश्रा ने मांगी जांच**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद के अधिकांश धान क्रय केंद्रों पर इस वर्ष भी खरीद प्रक्रिया ठप पड़ी है। धान क्रय केंद्रों पर तौल न होने से परेशान किसान मजबूरी में अपना धान गल्ला मंडी में 1500-1600 रुपये प्रति कुन्टल के भाव पर बेचने को विवश हैं, जबकि सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 प्रति कुन्टल घोषित किया है। किसान संगठनों द्वारा लगातार ज्ञापन दिए जाने के बावजूद विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं।महोली क्षेत्र में कई दिनों से किसान अपनी ट्रालियों में धान भरकर केंद्रों पर खड़े हैं, लेकिन न तो तौल हो रही है और न ही कागजों का सत्यापन। किसानों का कहना है कि सत्यापन के नाम पर केवल टालमटोल की जा रही है, जबकि असल में क्रय केंद्रों पर सत्ता संरक्षण प्राप्त लोगों का कब्जा है।किसान हितैषी होने का दावा करने वाली पार्टियां भी इस गंभीर समस्या पर मौन हैं। आज़ाद अधिकार सेना एवं ऑल इंडिया जन आंदोलन सहारा संघर्ष न्याय मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने इस पूरे मामले का विवरण मुख्यमंत्री पोर्टल, प्रधानमंत्री पोर्टल और ईमेल के माध्यम से भेजकर जांच की मांग की है।उन्होंने आरोप लगाया कि डिप्टी आरएमओ द्वारा अब तक धान क्रय केंद्रों की सूची सार्वजनिक नहीं की गई, जिससे पारदर्शिता खत्म हो गई है। किसानों का कहना है कि आज़ादी के दशकों बाद भी उन्हें अपनी फसल का लागत मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस फर्जीवाड़े पर कब कार्रवाई करती है या फिर किसान इसी तरह अपनी मेहनत की फसल सस्ते में बेचने को मजबूर रहेंगे।

# स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई ने फिर खोली भ्रष्टाचार की पोल, झोलाछाप डॉक्टरों का खुला राज

**मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़ कस्बा सांडा,सकरन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक फैला हुआ है झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़जाल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सकरन, सीतापुर। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर शासन की लाख सख्त हिदायतों के बावजूद सकरन क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का साम्राज्य फल-फूल रहा है। स्वास्थ्य महकमा मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे गरीब और अनजान मरीजों की जान के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है।क्षेत्र में मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध क्लीनिकों का जाल बिछा हुआ है।शाहपुर में हसीब मेडिकल स्टोर संचालक, गोड़ियन पुरवा में जनता मेडिकल स्टोर, और सांडा बाजार में डॉ. नबी अहमद खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं बिना किसी मान्यता, बिना रजिस्ट्रेशन और बिना योग्य डिग्री केयह अवैध चिकित्सकीय कारोबार स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे लगातार चल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महकमा चुप्पी साधे बैठा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि कई बार अवैध इलाज के चलते मरीजों की तबीयत गंभीर हो चुकी है, पर विभागीय अमला रस्मी जांच कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है।नवागत सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा के लिए यह सब सिरदर्द बन चुका है, क्योंकि विभाग के भीतर ही कुछ कर्मचारियों पर झोलाछापों को संरक्षण देने के आरोप लग रहे हैं।

अब जनता पूछ रही है सवाल

-कब तक ऐसे नकली डॉक्टर गरीबों की लाशों पर अपने क्लीनिक चलाते रहेंगे।

-क्या स्वास्थ्य विभाग सिर्फ कागजी जांच कर लीपापोती करेगा या असली कार्रवाई भी होगी।

-अगर शासन ने अब भी सख्त कदम नहीं उठाए, तो यह ''सकरन नहीं मौत का सौदा बाजार'' कहलाएगा।

-जनता की मांग डॉ. नबी, डॉ. हसीब और जनता मेडिकल स्टोर संचालक पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर क्लीनिक सील किए जाएं।

### क्या बोले सीएचसी अधीक्षक

इस संदर्भ में जब सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आनंद मित्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिक, नार्सिंग होम, मेडिकल स्टोर संचालकों पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी

## विज्ञान शिक्षकों का कंप्यूटर प्रशिक्षण संपन्न

सीतापुर । राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा जनपद सीतापुर से अपने विषय में पारंगत 10 उच्च प्राथमिक स्तर के विज्ञान शिक्षकों का कंप्यूटर विषय में प्रशिक्षण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कंप्यूटर की प्रारंभिक अवधारणा , वर्ड प्रोसेसिंग ,स्प्रेडशीट फॉर टीचर्स, प्रेजेंटेशन एंड डिजिटल क्रिएटिविटी, इंटरनेट एंड ऑनलाइन रिसर्च, कम्युनिकेशन एंड कॉरपोरेशन टूल्स, डिजिटल सिटीजनशिप , कंप्यूटर थिंकिंग, स्क्रैच प्रोग्रामिंग ,पाइथन प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, तथा डाटा मैनेजमेंट एंड शोकेस सहित कुल 12 यूनिट के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की उच्च गुणवत्ता एवं प्रबंधन की शिक्षकों द्वारा प्रशंसा की गई एवं संकल्प लिया गया कि प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोग विद्यालय में बच्चों की शिक्षण में किया जाएगा। प्रशिक्षण में हरगांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर से रोहित कुमार शुक्ला एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रीछिन से गौरव प्रजापति, रेउसा के बुर्रा से दिनेश कुमार, मिश्रिख के रामपुर भेड़ा से नवीन शुक्ला, खैराबाद के चिलवारा से मनीष पांडे समेत अन्य लोग शामिल थे।

# बिना लाइसेंस अवैध पटाखा रखने के अपराध में अभियुक्त गिरफ्तार

**अवैध पटाखा कारोबार का भंडाफोड़, थाना बिसवां पुलिस की सतर्कता से पकड़ा गया अवैध पटाखा कारोबारी**

**गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने 32 गत्ते पटाखे बरामद किये है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत सघन चेकिंग एवम् अवैध कृत्यो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के नेतृत्व में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त रईस पुत्र स्व0 मंहगू निवासी मोहल्ला मिल्की टोला कस्बा थाना बिसवां जनपद सीतापुर को आर0के0 ग्रांड होटल के पीछे बंद पड़ी दुकान में से अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा बिना लाइसेंस के अवैध विस्फोटक सामग्री बेचने का व्यापार किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध मु0अ0सं0 480/25 धारा 5/9ख/(2) विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# विलोबी ग्राउंड में गूंजा स्वदेशी का जयघोष शुरू हुआ 'यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025

**स्वदेशी अपनाएं, राष्ट्र को मजबूत बनाएं: एमएलसी पवन सिंह चौहान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । शुक्रवार दोपहर विलोबी ग्राउंड देशी रंगों और उत्साह से सराबोर नजर आया। ल्लयूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025ङ्क का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और जयघोष के बीच हुआ। उप्र विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक सदर योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार व प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे के साथ फीता काटकर और दीप जलाकर मेले का उद्घाटन किया। पूरा मैदान स्वदेशी उत्पादों, हस्तशिल्प और लोक संस्कृति की झलक से भर उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप्र विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि स्वदेशी सिर्फ खरीदारी नहीं, यह आत्मसम्मान का संकल्प है। हर नागरिक को स्वदेशी उत्पाद अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के साथ खड़ी है। उन्होंने स्वरोजगार और स्वदेशी उद्यमों को बढ़ावा देने का मंत्र देते हुए कहा कि यही भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगा। सरकार ने निर्बल वर्ग को सशक्त करने के लिए जीएसटी दरों में कमी की है, जिससे छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिली है।एमएलसी ने कहा कि प्रदेश अब भ्रष्टाचार और गुंडाराज से मुक्त हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और निवेशकों का भरोसा लौटा है। आज प्रदेश में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हो रहे हैं और इससे रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।एमएलसी ने प्रशासन से अपील की कि लुप्त हो चुके पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। खीरी की धरती में अपार संभावनाएं हैं। एमएलसी ने घोषणा की कि एसआर ग्रुप के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे। जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि खीरी में जिस तरह प्रशासनिक टीम काम कर रही है, वह पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण है। स्वदेशी की चर्चा हर घर में होनी चाहिए, तभी जिला, प्रदेश और देश सशक्त बनेगा।*स्वदेशी स्टालों पर उमड़ी भीड़, एमएलसी ने खुद की खरीदारी*उद्घाटन के बाद एमएलसी पवन सिंह चौहान ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों संग मेले में लगे करीब 50 स्टालों का अवलोकन किया।इन स्टालों पर विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय हस्तशिल्पियों और एमएसएमई इकाइयों ने अपने उत्पादों की झलक पेश की।

# सफाई कर्मी को चप्पल से पीटने का मामला गरमाया, सभासद पति पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका के सफाई कर्मियों में आज भारी आक्रोश देखने को मिला। सफाई कर्मचारियों ने सदर कोतवाली का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। मामला उस वक्त तूल पकड़ गया जब शहर के मोहल्ला ईदगाह की महिला सभासद के पति संदीप वर्मा पर एक सफाई कर्मचारी को चप्पल से मारने का आरोप लगा।घटना के विरोध में बड़ी संख्या में पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने कोतवाली के बाहर नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पुलिस प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए बल तैनात किया और कर्मचारियों को विलोबी हॉल की ओर डायवर्ट किया गया। जहां सफाई कर्मचारी धरने पर बैठ गए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे।सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, पुलिस ने आरोपी संदीप वर्मा के खिलाफ सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, घटना के बाद से नगर पालिका के कामकाज पर भी असर पड़ा है, कई क्षेत्रों में सफाई कार्य ठप हो गया है।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा – ''हमसे रोजाना शहर की सफाई करवाई जाती है, लेकिन जब हमारे सम्मान पर हमला होता है तो अधिकारी चुप रहते हैं। अब आवाज उठेगी तो कार्रवाई भी करनी पड़ेगी।''

## पराली न जलाएं, समाधान अपनाएं, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जागरूकता गोष्ठी

**फसल अवशेष से बनेगी खाद, नहीं उठेगा धुआँ, सीतापुर में पराली प्रबंधन पर जोर**

**किसानों से अपील – पराली न जलाएं, मिट्टी की सेहत बचाएं**

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में पराली/गन्ना पत्ती/फसल प्रबन्धन हेतु जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसमें अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला समन्वयक मनरेगा, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी तथा गन्ना व उधान विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कम्बाइन हार्वेस्टिंग मशीन के मालिकों तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुये किसान भाइयों ने प्रतिभाग किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जिसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में किसानों को सफल प्रबंधन के विषय में जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के कृषि वैज्ञानिक द्वारा विभिन्न विधियों जैसे डिकम्पोजर द्वारा फसल अवशेष को सड़ाकर, मलचिंग विधि द्वारा फसल अवशेष को मिट्टी में मिलाकर, वर्मी कम्पोस्ट आदि विधियों के द्वारा किसान भाइयों को पराली/गन्ना पत्ती तथा फसल प्रबन्धन के बारे में विस्तार से समझाया गया।ज्येष्ठ गन्ना पर्वेक्षक द्वारा किसान भाइयों को अवगत कराया गया कि जनपद में स्थापित 07 गन्ना समितियों के पास गन्ना की पत्तियों को छोट-छोटे टुकड़ों में काटने वाली मशीन उपलब्ध है, जो बहुत ही न्यूनतम दर के किराये पर किसान भाइ प्राप्त कर सकते हैं।उप कृषि निदेशक द्वारा फसल प्रबन्धन से सम्बन्धित विभिन्न कृषि यन्त्रों के बारे में किसान माइयों को विस्तृत रूप में समझाकर किसान भाइयों द्वारा विधियों को अपनाने में आने वाली समस्याओं के बारे में किसानों तथा हार्वेस्टिंग मशीन नालिकों से सुझाव मांगे गये। हार्वेस्टिंग मशीन मालिक द्वारा फसल प्रबन्धन से सम्बन्धित छोटे यन्त्रों का लक्ष्य एवं वितरण बढ़ाये जाने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा किसान भाइयों तथा हार्वेस्टिंग मशीन मालिकों के सुझाव सुनने के उपरान्त निम्न निर्देश दिये गये। किसान भाइयों के खेतों पर फसल कटाई का हार्वेस्टिंग के साथ एस0एम0एस0 मशीन का प्रदर्शन आयोजित कराया जाये ताकि उसके लाभ तथा आने वाली समस्याओं के विषय में विस्तृत तैयारी करायी जा सके। गौशाला में पराली देने पर किसानों को गोबर की खाद दी जाये इस प्रकार के निर्देश सम्बन्धित को निर्गत किये जाये।जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि विशेषकर तहसील महमूदाबाद में आलू के किसान भाइयों के साथ गोष्ठी का आयोजन कराकर पराली/गन्ना पत्ती/फसल प्रबन्धन के बारे में विस्तृत चर्चा करके पराली जलाये जाने की घटनायें शून्य करने का प्रयास किया जाये।अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में कूड़ा एकत्र कर जलाने की घटनाओं को भी रोका जाय।कम्बाइन हार्वेस्टिंग मशीन मालिकों से भी अपील की गयी कि किसानों को समझायें कि वे किसी भी दशा में पराली न जलायें तथा बिना एसएमएस के कम्बाइन महीन किसी भी दशा में न चलायें अन्यथा महीन सीज सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी।लेखपालों गन्ना विभाग के क्षेत्रीयकर्मी, पंचायत तथा विकास विभाग के क्षेत्रीयकर्मी तथा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा कृषकों को निरन्तर जागरूक किया जाये स्थानीय कर्मचारियों की शिथिलता पाये जाने पर कार्यवाही की जाये।जिलाधिकारी ने यह निर्देश भी दिये कि सभी विभागों द्वारा मिलकर काम किया जाये ताकि जनपद में पराली/कूड़ा जलाने की घटनाएं शून्य हो।

# बांकेगंज में रेलवे फाटक पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी जबरदस्त टक्कर, फाटक क्षतिग्रस्त, चालक फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बांकेगंज, खीरी। शुक्रवार दोपहर करीब 11 बजे कुकरा-बांकेगंज मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर एक गंभीर लापरवाही देखने को मिली। बताया जा रहा है कि उस वक्त गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस ट्रेन आने वाली थी, इसलिए फाटक बंद था। तभी तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सीधे रेलवे फाटक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे फाटक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फाटक का एक हिस्सा कई मीटर दूर जा गिरा। घटना के तुरंत बाद चालक मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित फरार हो गया। घटना के चलते ट्रेन संचालन में भी अस्थाई बाधा उत्पन्न हुई और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।स्टेशन मास्टर बांकेगंज ने बताया कि हादसे की जानकारी तत्काल रेलवे के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्षतिग्रस्त फाटक की मरम्मत कार्य के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर आए दिन भारी वाहन नियमों की अनदेखी करते हुए फाटक पार करते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे प्रशासन की लापरवाही और निगरानी की कमी के कारण आए दिन ऐसी घटनाएँ होती रहती हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है।

# महिला सशक्तिकरण के तहत मिशनशक्ति टीमों ने चलाया जागरुकता अभियान

**महिलाओं के आत्म सम्मान व अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने में जुटी सीतापुर पुलिस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत भीड़-भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं के प्रति सुरक्षित वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस को निरंतर गश्त एवम् सघन चेकिंग करते हुए सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवम् अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में जनपदीय एंटी रोमियो टीम द्वारा जीआईसी ग्राउंड में उद्योग मेला व आर्य कन्या विद्यालय रोडवेज,थाना लहरपुर ग्राम मकनपुर, थाना रामपुर मथुरा संत पथिक पब्लिक स्कूल, थाना मछरेहटा टीम ने उमराई देवी मेमोरियल पब्लिक इण्टर कॉलेज ग्राम कुंदौली, थाना संदना के ग्राम खेरिया, थाना इमलिया सुल्तानपुर के मलिकापुर, थाना सिधौली के नेशनल इंटर कॉलेज ब्राइट फ्यूचर सर्वोदय इंटर कॉलेज में, थाना सकरन ग्राम कल्ली, थाना कोतवाली देहात के गंगापुर उमरिया पंचायत भवन, थाना खैराबाद स्थित संकटा देवी मंदिर, थाना मिश्रित के पंचायत भवन सैदापुर मे एवम् शेष अन्य समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं को जागरुक करने एव महिला संबंधित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण कराने के उद्देश्य से विद्यालयों में सभायें एवम् ग्राम/कस्बों में महिला चौपालों का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं/बच्चों को उनके आत्मसम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता न करनें एवम् उनके अधिकारों के विषय में एवम् उनके सहयोग हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। सुविधा हेतु पैंपलेट्स वितरण कर लिखे नंबरो को याद रखने की आवश्यकता एवम् उपलब्ध करायी जाने वाली तत्काल सहायता के विषय में बताया गया।

महिला पुलिस कर्मियों ने चौपाल में संवाद के दौरान सशक्तिकरण हेतु महिला वर्ग का आत्मनिर्भर होने की महत्ता पर भी विस्तृत चर्चा की व अपील की कि बालिकाओं को शिक्षित करें एवम् बालिकाओं की शिक्षा हेतु सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ लें। साथ ही ग्रामीण महिलायें भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर विभिन्न प्रकार के लघु उद्योगो बेकरी, सिलाई, बुनाई, सजावट के सामान आदि बनाकर आत्मनिर्भर बने।

## करवाचौथ पर सुहागिनों ने चंद्रमा को दिया अर्घ्य



सीतापुर। करवाचौथ पर सुहागिनों ने चंद्रमा को दिया अर्घ्यःपति की लंबी उम्र के लिए किया व्रत का पारण शुक्रवार रात करवाचौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना के साथ व्रत रखा। चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद उन्होंने व्रत का पारण किया।कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। उन्होंने सोलह श्रृंगार कर करवा माता का विधि-विधान से पूजन किया। चंद्रोदय होने पर मंदिरों और घरों की छतों से चंद्रमा के दर्शन किए गए, जिसके बाद अर्घ्य देकर पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोला गया।करवाचौथ का यह पर्व करवा माता को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन करवा माता की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और व्रती महिलाओं के सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है।

# सरकार का लक्ष्य हर नागरिक तक विकास और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना: ए के शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

> मंत्री श्री शर्मा ने जीरो वेस्ट आधारित 'संभल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव 2025' के लोगो का किया अनावरण
>
> लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
>
> विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प-2047 के विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए सभी लोग सुझाव देकर नीति निर्धारण में अपनी भागीदारी निभाएं: डीएम

सम्भल, बहजोई। बड़ा मैदान बहजोई में 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 में आज पंचम दिवस के प्रथम सत्र में नगरों का विकास बदलते नगर - बढ़ता उत्तर प्रदेश एवं सफाई मित्र सम्मेलन का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में मा. नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं पूर्व एम एल सी श्री परमेश्वर लाल सैनी जी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि का जिलाधिकारी द्वारा एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा जनपद की नयी परम्परा पंचोपचार से मा. मंत्री जी का स्वागत सम्मान किया तथा जिला प्रशासन द्वारा राम दरबार भी मा. मंत्री जी को भेंट किया गया।एवं अन्य अतिथि गणों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. मंत्री जी ने कहा कि यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है बल्कि विकास, स्वच्छता और जनभागीदारी के नए युग की शुरुआत का संदेश भी देता है। मा. मंत्री जी ने जनपद के पीएम श्री विद्यालयों की सराहना की तथा मा. मंत्री जी ने जिला प्रशासन के नेतृत्व में संगठित विद्युत चोरी को रोकने के लिए भी मा. मंत्री जी द्वारा जिला प्रशासन की प्रशंसा की।इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के अंतर्गत निर्बाध विद्युत आपूर्ति,नाली निर्माण, पेयजल पाइपलाइन, स्ट्रीट लाइट, एवं स्वच्छता से जुड़ी अधोसंरचना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से संभल जिले के नागरिकों को निर्बाध बिजली, बेहतर स्वच्छता व्यवस्था और शहरी सुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी। मंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर 'जीरो वेस्ट' पर आधारित संभल कल्कि महोत्सव / विकासोत्सव 2025 के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश में स्वच्छता और सतत विकास की दिशा में नई सोच को प्रतिबिंबित करता है।

उन्होंने बताया कि ल्लजीरो वेस्ट महोत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कार्यक्रम से निकलने वाला कोई भी अपशिष्ट पुनर्चक्रण या पुनः उपयोग से बाहर न जाए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान को केवल सरकारी नहीं बल्कि जनआंदोलन के रूप में अपनाएं।इस दौरान नगर विकास मंत्री ने नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत क्रय किए गए स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी भी दिखाई।कार्यक्रम के दौरान मा. मंत्री श्री शर्मा ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 सफाई मित्रों को 'वोकल फॉर लोकल' थीम पर आधारित स्थानीय उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र हमारे समाज के सच्चे नायक हैं, जो शहरों को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में दिन-रात कार्यरत हैं।इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को उनके नए मकानों की चाबियां सौंपते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का संकल्प है हर गरीब का उसका अपना घर हो। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और उत्तर प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश सहित संभल के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ गांव-गांव, गली-गली और हर घर तक पहुंचाना ही डबल इंजन के सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंन उन्होंने उपस्थित जन समूह को स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और वोकल फॉर लोकल का संकल्प दिलाया।मंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए बताया कि लगभग 86 हेक्टेयर भूमि को अनाधिकृत कब्जे से मुक्त कराया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यवाहियां शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित के प्रति गंभीरता को दर्शाती हैं।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर विकास विभाग मंत्री जी के नेतृत्व में प्रगति कर रहा है। जिलाधिकारी ने सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 के उद्देश्य तथा इसके अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यक्रमों तथा विभागीय एवं स्वयं सहायता समूहों के द्वारा लगायीं गयीं स्टालों के विषय में चर्चा की। नगर विकास के अन्तर्गत जनपद में कराए जाने वाले कार्यों के विषय में बताया। जिलाधिकारी ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प अ2047 के विषय में भी बताया तथा उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि इसके अंतर्गत विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए कोई भी नागरिक 12 क्षेत्रों में अपने सुझाव दे सकता है।

## 31 अक्टूबर तक विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु करें आवेदन

**बदायूँ।** जिला युवा कल्याण अधिकारी हरिप्रेम ने युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु प्रस्ताव (दिनांक 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक) में किये गए सराहनीय कार्यों के आधार पर प्रदान किया जाएगा। 15 से 35 वर्ष की आयु के युवा विगत 03 वित्तीय वर्षों में किए गए कार्यों पर विवेकानन्द यूथ एवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) हेतु 31 अक्टूबर 2025 तक आवेदन जमा करें। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार युवाओं को विकास कार्यक्रमों के विभिन्न क्षेत्रों यथा-खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा, संयंत्र स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला संस्कृति और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सकिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि राष्ट्रीय अथवा सामाजिक महत्व के किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को विशिष्ट पहचान देने हेतु प्रदान किया जाएगा। पात्र व्यक्ति 15 से 35 वर्ष की आयु के बीच होना चाहिए जिसका निर्धारण वर्ष के 01 जनवरी को नामंकन के समय के अनुसार होगा। जिसके द्वारा विगत 03 वित्तीय वर्षों में उपर्युक्त क्षेत्रों में पहचान योग्य कार्य किया गया हो। उक्त के अनुपालन में विवेकानन्द यूथ एवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) में इच्छुक युवा किसी भी कार्य दिवस में जिला युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय कक्ष न0 321,322 विकास भवन से आवेदन का प्रारूप निःशुल्क प्राप्त कर अपने प्रस्ताव जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल कार्यालय, विकास भवन बदायूं में दिनांक 31 अक्टूबर 2025 तक दो प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

## 31 अक्टूबर तक दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**बदायूँ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजनान्तर्गत अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित समस्त वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान हेतु समय-सारिणी निर्गत की गयी है।उन्होंने बताया कि मास्टर डाटा में पूर्व से सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रमका प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार ऐफिलिएटिंग एजेन्सी व विश्वविद्यालय के नाम आदि सूचनाओं को अंकित/अद्यतन करके डिजीटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने की तिथि 10 अक्टूबर, 2025 से 14 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गयी है।उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। छात्र-छात्राओं द्वारा हार्ड कापी को वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा करने की तिथि 01नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई त्रुटियों को ठीक किए जाने की तिथि 08 नवम्बर, 2025 से 11 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। छात्रों द्वारा सही किए गए आवेदन को जमा करने एवं संस्था द्वारा आवेदन पुनः अग्रसारित करने की तिथि 12 नवम्बर, 2025 तक निर्धारित है।

## जवाहरपुरी पुलिस चौकी का चर्चित सिपाही चर्चाओं में

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र की जवाहरपुरी पुलिस चौकी के एक चर्चित सिपाही की मिलीभगत से अवैध मिट्टी का खनन हो रहा है। एक लंबे अर्से से एक सिपाही की सरपरस्ती में मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर किया जा रहा। चर्चा है कि पुलिस चौकी के सिपाही की साठगांठ से खनन माफिया क्षेत्र में अवैध खनन कर रहे है। सूत्रों बताते है कि खनन माफिया बिना पुलिस संरक्षण के काम नहीं कर पाते और सेटिंग के नाम पर सिपाही द्वारा मोटी रकम ली जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे अवैध खनन को बढ़ावा मिलता है और प्रशासन की छवि खराब हो रही है। चर्चित सिपाही की लंबे समय से जवाहरपुरी पुलिस चौकी तैनाती होने की वजह से मलाई काट रहा है। पुलिस चौकी क्षेत्र में कई कामों की अवैध वसूली चर्चित सिपाही के द्वारा की जा रही है। चाहे वह मिट्टी खनन हो रेता की ओवरलोडिंग हो होटल हो मसाज सेंटर सभी जगह से चर्चित सिपाही वसूली करता है। लेकिन इसके बावजूद भी इसका न हटाना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही आपको बता दें कि तेजतर्रार एसएसपी डा0 ब्रजेश सिंह ने बीते माह खनन में संलिप्त उसावा थाने का एक सिपाही को निलंबित कर दिया है। जबकि आरक्षी चालक को लाइन हाजिर किया गया था। वहीं सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि सिपाही की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## शासन की टीम ने किया जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**बदायूँ।** जिला महिला चिकित्सालय के प्रबंधक अरविन्द कुमार वर्मा ने कैन्विज टाइम्स के रिपोर्टर को बताया कि शासन द्वारा भेजी गई टीम ने जिला महिला चिकित्सालय बदायूं का सघन निरीक्षण कियाम टीम को विभिन्न बिंदुओं पर जांच आख्या बनाकर शासन को प्रेषित करनी है। इन बिंदुओं में स्टाफ का मरीज के प्रति व्यवहार, जच्चा-बच्चा की गुणवत्तापूर्ण देखभाल, हॉस्पिटल बिल्डिंग का रखरखाव, अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों एवं मशीनों का रखरखाव, डॉक्टर्स का अस्पताल समय से आना-जाना, उपलब्ध मेडिसिंस का स्टॉक मेंटिनेंस इत्यादि बिंदुओं पर जांच कर गोपनीय आख्या शासन कोउपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है। जाँच टीम महिला चिकित्सालय पूर्वान्ह 11:00 बजे पहुंच गई थी और उसने 3 घंटे तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें सभी डॉक्टर्स एवं स्टाफ का पूरा सहयोग रहा। जाँच टीम के सदस्य डॉक्टर तौकीर नबी तथा डॉक्टर शेखर ने संयुक्त रूप से महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। बताते चलें कि काया कल्प उत्तर प्रदेश शासन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत सभी राजकीय चिकित्सालय को उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक चिकित्सा मानदण्डों को अपनाकर जन सामान्य को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रदान करना है।

## मुलायम सिंह यादव देश के महान नेता थे: आबिद रजा

**बदायूँ।** सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री आबिद रजा ने आज स्व0 मुलायम सिंह यादव नेताजी की पुण्यतिथि पर नेताजी के चित्र पर फूल चढ़ाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा नेताजी देश के महान नेताओं में से एक थे। नेताजी ने अपनी जिन्दगी में संघर्ष के साथ सियासत में कामयाबी हासिल की थी। वह संघर्षशील होने के साथ-साथ राजनैतिक दांव पेंच में माहिर थे तथा विपक्षी लोग नेताजी के राजनैतिक कौशल का लोहा मानते थे। नेताजी किसान, नौजवान, अल्पसंख्यक, छात्र, गरीब व देश की आधी आबादी के हक के लिए लड़ते थे। नेताजी सब समाज के लोगों को साथ लेकर चलने की कोशिश करते थे। नेताजी की विचारधारा आज के समय के नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है।स्व0 मुलायम सिंह यादव जी की उच्च विचारधारा कठिन परिश्रम, सियासी संघर्ष, बेहतर राजनैतिक कौशल, सियासत के साथ-साथ बेहतर कूटनीति के मालिक थे इसी वजह से देश की जनता ने मा0 स्व0 मुलायम सिंह यादव जी का नाम ''नेताजी'' रखा। हमारे भी नेताजी सियासत में आदर्श रहें हैं। हमने बहुत कुछ सियासत में नेताजी से सीखा है। नेताजी ने ही सिखाया है कभी झुक कर सियासत मत करो, किसी की गुलामी मत करो, इज्जत करो। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा नेताजी कहते थे कि विपक्षी पार्टी व सियासी मुखालिकों से लकीर खेंच कर सियासत करो। नेताजी की पुण्यतिथि पर सपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं से कहना चाहते हैं कि अगर आप लोग सच्चे मन से नेताजी से प्यार करते हैं तो आप नेताजी ने जिस तरह से सियासी जिन्दगी का सफर तय किया आप लोग नेताजी से सीख लेकर सियासत में आगे बढ़े, यही नेताजी के लिए सच्ची श्रदांजलि होगी, तथा नेताजी के आर्दशो पर चलते हुए समाजवादी पार्टी को ऊंचाई पर ले जाये।

# मौलाना तौकीर के बरेली में घर पर चस्पा किया वसूली का नोटिस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। बरेली बवाल के जिम्मेदार माने जा रहे आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर से रसूलपुर पुठी की साधन सहकारी समिति के बकाया 28,346 रुपये की वसूली की कार्यवाही तेज कर दी गई है। वसूली का अंतिम नोटिस बृहस्पतिवार को बरेली में उसके बिहारीपुर स्थित आवास पर चस्पा कर दिया गया। अब तक का ब्याज मिलाकर 40,555 रुपये जमा करना होंगे। नोटिस में कहा गया है कि 15 दिन में इसका जवाब न देने पर संपत्ति कुर्क की जा सकती है। बिनावर क्षेत्र के गांव करतौली के रहने वाले तौकीर ने 29 अक्तूबर 1990 को रसूलपुर पुठी की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) से 5,055.60 रुपये का फसली ऋण लेकर खाद और बीज खरीदे थे। समिति सचिव हृदेश कुमार ने बताया कि अब तक उसने ऋण की अदायगी नहीं की। इस कारण यह खाता एनपीए में परिवर्तित हो चुका है। उस पर मूल ऋण और ब्याज समेत कुल 28,346 रुपये की वसूली के लिए अंतिम नोटिस जारी किया गया है। उसे 15 दिनों के भीतर संपूर्ण बकाया राशि ब्याज सहित जमा करना होगी। अन्यथा सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धाराओं के अंतर्गत उसके विरुद्ध राजस्व वसूली की कार्यवाही आरंभ की जाएगी। यह नोटिस समिति की तरफ से बीते एक अक्तूबर को जारी किया गया है। जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरिबाबू भारती ने बताया कि दो प्रतिशत ब्याज लगाने पर यह रकम 40,555 बनेगी। वसूली इतनी ही रकम की होगी। 1997 में खुला मामला रसूलपुर पुठी साधन सहकारी समिति से वर्ष 1990 में मौलाना तौकीर रजा ने कृषि कर्ज लिया था। बाद में वर्ष 1996 में राज्य सरकार ने किसानों के कर्ज माफ करने की घोषणा की, लेकिन मौलाना के खाते में यह माफी लागू नहीं हुई। 1997 में बैंक जांच में खुलासा हुआ कि उसके नाम पर लिया गया कर्ज अब भी लंबित है। बैंक की ओर से कई बार वसूली नोटिस जारी किए गए, लेकिन मौलाना के प्रभाव और राजनीतिक रुतबे के कारण भुगतान नहीं किया गया। बरेली हिंसा प्रकरण के बाद फिर खुली पुरानी फाइलें हाल में बरेली हिंसा प्रकरण में मौलाना तौकीर रजा का नाम उछलने के बाद जिला सहकारी बैंक ने पुरानी फाइलें खंगालनी शुरू कीं। जांच में सामने आया कि मौलाना के ऊपर अब तक 21,940 रुपये ब्याज और 5,560 रुपये मूलधन मिलाकर कुल 28,346 रुपये का बकाया है। बेच चुका बदायूं की संपत्ति जिला सहकारी बैंक बदायूं के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरिबाबू भारती ने बताया कि जांच में यह भी पता चला है कि मौलाना तौकीर रजा ने बदायूं की अधिकांश संपत्तियां पहले ही बेच दी हैं। ऐसे में मौलाना की जहां भी संपत्ति मिलेंगी, उसकी कुर्की की जा सकती है। बैंक ने इसकी रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेज दी है। डीएम अवनीश कुमार राय ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा के प्रकरण में संबंधित बैंक के स्तर से कार्रवाई चल रही है। यदि जरूरत पड़ी तो प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई होगी।

# रुई के गोदाम में भीषण आग, तीन लाख पचहत्तर हजार की रुई राख

> 15 गैस सिलेंडर मिलने से मचा हड़कंप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर में गुरुवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक रुई के हॉलनुमा गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि यह गोदाम हाजी तौसीफ का था, जो अपने घर के पास बने बड़े हॉल में रुई के बंडल रखे हुए थे। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग लगते ही पूरे गोदाम में धुआं और लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते करीब तीन लाख पचहत्तर हजार रुपये मूल्य की रुई जलकर खाक हो गई। सर्दी के मौसम को देखते हुए हाजी तौसीफ ने रुई का भंडारण किया था, जो चंद मिनटों में जलकर राख में तब्दील हो गया।घटना के दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण अपने स्तर पर बाल्टी और पाइपों से पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ी और हयातनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। दमकल कर्मियों ने बताया कि अगर आग कुछ देर और बढ़ती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि गोदाम में 15 गैस सिलेंडर भी रखे हुए मिले – जिनमें 5 कमर्शियल और 10 घरेलू सिलेंडर शामिल हैं। सिलेंडरों की मौजूदगी से विस्फोट का खतरा बना हुआ था। फिलहाल हयातनगर पुलिस ने सभी सिलेंडरों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# संभल कल्कि महोत्सव में प्रशासनिक अधिकारियों व कवियों का सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहजोई, संभल। संभल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव के चौथे दिन गुरुवार को आयोजित कवि सम्मेलन में मां गंगा जनकल्याण समिति तथा रोटरी क्लब बबराला गंगा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों एवं कवि- साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन समाज के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक उत्थान एवं गंगा संरक्षण की भावना को समर्पित रहा। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में उद्योगपति कार्तिक गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल क्षेत्रीय सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का कार्य करते हैं, बल्कि प्रशासन, साहित्य और समाज के बीच समन्वय का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा आदि को विकासोत्सव के सफल आयोजन एवं प्रशासनिक सहयोग के लिए मां गंगा जनकल्याण समिति और रोटरी क्लब बबराला गंगा की ओर से सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन ने समूचे पंडाल में साहित्यिक वातावरण का संचार किया। देश के विभिन्न अंचलों से पधारे कवियों, प्रसिद्ध कवि, व्यंग्यकार व गीतकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक संदेश, हास्य और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया। कवियों को भी आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिह्न और शाल देकर सम्मानित किया गया।रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, कार्तिक गोयल, एकता द्विवेदी, पूजा गोयल, विजय गोयल और विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे। अंत में आभार व्यक्त करते हुए आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव को सशक्त करने का प्रयास जारी रहेगा।

# अन्तरजनपदीय चोर गिरोह के चार शातिर अपराधी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बदायूँ डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण,बदायूँ हृदेश कठेरिया एवं क्षेत्राधिकारी बिल्सी संजीव कुमार के पर्यवेक्षण में व पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु/स्वतंत्र प्रभार थाना बिल्सी गौरव उपाध्याय व निरीक्षक मनोज कुमार थाना बिल्सी बदायूँ के नेतृत्व में चलाये जा रहे चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10.10.2025 को समय करीब 9.40 बजे थाना बिल्सी पुलिस व अन्य टीम अपराध व अपराधियो की रोकथाम हेतु नरैनी चौराहा पर चैकिग कर रहे थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली एक पिकअप गाडी जिस पर अमर उजाला प्रेस लिखा है और उघैती की तरफ से आ रही है जिसमे संदिग्ध व्यक्ति है। थोडी देर बाद सामने से आती एक पिकअप गाडी को रोकने का इशारा किया गया तो उक्त पिकअक के चालक ने पुलिस पार्टी को देखकर एकदम सकपकाकर गाडी को बिल्सी की ओर भगाने लगा तभी सामने वाली सीट पर बैठे दोनों व्यक्तियों ने गाडी के दाहिने व बायी खिडकी से पुलिस पार्टी की तरफ जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किये जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा अपने आप को बचाते हुए घेरकर आवश्यक बल प्रयोग कर उक्त पिकअप गाडी को बडनोमी तिराहा पर रोक लिया। पिकअप में सवार 04 अभियुक्तों को पकड लिया। गिरफ्तार अभि0गण से पूछताछ की गयी तो बताया कि साहब हम लोग इस पिकअप में मछली बेचने जाते है और मछली बेचने की आड में हम चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते है। हम लोग मिलकर अपने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिये लोगो के घरो में दीवार से कूद कर चोरी कर लेते है और चोरी करने के बाद इसी पिकअप गाडी से भाग जाते है जिससे लोग हम लोगों पर शक भी नही कर पाते है। हम लोगो नें मिलकर कुछ दिन पहले थाना उझानी क्षेत्र में चोरी की घटना की थी तथा 20 दिन पहले थाना बिल्सी क्षेत्र के ग्राम हरदासपुर व ग्राम पिण्डोल में चोरी की थी । थाना बिल्सी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हरदासपुर में हुई चोरी की घटना के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 0376/25 धारा 305/331(4) बी0एन0एस0 व ग्राम पिण्डोल में हुई चोरी की घटना से सम्बन्ध में मु0अ0सं0 0377/25 धारा 305/331(4) बी0एन0एस0 पंजीकृत है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के आधार पर थाना बिल्सी पर मु0अ0सं0 402/25 धारा 109 बी0एन0एस0 (पु0 मुठभेड) व 3/25/27(1-उ)(थ) आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया । गाडी पिकअप ठ्य 25 क्ह्र 5910 को सीज किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण व बरामद माल को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# 25 अक्टूबर तक जारी रहेगा कार्ड धारकों को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

> राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 16 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल, 05 कि0ग्रा0 मक्का (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीय राय ने बताया कि पात्र गृहस्थी तथा अन्त्योदय कार्डधारकों राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न एवं मक्का क्रय करने वाले जनपदों में मक्का का निःशुल्क वितरण 10 से 25 अक्टूबर 2025 के मध्य कराया जाएगा।

उन्होंने खाद्यान्न के उठान एवं वितरण के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा निर्देश निर्गत किये है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड धारक 14 कि0ग्रा0 गेहूँ, 16 कि0ग्रा0 फोर्टीफायड चावल, 05 कि0ग्रा0 मक्का (कुल 35 कि0ग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी योजना में तहसील सदर के ब्लाक जगत, सालारपुर, उझानी, कादरचौक, तहसील दातागंज के ब्लाक दातागंज, समरैर, म्याऊ, उसांवा, तहसील बिसौली के ब्लाक बिसौली, आसफपुर, वजीरगंज, इस्लामनगर एवं तहसील बिल्सी के ब्लाक अम्बियापुर, बिसौली, सहसवान (आंशिक), तहसील सहसवान के ब्लाक सहसवान, दहगंवा के उचितदर विक्रेताओं को मक्का आवंटित की गयी। इन क्षेत्रों के उचित दर विक्रेताओं द्वारा पात्र गृहस्थी योजना के अर्न्तगत 02 कि0ग्रा0 गेहूँ, 02 कि0ग्रा0 चावल एवं 01 कि0ग्रा0 मक्का (कुल 5.0 कि0ग्रा0 खाद्यान्न) प्रति व्यक्ति निःशुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक दशा में चावल एवं मक्का को मिलाकर वितरण स्केल को यथावत (3.0 कि0ग्रा0 प्रति व्यक्ति) रखा जायेगा।

उन्होंने बताया कि जनपद के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र एवं तहसील बिल्सी के सम्पूर्ण ब्लाक इस्लामनगर एवं तहसील बिल्सी के ब्लाक सहसवान की ग्राम पंचायत उघेती गर्दी (रामनरेश), महानगर (साहब सिंह), मिश्रीपुर मुकईया (अरब सिंह), बाला किशनपुर (फुलवार सिंह), कटिया भगवन्त (कमल सिंह) के उचितदर विक्रेताओं को मक्का आवंटित नहीं की गयी है। इन क्षेत्रों में उचित दर विक्रेताओं द्वारा पात्र गृहस्थी योजना के अर्न्तगत आने वाले व्यक्तियों को 3.00 कि0ग्रा0 गेहूँ एवं 2.00 कि0ग्रा0 चावल (कुल 5.0 कि0ग्रा0) खाद्यान्न प्रति व्यक्ति निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

## आलम ने मारी बाजी अभिषेक यादव रहे दूसरे स्थान पर

बदायूँ। मदन लाल इंटर कालेज बिसौली के मैदान पर चल रही माध्यमिक विद्यालयों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन 100 मीटर फर्राटा दौड़ में आलम प्रथम तो अभिषेक यादव दूसरे स्थान पर रहे। विजयी खिलाड़ियों को नगर पंचायत मुड़िया की चेयरमैन अनुपमा पाठक व ब्लाक प्रमुख बिसौली नि.ब्लाक प्रमुख बिसौलीअमित पाठक ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अमित पाठक ने कहा कि खिलाड़ी आगे चलकर मण्डल प्रदेश का नाम खेल के क्षेत्र में रोशन करें। हमारी सरकार खेलो इंडिया के तहत खेलों को बढ़ावा देने को सतत प्रयासरत हैं। 100 मीटर दौड़ आलम अली मदन लाल इंटर कालेज प्रथम, अभिषेक यादव श्रीकृष्ण इंटर कालेज द्वितीय,सौरभ एसके इंटर काले बदायूँ तृतीय रहे। 1500 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग भूपाल कुमार मदन लाल इंटर कालेज बिसौली प्रथम संदीप पाल श्रीकृष्ण इंटर कालेज बदायूँ द्वितीय पिंकू सत्यदेव इंटर कालेज बदायू तृतीय,लम्बी कूद सीनियर वर्ग नदीम अब्बास मदन लाल प्रथम,निशांत सिंह मदन लाल इंटर कालेज विसोली द्वितीय सोहित यादव एन ए इंटर कालेज बिल्सी तृतीय, गोला फ़ेंक सीनियर वर्ग तवारशु इंटर कालेज विसोली प्रथम मोहम्मद अय्यानन द्वितीय आदि शामिल हुए।

# डीएम ने किया धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

> डीएम ने कहा कि क्रय केन्द्रों व मण्डियों में वॉल पेन्टिंग करायी जाए, जिसमें केन्द्र प्रभारी के नाम मोबाइल नंबर व टोल फ्री नम्बर सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां अंकित हों। केन्द्र पर कृषक के बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, छाया आदि की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध मिली

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ उझानी मण्डी में स्थापित खाद्य विभाग के धान एवं बाजरा क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने कांटा चेक किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसानो के प्रति सौम्य एवं शालीन व्यवहार हो तथा कृषकों को अपने धान व बाजरा आदि का विक्रय करने व उनका भुगतान प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने बैनरों के अतिरिक्त क्रय केन्द्रों व मण्डियों में वॉल पेन्टिंग करायी जाए, जिसमें केन्द्र प्रभारी के नाम मोबाइल नंबर व टोल फ्री नम्बर सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां अंकित हों। केन्द्र पर कृषक के बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी, छाया आदि की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध मिली। डीएम ने मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि बाट-माप कार्यालय से कंटें स्टेम्पिंग की मोहर लगवा ली जाए एवं इसका प्रमाण पत्र भी केन्द्र पर सरंक्षित रखा जाए, जिससे टैम्परिंग (छेड़छाड़) की संभावना न रहे। केन्द्र प्रभारी अपने फोन किसान मित्र ऐप डाउनलॉड कर कृषक के आधार से एनपीसीआई पोर्टल पर बैंक खाते की पीएफएमएस से सत्यापन की स्थिति चेक कर लें। डीएम ने बताया कि शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत धान कॉमन का रुपए 2369, ग्रेड ए का रुपए 2389, बाजरा का रुपए 2775 एवं मक्का रुपए 2400 प्रति कुन्तल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। धान की क्रय अवधि 01 अक्टूबर से 31 जनवरी, 2026 तक एवं मक्का एवं बाजरा की क्रय अवधि 01 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गयी है।डीएम ने बताया कि क्रय केन्द्र खोले जाने का समय प्रातः 09 बजे से सांय 05 तक निर्धारित है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद बदायूँ में विपणन शाखा के 17, पी0सी0एफ0 संस्था के 08, भा0खा0नि0 संस्था के 01, पी0सी0यू0 संस्था के 05 तथा यू0पी0एस0एस0 संस्था के 06 कुल 37 धान क्रय केन्द्र तथा विपणन शाखा के 16 बाजरा क्रय केन्द्र एवं 04 मक्का क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में धान खरीद का लक्ष्य 37000 मीट्रिक टन है, जिसके सापेक्ष प्राप्ति 5.6 मीट्रिक टन हुई है, बाजरा लक्ष्य 16500 मीट्रिक टन है, जिसके सापेक्ष प्राप्ति शून्य है तथा मक्का 100 मीट्रिक टन है जिसके सापेक्ष प्राप्ति शून्य है। इस अवसर पर एडीएम एफआर वैभव शर्मा, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरु नानक चौराहे पर चल रहा अवैध टैक्सी स्टैंड,लग रहा सड़क पर जाम

**योगी जी कौन करेगा इसका इंतजाम कहां गया इसे बंद करने का फरमान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। योगी सरकार के कड़े फरमान के बाद भी गुरु नानक पुलिस चौकी के पास से अवैध बस व टैक्सी स्टैंड का संचालन बंद नहीं हो पा रहा। जिसकी वजह से जनपद के विभिन्न बड़े कस्बों में जाम की समस्या बनी रहती है। इस लिए लो गों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जिला मुख्यालय गोंडा नगर पालिका परिषद क्षे त्र में बस व टैक्सी स्टैंड के लिए भूमि न होने के बावजूद अवैध तरीके से वाहनों का जमा वड़ागुरु नानक पुलिस चौकी के सामने चौराहे के रोड पर लगा रहता है। प्रदेश सरकार ने अवैध अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए हैं,मगर गोंड़ानगर कोतवाली क्षेत्र में इसका असर दिखाई न हीं दे रहा है।शहर के मुख्य चौराहे पर डग्गामार बसे व अवैध टैक्सी स्टैंड के अतिक्रमण से नगर पालिका परिषद की तस्वीर ही बिगड़ गई है,रोड वेज बस स्टॉप से लेकर गुरु नानक चौराहे से एलबीएस चौराहे पर अवैध रूप से प्राइवेट ब सों और टैक्सियों का मजमा लगता है। वाहन मालिकों के रसूख के आगे जिम्मेदार अधिकारी भी नतमस्तक हैं। उधर दुकानदारों ने पूरे फुट पाथ पर गाड़ियों की पार्किंग व दुकानें सजा र खी हैं।इससे लोगों को पूरे दिन जाम का साम ना करना पड़ रहा है।

नगर में गोण्डा - लखनऊ मार्ग,परसपुर, कटरा व करनैलगंज मार्ग पर अ वैध टैक्सी स्टैंड और अतिक्रमण के चलते याता यात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।डग्गा मार बस व अवैध टैक्सी स्टैंड पर शिकंजा कस ने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नाकाम हैं नगर के मुख्य मर्गों पर प्राइवेट वाहनों का दिन भर जमावड़ा रहता है।इनमें प्राइवेट बसें, टैक्सी और टेंपो शामिल हैं। इसके अलावा लखनऊ हाईवे पर गुरु नानक चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन हो रहा हैं।निजी वाहन मालि कों की दबंगई इस तरह होती है कि सड़क पर चलने वाली रोडवेज बसों के आगे वाहनों को लगाकर सवारियों को बैठाया जाता है। लोगों ने कई बार अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए आवाज उठाई, मगर शिकायतों को अनदेखा कर दिया गया।

वहीं समाजसेवी ने बताया कि जाम की समस्या अब आम हो गई है।आए दिन जाम में फंसकर लोग समय के साथ धन को ब र्बाद कर रहे हैं। डग्गामार वाहनों के संचालन के चलते नगर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चु की है।इसके बावजूद जिम्मेदारों की चुप्पी सम झ से परे है। डग्गा मार बसे,अवैध टैक्सी स्टैंड के खिलाफ लोग आवाज उठाते हैं,लेकिन राज नीतिक संरक्षण के चलते उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई है अतिक्र मण,कारियों ने फुटपाथ की तो बात छोड़िए स ड़क तक कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं मुख्य बाजार गुरु नानक चौराहे से लेकर अग्र सेन चौक तक व गुड्डू मल चौराहे से लेकर पांडे बाजार पुलिस चौकी तक दुकानदारों ने सड़क तक सामान फैला रखा है। रही सही कसर ई-रिक्शा चालक पूरी कर देते हैं।बाजार के अंदर रिक्शों की भरमार से लोग दिन भर जाम में पिसते हैं।कोतवाल विवेक द्विवेदी ने बताया अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों व डग्गा मार बसों को चिह्नित किया गया है,अभियान चलाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# तरबगंज पुलिस ने चलाया शक्ति मिशन अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। तरबगंज थाना क्षेत्र में स्थित बी.एस.इंटर कॉलेज चौबेपुर में पुलिस टीम ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तरबगंज थाना प्रभारी कमलाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक कल्प ना श्रीवास्तव मय मिशन शक्ति,एंटीरोमियो टीम तरबगंज के द्वारा किया गया।इस दौरान छात्रा ओं और शिक्षकों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।महिला उपनिरी क्षक ने बताया कि इस अभिया न का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।उन्होंने छात्राओं को किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में निडर होकर तुरंत हेल्पलाइन न. 112, वीमेन पॉवर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 इत्यादि से अव गत कराया गया तथा पैम्पलेट्स वितरित किए गये, और शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य सर कारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई वही अंत में महिला उपनिरक्षक कल्पना श्री वास्तव ने छात्राओं से समाज में जागरूकता फै लाने और किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

# त्यौहार नजदीक आते ही मिलावटखोर सक्रिय, खाद्य सुरक्षा टीम निष्क्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। दीपावली जैसे पावन पर्व के नजदीक आते ही क्षेत्र में मिलावटखोरों का कारोबार तेजी पकड़ने लगा है। मिठाई की दुकानों से लेकर खोवा मंडियों और स्थानीय होटलों तक में मिलावटी खाद्य पदार्थों का स्टॉक तैयार कि या जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। सूत्रों के अनुसार, त्योहार के पहले ही बाजार में केमिकलयुक्त मिठाइयों की आपूर्ति शुरू हो गई है। खोवा यानी मावा की अधिक मांग को देखते हुए कुछ कारोबारी कास्टिक सोडा,आलू,मैदा,और आरा रोट जैसी वस्तुओं का इस्तेमाल कर नकली खो वा तैयार कर रहे हैं,जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकता है।स्थानीय नागरिकों की माने तो दीपावली की आड़ में नकली मिठाई के कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है।दुकानों पर बि ना जांचे-परखे मिठाइयां खुलेआम बेची जा रही हैं।कुछ स्थानों पर तो सिंथेटिक मिठाइयों को भी असली बताकर ग्राहकों को ठगा जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग अब तक किसी भी तरह का अभियान शुरू नहीं कर पाया है।अधिकारी अभियान शु रू करने के लिए उच्चाधिकारियों के आदेश का इंतजार कर रहे हैं,जबकि बाजार में मिलावट खोर पूरी तरह सक्रिय हैं। स्थानीय निवासियों और उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया जाए और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर स ख्ती से रोक लगाई जाए,ताकि त्योहार की खु शियां कड़वाहट में न बदलें।

## एकीकृत बागवानी मिशन का लाभ उठाएं कृषक

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी मिशन (यूपीएमआईपी) का संचालन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर स्वयं, जनसेवा केन्द्र अथवा कार्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।श्री चैधरी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रस्तावित कार्यक्रम शाकभाजी क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत 200 हे. (सामान्य 180 हे. एवं एससीपी 20.00 हे.) का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त जामुन, करौदा, बेल, औषधीय फसलों की खेती आदि के कार्यक्रम भी प्राप्त हुए हैं। योजना अन्तर्गत कृषकों का चयन ''प्रथम आवक-प्रथम पावक'' वरीयता के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु जिला उद्यान अधिकारी के कार्यालय अथवा योजना प्रभारी, पंकज वर्मा के मो.न. 9455108000 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# अनामिका शुक्ला प्रकरण में एसटीएफ ने की वित्त एवं लेखा विभाग में छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में बहुचर्चित शिक्षका अनामिका शुक्ला प्रकरण में यूपी एसटीएफ ने अपनी जां च तेज कर दी है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सौरभ मि श्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने गोंडा के वित्त एवं लेखा विभाग में बीते दो घंटे से की छापेमारी कर रही है। टीम ने चर्चित लिपिक अनुपम पांडेय से बंद कमरे में पूछताछ की है।अयोध्या यूनिट की यह एसटीएफ टीम बीते दो घंटे से विभाग में मौजूद रही। जांच टीम में एक ब्लैक कमांडो भी शामिल है,ताकि जांच के दौरा न किसी प्रकार की बाधा न आए। पूछताछ के दौरान अनुपम पांडेय के कमरे में किसी को जा ने की इजाजत नहीं दी गई थी।एसटीएफ अना मिका शुक्ला प्रकरण के साथ-साथ जिले के ए डेड कॉलेजों में बड़े पैमाने पर हुई नियुक्तियों को लेकर भी पूछताछ कर रही है। दोपहर 12 बजे से ही टीम की मौजूदगी से वित्त एवं लेखा विभाग में हड़कंप मचा हुआ था। प्रभारी वित्त एवं लेखा अधिकारी गिरीश चंद्र भी अपने चैंबर से गायब रहे और विभाग में मौजूद नहीं थे।एस टीएफ की टीम वर्ष 2017 से दिसंबर 2024 तक अनामिका शुक्ला को किस आधार पर,कि सके हस्ताक्षर से और कैसे वेतन भुगतान किया गया, जैसे बिंदुओं पर सवाल किया है। जांच टीम यह भी जानना चाह रही है कि वेतन भुग तान से पहले संशोधन मांग पत्र और अनुमोदन की जांच क्यों नहीं की गई। इन सब सवालों के जवाब देने में अधिकारियों और बाबूओं के पसी ने छूट रहे थे। उनके द्वारा घुमा-फिराकर जवाब दिए जाने से एसटीएफ को जांच में दिक्कतें आ रही हैं। हालांकि जब इस पूरे मामले को लेकर के उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तीन सदस्य जांच टीम द्वारा लेखा विभाग में जांच की जा रही है। जांच में जो भी निकाल कर आएगा आप लोगों को ह मारे वरिष्ठ अधिकारी ही बता पाएंगे मैं बोलने के लिए अधिकृत नहीं हूं।हालांकि जब इस पूरे मामले को लेकर के उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तीन सद स्य जांच टीम द्वारा लेखा विभाग में जांच की जा रही है। जांच में जो भी निकाल कर आएगा आप लोगों को हमारे वरिष्ठ अधिकारी ही बता पाएंगे मैं बोलने के लिए अधिकृत नहीं हूँ।

# नगर पालिका परिषद क्षेत्र में निजी अस्पतालों की मनमानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**इन अस्पतालों के बेसमेंट में चल रहे मरीजों के वार्ड पूरी तरह से मूक दर्शक बने बैठे है जिम्मेदार अधिकारी**

गोण्डा। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत तमाम फर्जी निजी हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है। वही सदर तहसील क्षेत्र में कुकुर मुत्ते की तरह फर्जी हॉस्पिटल,अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथालॉजी का संचालन हो रहा है वही जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से मूकदर्शक बने बैठे हैं देखा जाये तो जिला मुख्यालय पर - जगह जगह फर्जी निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं और वही कुछ अस्पताल बेसमेंट मे संचालित हो रहे हैं।वही नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अधिकतर निजी अस्पताल नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

भवन निर्माण उपविधियों (बिल्डिंग बायलॉज) के अनुसार बेसमेंट का उपयोग केव ल पार्किंग के लिए किया जाना चाहिए,लेकिन यहां के कई अस्पतालों में बेसमेंट का इस्तेमाल मरीजों के वार्ड,स्टोर और दफ्तर चलाने के लिए किया जा रहा है।बिल्डिंग बायलॉज में स्पष्ट प्रा वधान है कि बेसमेंट पर फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) नहीं गिना जाता,क्योंकि यह केवल पार्किंग के लिए होता है।इसी का फायदा उठाते हुए अस्पताल प्रबंधन ने बेसमेंट को व्यावसा यिक उपयोग में ले लिया है।इससे न केवल भ वन नियमों का उल्लंघन हो रहा है,बल्कि मरी जों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है।आग ल गने या अन्य आपात स्थिति में बेसमेंट से बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है।स्थानीय प्रशा सन और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में इस तरह की लापरवाही चिंता का विषय बनी हुई है।

# त्योहारों से पूर्व मिलावट खोरों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने पकड़ा 60 किलो दूषित मावा व 10 किलो दूषित रसगुल्ला**

**तत्काल मौके पर ही नष्ट कराया गया दूषित मावा और रसगुल्ला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। आगामी पर्वों को देखते हुए प्रशासन मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने में जुट गया है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नानपारा मुख्य बाजार में कई प्रतिष्ठानों पर औचक छापेमारी की।इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार वर्मा, आदित्य वर्मा व अजय कुमार सिंह के साथ मिलकर एसडीएम ने सिंह डेरी, मिहींपुरवा रोड नानपारा पर छापा मारा, जहाँ पर 60 किलो दूषित खोवा और 10 किलो दूषित रसगुल्ला बरामद हुआ। दोनों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अलावा छेना मिठाई, रंगीन बूंदी लड्डू व पनीर के नमूने जांच के लिए संग्रहीत किए गए तथा गंदगी पाए जाने पर प्रतिष्ठान मालिक को सुधार हेतु निर्देश दिए गए। टीम ने आगे राकेश टॉकीज क्षेत्र में स्थित नूरी स्वीट्स हाउस, मेराज स्वीट्स हाउस और नानपारा स्वीट्स हाउस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नूरी स्वीट्स हाउस से खोवा, नानपारा स्वीट्स हाउस से सोनपापड़ी तथा मेराज स्वीट्स हाउस से खोया बर्फी के नमूने लिए गए और जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर यह संयुक्त अभियान चलाया गया था। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# व्रत, श्रृंगार और आस्था के संग मनाया गया करवाचौथ पर्व



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर में करवाचौथ का पावन पर्व शुक्रवार को बड़े ही उत्साह और पारंपरिक आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना में निर्जला व्रत रखकर सोलह श्रृंगार किया और देर शाम छलनी से चंद्र देवता के दर्शन कर पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा। इस दौरान नगर के मंदिरों में कथा सुनने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी। बाजारों में साड़ियों, गहनों और गिफ्ट शॉप्स पर दिनभर रौनक रही। महिलाओं ने एक दिन पूर्व ही स्टाइलिश और करवाचौथ स्पेशल मेंहदी लगवाई, जो शाम को और भी आकर्षक नजर आई। इसी क्रम में नगर के दंपति अंकुर श्रीवास्तव और शेफाली श्रीवास्तव ने भी पूरे विधि-विधान से करवाचौथ का व्रत मनाया। शेफाली ने चांद के दर्शन के बाद पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी करवाचौथ का उल्लास देखने लायक रहा। कई परिवारों ने घरों को सजाकर और विशेष भोज का आयोजन कर इस दिन को यादगार बनाया।

# भाजपा नेता के के श्रीवास्तव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अंतिम संस्कार में पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा व नगर पालिका नानपारा चेयरमैन अब्दुल वहीद सहित तमाम गणमान्य लोग शामिल हुए और परिजनों को सांत्वना दी**

नानपारा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य एवं जनपद बहराइच के रजवापुर मंडल प्रतिनिधि कृष्ण कुमार श्रीवास्तव के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शिवालय बाग नानपारा स्थित बैकुंठधाम में अंतिम संस्कार में पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा व नगर पालिका नानपारा चेयरमैन अब्दुल वहीद सहित तमाम गणमान्य लोग शामिल हुए और परिजनों को सांत्वना दी।

विधानसभा नानपारा के पुरानी बाजार निवासी कृष्ण कुमार श्रीवास्तव पुत्र जगदीश श्रीवास्तव उम्र करीब 55 वर्ष लोगों के बीच के0 के0 श्रीवास्तव नाम से मशहूर थे जो वर्तमान तहसील मोतीपुर के ग्राम भवनियापुर बनघुसरी के मूल निवासी थे, अस्पताल में लगभग 15 दिन भर्ती रहने के बाद उनका हृदयाघात से वृहस्पतिवार को निधन हो गया जिससे परिजनों, इष्ट मित्रों व क्षेत्रीय जनता में शोक की लहर दौड़ गई। श्री श्रीवास्तव भारतीय जनता पार्टी के करीब दो दशक से सक्रिय सदस्य होने के साथ साथ रजवापुर मंडल के जिला प्रतिनिधि भी थे और ग्रामीणों की मदद को सदैव तत्पर रहे हैं। इसके अलावा वह भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता भी थे।

हाल ही में श्री श्रीवास्तव सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल थे जिसके इलाज हेतु वह मेडिकल कॉलेज लखनऊ में भर्ती थे वहां से ठीक होने के उपरांत वह हृदयाघात से पीड़ित होने के कारण डिवाइन अस्पताल लखनऊ में भर्ती हुए थे लेकिन हालत में सुधार न होने के कारण डॉक्टर ने जब जवाब दे दिया तो उन्हें वापस घर नानपारा लाया जा रहा था। लखनऊ से नानपारा वापस आते समय बहराइच पहुंचते समय एम्बुलेंस में श्री श्रीवास्तव की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु की दुःखद घटना से चित्रांश समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है। श्री के0 के0 श्रीवास्तव के दाह संस्कार में पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, वर्तमान विधायक राम निवास वर्मा, पालिकाध्यक्ष अब्दुल वहीद, अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष चतुर्भुज सहाय, एल आई सी अभिकर्ता अंकुर श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में चित्रांश समाज के प्रबुद्धजन, संभ्रान्त नागरिक व समाजसेवी भी शामिल हुए।

## राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला पर उपलब्ध हैं सब्जी बेहन पौध

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि जनपद के राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच पर ''मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स'' का निर्माण कराया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य कृषकों को रोगमुक्त व स्वस्थ्य शाकभाजी बेहन पौध उपलब्ध कराना है। इच्छुक कृषक यहाँ पर उत्पादित बेहन पौध रू. 2,00 प्रति पौधा की दर से प्राप्त कर सकते है तथा बेमौसम शाकभाजी उत्पादित कर कृषि को अपनी मुख्य आय बना सकता है। एक्सीलेन्स नर्सरी में किसान भाई रू. 1,00 प्रति पौधा शुल्क जमा कर शाकभाजी बीज देकर रोपाई हेतु पौध तैयार करा सकते हैं। वर्तमान समय में टमाटर, बैगन, गोभी एवं मिर्च रू. 2,00 प्रति पौध की दर उपलब्ध है। यह जानकारी देते हुए श्री चैधरी ने बताया कि अधिक जानकारी हेतु कार्यालयावधि में प्रभारी मंजीत सिंह, मो.न. 7388046768 अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# पांच मनचलों को रेड कार्ड जारी कर दी चेतावनी

**गोण्डा पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को लेकर चलाया अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत धानेपुर पुलिस के द्वारा मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियो टीम की संयुक्त कार्यवाही में पांच मन चलों को रेड कार्ड जारी किए है। गोण्डा पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जिले निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है,इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्ष क महोदय मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर एवं प्रभारी निरीक्षक धानेपुर के नेतृत्व में धानेपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियो टीम के साथ मिलकर व्यापक कार्यवाही की गई है धानेपुर क्षेत्र में पांच मनचले अभियुक्तों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों के आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2024-25 में समस्त वर्गों के वंचित छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन करने हेतु नवीन समयसारिणी जारी की गई है। शिक्षण संस्थान द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने का कार्य 10 से 14 अक्टूबर 2025 तक, विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 18 अक्टूबर 2025 तक, छात्र-छात्राओं द्वारा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण की जानी है। इसी प्रकार शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन-पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने का कार्य 02 नवम्बर 2025 तक किया जाना है। जबकि छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करने की कार्यवाही 12 नवम्बर 2025 तक पूर्ण की जानी है।

# स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कोटे में एक बार फिर बढ़ाई गई पचास सीटें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने तिलोई में नवनिर्मित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के कोटे में पचास सीटों की और बढ़ोत्तरी की है।इसके पूर्व में सत्रह सितम्बर को पचास सीटों की अनुमति के साथ मेडिकल कालेज को मान्यता प्रदान की थी। अब मेडिकल कालेज में प्रवेश सत्र 2025-26 में एक सैकड़ा सीटों पर एमबीबीएस के छात्र प्रवेश ले सकेंगे। मेडिकल कालेज में अब सुविधाओं में विस्तार होने के साथ ही अन्य तमाम सुविधाएं मिल रही है। मेडिकल कालेज शुरू होने से जनपद के अलावा सीमावर्ती जनपदों के मरीजों को लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा। पचास सीटें और बढ़ने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।अमेठी जनपद के तिलोई में करीब तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से वर्ष 2021 में मेडिकल कालेज के निर्माण का शिलान्यास



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया था।मेडिकल कालेज प्रबंधन के कड़े निर्देश पर कार्यदायी संस्था ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में शिक्षण कार्य के लिये आवश्यक निर्माण कार्य इसी माह लगभग पूरा किये हैं। बीते दो माह से मेडिकल कालेज प्रशासन ने एनएमसी के मानक अनुरूप तैयारियां शुरू कर दी थीं। अस्पताल के कक्षों में आवश्यक संसाधन स्थापित किये गये हैं। मेडिकल कॉलेज परिसर में कक्षों समेत अन्य सुविधाएं कराई जा रही हैं। आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य व सीनियर और जूनियर रेजीडेंट की नियुक्त की गई थी। इसके बाद मान्यता को आवेदन किया था।

मेडिकल कालेज की प्रधानाचार्य डॉ रीना शर्मा ने बताया कि जुलाई माह में एनएमसी ने वर्चुअल मीटिंग कर विचार विमर्श किया था।और उसके बाद अगस्त माह में निर्माण की समीक्षा के बाद एन एम सी ने सत्रह सितम्बर को पचास सीटों पर प्रवेश हेतु अनुमति दे दी थी।परंतु चिकित्सा राज्यमंत्री ने वर्चुअल मीटिंग के दौरान एन एम सी की टीम से पचास सीटें और आबंटित करने का आग्रह किया किया था।उसी क्रम में शुक्रवार को पचास सीटें और आबंटित हुई हैं।

प्रथम वर्ष के अध्ययन अध्यापन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।आने वाले दिनों में मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं का विस्तार हो जायेगा। साथ ही अब प्रथम वर्ष के एमबीबीएस की सीटों पर छात्र प्रवेश ले सकेंगे।इसके पूर्व इकतालीस मेडिकल छात्र प्रवेश ले चुके हैं। मेडिकल कॉलेज के संचालित होने से चिकित्सकों की कमी पूरी होगी। साथ ही गंभीर रोगियों को भी उपचार की सुविधा का लाभ मिलेगा। मेडिकल कालेज में पचास सीटों

**तिलोई में एमबीबीएस के एक सैकड़ा छात्र मेडिकल की शिक्षा ग्रहण करेंगे**

**क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के साथ ही स्वास्थ्य राज्यमंत्री के प्रति आभार जताया**

की बढ़ोत्तरी पर ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, धर्मेश मिश्रा, मनीष सिंह,भास्कर सिंह, दिनेश सिंह राठौर, प्रदीप सिंह, शिरीष गुप्ता, अर्जुन सिंह भदौरिया, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, आशीष नंदन त्रिपाठी, सुजीत पाण्डेय, राम जी सिंह, कुलदीप मिश्रा सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के प्रति आभार जताया है।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान पर राज्यमंत्री ने उपलब्धियां गिनाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । भारतीय जनता पार्टी अमेठी द्वारा आयोजित आत्म निर्भर भारत अभियान को लेकर एक प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने आत्म निर्भर भारत अभियान की मूल भावना, उसके उद्देश्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल एक योजना नही बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाने का एक सशक्त आंदोलन है।उन्होंने बताया कि यह अभियान देश के हर नागरिक को आर्थिक रूप से सक्षम, तकनीकी रूप से दक्ष और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम है। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने



जनपद अमेठी में चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुये बताया कि कैसे कृषि, युवा, महिला और लघु उद्योगों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत नई दिशा और गति मिल रही है। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह आत्मनिर्भर भारत अभियान को गांव-गांव, घर घर तक पहुंचाए और जनता को इससे जोड़ने का कार्य करे।इस मौके पर भाजपा के प्रवक्ता चंद्र मौलि सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# तिलोई की ब्लाक प्रमुख के आवास से आज निकलेगी कलश यात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के गांव पूरे दान सिंह वैस मजरे मेढ़ौना में आगामी ग्यारह अक्टूबर से होने वाली श्रीमद भागवत कथा की तैयारियां पूर्ण हो गई है। शनिवार को ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर शमिल होगी। श्रीमद भागवत कथा के भगवामय पण्डाल को आधुनिक लाइटों से सजाया गया है।श्रीमद भागवत कथा के यजमान एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि आगामी ग्यारह अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाली श्रीमद भागवत कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के मुखारबिंदु से नियमित दोपहर दो बजे से पांच बजे तक कथा का रसपान कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्यारह अक्टूबर को कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा राम जानकी मंदिर जमुरवां तक निकाली

**भगवामय रथ के साथ ही पीला वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में शामिल होगी हजारों महिलाएं**

जायेगी जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल होगी।आयोजक ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि कथा स्थल के आसपास एक दर्जन पार्किंग स्थल बनाये गये हैं और मौसम के बदलते रुख को देखते हुये वाटर प्रूफ पंडाल लगाया गया है। आयोजक मुन्ना सिंह ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा में प्रदेश सरकार के कई मंत्री विधायकों के साथ ही आला अधिकारियों के आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। ब्लाक प्रमुख तिलोई ने आम जनमानस से नियमित कथा श्रवण करने की अपील की है।इस मौके पर अखण्ड प्रताप सिंह, रामजी सिंह, धर्मेश मिश्रा,दिग्विजय सिंह, शिव भूषण शुक्ला,सिद्धार्थ सिंह, राहुल सिंह,जय सिंह,सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के पखवाड़े का हुआ समापन

पीलीभीत। मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के पखवाड़े के अंतिम दिन शिक्षकों ने छात्रों को बताया कि मेडिटेशन, योग के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को आराम मिलती है साथ ही नियमित मेडिटेशन करने की अलावा अन्य शारीरिक गतिविधियों के बारे में गांव के लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को बताया गया। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बताया कि तनाव से मुक्त रहें इसके लिए नियमित व्यायाम करें साथ ही छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें अन्यथा यही तनाव आगे चलकर गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है।शिक्षकों ने अभिभावकों को बताया कि स्ट्रेस एक समस्या बनता जा रहा है। इसलिए इससे बचाव के लिए शारीरिक श्रम करें और मेडिटेशन, योग के माध्यम से खुद बच्चे और दूसरों को भी बचाएं। पखवाड़े के अंतिम दिन परिषदीय विद्यालयों में स्कूली बच्चों को तमाम गतिविधियां आयोजित कराकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह पखवाड़े के आखिरी दिन शिक्षकों ने स्कूली बच्चों को योग आसन कराकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और हर दिन योग कर निरोग रहने के बारे में जानकारियां दी है।

# सपाइयों ने मनाई मुलायम सिंह यादव की जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद पीलीभीत के काशीराम बारातघर में समाजवादी पार्टी पीलीभीत के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के तीन बार के मुख्यमंत्री,सात बार के सांसद ,पूर्व रक्षामंत्री भारत सरकार एवं पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन कहा हैं। कि श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव एक प्रमुख भारतीय राजनेता थे। जो समाजवादी विचारधारा के अग्रणी नेता माने जाते थे वे समाजवादी पार्टी के संस्थापक थे और उत्तर प्रदेश के तीन बार के मुख्यमंत्री रहे नेताजी भारत के रक्षामंत्री भी रहे और सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित भी किया है।नेताजी एक शिक्षक के रूप में अपना करियर शुरू किए थे राजनीति में उनके गुरु डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह माने जाते थे उन्हें आमतौर पर नेताजी के नाम से पुकारा जाता था,नेता जी ने पिछड़ों गरीबों वंचितों की आवाज बुलंद की समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक शमशा




जी ने अपने संबोधन में कहा श्रद्धेय नेताजी एक कुशल संगठनकर्ता और जमीनी नेता थे, वे नेताजी के नाम से लोकप्रिय थे, उन्होंने समाजवादी विचारधारा को उत्तर भारत में मजबूत किया, नेताजी ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग राजनीति के प्रमुख चेहरों में से एक थे।कार्यक्रम के आयोजक एवं 128 विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सफाई गांव में किसान परिवार में हुआ था उनके पिता सुख हर सिंह यादव और माता मूर्ति देवी थी बी यादव समुदाय से थे जो भारत सरकार में एक प्रमुख पिछड़ी जाति है उन्होंने इटावा के कर्म क्षेत्र पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज से राजनीतिक विज्ञान में व शिकोहाबाद एके कॉलेज बीटीसी और महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय में एमए की डिग्री प्राप्त की, नेता जी कुश्तीबाजी के शौकीन थे।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, 127 सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान,धनपति वर्मा एडवोकेट,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी,वरिष्ठ सपा नेता अशोक शमशा,यूसुफ कादरी,सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट,सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष रियाज़ खां,सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष आशा वर्मा, अमित पाठक एडवोकेट,129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,सपा जिला सचिव आदर्श पाण्डे एडवोकेट,सपा जिला सचिव महेश पटेल,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य, ,सोमपाल,धर्मवीर,राममूर्ति लाल,छत्रपाल,अरशद ताहिर,सपा जिला सचिव मो.हसन खां,महेश कश्यप,विष्णु कुमार, मुन्नूलाल,छोटेलाल,अशरफ अली, ओमप्रकाश, जितेंद्र कुमार, पूरनलाल, जमाल खान,संदीप सक्सेना, मो.फैज अंसारी,गुरविंदर सिंह, भूरा वारसी,मुस्तकीम,इस्लाम अंसारी, बाबू,नवी बक्स, आरिफ, विपिन वर्मा,एजाज़ मलिक, कामता प्रसाद वर्मा, ऋषिपाल वर्मा,नजीर बक्स,भारत वर्मा,अनंतराम,सुनील कुमार,कपिल, ब्रजकिशोर, कड़े सिंह, सुरेश चंद्र आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे है।

## करवाचौथ पर पांच विवाहित जोड़े एक साथ में रहने को हुये राजी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी रिश्तों को भी मजबूत करने में जुट गई है। करवा चौथ पर महिला थाना के प्रयास से पांच विवाहित जोड़े पुनः साथ रहने को राजी हुये और महिला थाना पुलिस के प्रति आभार जताया है।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत गुरुवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें पांच विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिये सहमत होकर घर गये तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया।अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## पुलिस ने चालीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत चालीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान विष्णु पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम चंदौकी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने पूरनपुर कोतवाल से की शिष्टाचार भेंट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पूरनपुर कोतवाल पवन पांडेय से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान संगठन और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने तथा क्षेत्र में शांति व सौहार्द कायम रखने पर चर्चा हुई इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शेखर पांडेय, युवा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता, युवा नगर महामंत्री सर्वेश जायसवाल, युवा नगर मंत्री निलेश गुप्ता, युवा नगर मंत्री गोपी प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे पदाधिकारियों ने कोतवाल पवन पांडेय का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उनके कार्यों की सराहना की। कोतवाल पवन पांडेय ने भी संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## नेता जी सभी वर्गों के सच्चे हितैषी थे : धीरु त्रिपाठी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के संस्थापक देश के पूर्व रक्षामंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय नेता जी किसानों मजदूरों युवाओं व्यापारियों सहित सभी वर्गों के सच्चे हितैषी थे उन्होंने सभी वर्गों के लिये कार्य किया।नेता जी द्वारा किये गये कार्य अनुकरणीय हैं।उन्होंने सभी वर्गों को सम्मान देने का कार्य किया।किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं को लागू कर किसानों सहित सभी वर्गों को लाभान्वित करने का कार्य किया।यह बात शाहगढ़ विकास खण्ड के नेवादा किशुनगढ़ में शुक्रवार को आयोजित सपा संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी व वरिष्ठ नेता प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू ने कही।सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सपा के वरिष्ठ नेता प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू के नेतृत्व में सपा संस्थापक देश के पूर्व रक्षामंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर एवं व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पर प्रकाश डालकर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई और श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान कई वक्ताओं द्वारा उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया गया। इस मौके पर सपा नेता पारसनाथ यादव, कल्लू पाण्डेय,विजय यादव,राहुल दुबे, कुलदीप शुक्ला,पवन शुक्ला सहित अन्य तमाम पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# डीआरएम ने अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। उत्तर रेलवे के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा शुक्रवार को विशेष ट्रेन से सुलतानपुर पहुंचे। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन के विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने यात्री सुविधाओं, राजस्व वसूली, सफाई व्यवस्था और स्टेशन के अन्य प्रबंधों को लेकर संबंधित अफसरों से बातचीत की।



पार्सल भवन का निरीक्षण करते समय डीआरएम ने जब पार्सल विभाग के जिम्मेदार अधिकारी से सवाल किए, तो कई कमियां उजागर हुईं। पार्सल बाबू को यह तक नहीं पता था कि कौन से सामान रेलवे पार्सल में प्रतिबंधित हैं। इस पर डीआरएम ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि अगले दो दिनों के भीतर प्रतिबंधित सामानों की सूची सभी पार्सल कर्मियों को भेजी जाए। आगामी दिवाली पर्व को देखते हुए डीआरएम ने विस्फोटक और प्रतिबंधित वस्तुओं की सख्त जांच के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान डीआरएम ने कंपनी के ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने की हिदायत दी।

इसी दौरान डीआरएम ने रेलवे यूनियन भवन का भी निरीक्षण किया और उसे बड़ा बनाने व अन्य स्थान पर शिफ्ट करने को लेकर यूनियन पदाधिकारियों से चर्चा की। उत्तरी रेलवे मजदूरी यूनियन के शाखा प्रबंधक पंकज दुबे ने बताया कि डीआरएम साहब ने यूनियन कार्यालय को शिफ्ट करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा, जैसे ही उचित स्थान एलॉट कर दिया जाएगा, यूनियन कार्यालय को नए स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे के दर्जनों अधिकारी डीआरएम के साथ मौजूद रहे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय (जिला चिकित्सालय पुरुष) में गुरुवार को विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानसिक रोगों के लक्षणों, उनके उपचार व सामाजिक जागरूकता के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य विधान परिषद (एम.एल.सी.) रहे। अध्यक्षता डॉ. भारत भूषण, मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) ने की। इस अवसर पर डॉ. सलिल श्रीवास्तव, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, डॉ. लालजी (एसीएमओ), डॉ. सी.एल. रस्तोगी (सीएमएस पुरुष अस्पताल), डॉ. यादव (सीएमएस महिला अस्पताल), संतोष यादव (डीपीएम), रिंका वर्मा (निदेशक, रूरल इन्कार्नेशन एंड सोशल हारमनी एकेडमी), डॉ. सौरभ जायसवाल (विभागाध्यक्ष, मानसिक रोग विभाग) तथा डॉ. सबाहुद्दीन अम्मार (मानसिक रोग विशेषज्ञ)



सहित रेजीडेंट डॉ. अभिलाष श्रीवास्तव और समस्त मानसिक रोग विभाग एवं एनसीडी सेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि तनाव, अवसाद, चिंता, नींद की कमी, व्यवहार में बदलाव, आत्मविश्वास की कमी जैसे लक्षण मानसिक रोगों के संकेत हो सकते हैं, जिनका समय रहते उपचार आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और उनके हौसले को सराहा गया। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज के विकास का आधार है। इस अवसर पर डॉ. सौरभ जायसवाल ने कहा कि ल्लमानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज को जागरूक करना आज समय की जरूरत है। हर व्यक्ति को अपने आसपास के लोगों के व्यवहारिक परिवर्तन पर ध्यान देना चाहिए और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। शिविर में आए मरीजों व प्रतिभागियों ने मानसिक रोगों की पहचान, इलाज और बचाव से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को लेकर निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

## एपीओ की प्रभारी मंत्री से प्रधानों ने की शिकायत मचा हड़कंप

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर विकासखंड में तैनात एपीओ के खिलाफ कई ग्राम प्रधानों ने जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख को शिकायत पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं।6 अक्टूबर को कच्चे कार्य की पत्रावली विकासखंड पूरनपुर में ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला की जमा की गई। जिस पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आदर्श कुमार वर्मा ने 6% धनराशि की मांग की गई जो की ?15000 बने प्रधान द्वारा भुगतान पत्रावली के रुपए नहीं देने पर पत्रावली फीड नहीं की गई और गलत भाषा शैली का प्रयोग किया गया गाली भी दी गई और कहा गया अगर तुम रुपए नहीं दोगे तो श्रमिकों का भुगतान नहीं किया जाएगा मैं सभी ग्राम प्रधान,रोजगार सेवकों से रुपए लेने के बाद ही भुगतान पत्रावली फीडकरता हूं।मुझे जिला स्तर पर भी रुपए देने होते हैं। अगर तुम्हें पत्रावली का भुगतान कराना है।तो रुपए देने होगे तभी मनरेगा श्रमिकों का भुगतान दीपावली तक हो जाएगा प्रधानों ने पत्र में प्रभारी मंत्री से यह भी कहा कि उनके द्वारा ऐसा कई बार किया जा चुका है।एक कच्चे पक्के कार्यो का भुगतान तभी करते हैं जब इनको कच्चे कार्य पर 6% एवं पक्के कार्य पर 7% ग्राम प्रधानों एवं ग्राम रोजगार सेवकों से धारणाती लेने के उपरांत ही भुगतान पत्रावली फीड कराई जाती है।अगर उनकी धनराशि नहीं मिलती है।तो एक कह देते हैं।कि कहीं पर भी शिकायत करो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। में जिला स्तर के अधिकारियों को भी रुपए देता हूं साथ ही अभी लगभग 11 ग्राम पंचायतो में पक्के कार्य का भुगतान गलत तरह से किया गया हैं।उसमें अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा 20% से लेकर 30% तक रुपए लेकर भुगतान किया गया हैं।जिस पर उनके ऊपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके लिए अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कहा जाता है।कि मैने जांच अधिकारी को रुपए दे दिए हैं।मेरा कोई कुछ नहीं कर पाएगा इन पर आय से अधिक संपत्ति भी है। उनकी आय से अधिक संपत्ति की जांच की जाए साथ ही मनरेगा श्रमिकों का भुगतान इनके द्वारा नहीं किया गया है इन गरीब मनरेगा श्रमिकों का भुगतान कराया जाए। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को पूरनपुर ब्लाक से हटाने और उनके खिलाफ जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सिरसा ओमवती,प्रधान बख्तापुर पुष्पा देवी, पिपरिया दुलई राजाराम वर्मा ,ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार नगरिया खुर्द कला, ग्राम प्रधान चाट फिरोजपुर मुंशीलाल राठौर ,ग्राम प्रधान सबलपुर खास बृजपाल, प्रधान सुनील कुमार नारायणपुर, प्रधान मोहनपुर सहित लगभग एक दर्जन ग्राम प्रधानों के हस्ताक्षर हैं।

## पंचायत भवन से हजारों की चोरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव महद खास उर्फ महादिया मे बने पंचायत भवन में बीती रात अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गये चोर पंचायत भवन की दीवार में नकब लगाकर अंदर प्रवेश हुए और वहां खड़े ई-रिक्शा की चार बैटरियां सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए सुबह जब ग्राम प्रधान कोमिल प्रसाद पंचायत भवन पहुंचे तो दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत सचिव ओमप्रकाश भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी ।

## परमीशन की आड़ मे डंपरों से हो रहा अवैध मिट्टी खनन खनन मे लगे डंपर ने तोड़ा रेलवे फाटक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन ने अवैध खनन पर भले ही रोक लगा दी हो लेकिन खनन माफिया साठगांठ के चलते परमीशन की आड़ में जमकर मिट्टी का खनन कर रहे हैं। कभी कभी खनन में प्रयुक्त होने वाले वाहन पकड़े भी जाते हैं। तो कभी उन्हें मौके पर ही ले देकर छोड़ दिया जाता है।भले ही योगी सरकार ने खनन पर रोक लगा रखी पर पर सत्ता पक्ष के लोगो के इशारे पर इसको अंजाम दिया जा रहा है खनन पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया गया था। इसके बाद खुलेआम अवैध रूप से होने वाला खनन तो रुक गया पहले खनन माफिया पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से सांटगांठ कर सीधे बालू व मिट्टी का खनन करते थे शासन के दबाव पर जब कभी खनन में लिप्त डंपर ट्रैक्टर पकड़े जाते थे तो उनसे जुर्माना वसूल किया जाता था अब इस जुर्माने में और बढ़ोत्तरी कर दी गई है।शासन की सख्ती के चलते अवैध रूप से होने वाला खनन रुक गया है लेकिन खनन माफिया ने अधिकारियों से साठगांठ कर खनन का रास्ता निकाल लिया। सूत्र बताते हैं कि 10 या 20 ट्राली मिट्टी खोदने की परमीशन माफिया ले लेते हैं। इसके माफिया खनन शुरू करा देता है। उन दस-12 ट्राली की परमीशन की आड़ में उससे अधिक खनन किया जाता है।

## सम्पादकीय

# डिजिटल क्रांति बनी केंद्र बिंदु

नई दिल्ली में चल रहे दूरसंचार सम्मेलन में स्वदेशी 4 जी स्टैक और भारत में डिजिटल क्रांति प्रमुख विशेषताओं के रूप में उभरकर सामने आए हैं। 'इंडिया मोबाइल कंग्रेस' का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के दूरसंचार क्षेत्र की उपलब्धियों को रेखांकित किया और भारत में निवेश, निर्माण और नवाचार की समयबद्धता को उजागर किया। तकरीबन 15 साल पहले के कथित 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले और वर्ष 2007 में हचिसन एस्सार के अधिग्रहण के बाद वोडाफोन पर अतीत से प्रभावी कर या फिर कंपनियों के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से जुड़े शुल्क पर सरकार बनाम उद्योग जगत जैसे विवादों को छोड़ दिया जाए तो भारत का दूरसंचार क्षेत्र कंपनियों के लिए काफी कामयाबी लाने वाला रहा है। वैसे तो उद्योग जगत पर विपरीत असर डालने वाली कई नीतियों और निर्णयों को या तो बाद में सरल किया गया या फिर उन्हें वापस ले लिया गया लेकिन हाल के दिनों में कुछ नई समस्याएं सामने आई हैं। उदाहरण के लिए उद्योग जगत के कुछ प्रमुख प्रतिनिधियों ने डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के लिए नियामकीय व्यवस्था के पुनर्गठन की आवश्यकता पर जोर दिया है। देश में दूरसंचार नियमों को लगातार बदलते डिजिटल जोखिमों के साथ तालमेल वाला बनाने की जरूरत है। हालांकि इस बात पर अब तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है कि स्पैम कॉल्स और संदेशों के लिए किसे जिम्मेदार बनाया जाए। सरकार, नियामक और उद्योग जगत तीनों इस पर अलग-अलग नजरिया रखते हैं। चुनौतियों के बावजूद देश का दूरसंचार क्षेत्र तकनीकी उन्नति के क्षेत्र में बेहतर रहा है। स्वदेशी 4जी टेक्नॉलजी स्टैक के साथ दुनिया के पांच खास देशों में शामिल होना ऐसा ही एक उदाहरण है। इस स्टैक के लिए सी-डॉट ने कोर नेटवर्क का विकास किया, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) मुहैया कराया और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सिस्टम इंटीग्रेटर का काम किया। भारत के अलावा चीन, दक्षिण कोरिया, डेनमार्क और स्वीडन ने 4जी मोबाइल टेक्नॉलजी स्टैक विकसित किया है। उपयोगकर्ताओं के लिए इसका अर्थ होगा तेज और विश्वसनीय मोबाइल इंटरनेट सेवाएं और उम्मीद है कि यह स्वदेशी तकनीक देश को राष्ट्रीय सुरक्षा लाभ और डिजिटल संप्रभुता प्रदान करेगी। 4जी स्टैक का एक और लाभ यह है कि इसके सॉफ्टवेयर-प्रथम डिजाइन के कारण भविष्य में इसे 5जी इन्फ्रास्ट्रक्चर में उन्नत किया जा सकता है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लिए काम में लगाया गया यह स्वदेशी 4जी स्टैक अब निर्यात के लिए भी तैयार किया जा रहा है। 4जी स्टैक जैसे तकनीकी नवाचार के बीच भारत ने 5जी के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व कामयाबी हासिल की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब देश के हर जिले में 5जी की सुविधा है। सितंबर तक देश में 36.5 करोड़ लोग 5जी सेवाओं का उपयोग कर रहे थे। लॉन्च होने के तीन साल के भीतर यह उल्लेखनीय आंकड़ा है। देश में कुल दूरसंचार क्षेत्र की पहुंच भी एक सकारात्मक संकेतक है, जो 86.4 फीसदी पर है, और कई अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत इसमें अभी भी वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण भारत से अपेक्षित है, जहां टेलीघनत्व 59.3 फीसदी है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 134.5 फीसदी तक पहुंच चुका है। दूरसंचार उपकरणों का घरेलू निर्माण और उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना यानी पीएलआई के कारण भारत से इनका रिकॉर्ड स्तर पर निर्यात, इस क्षेत्र की सफलता की कहानी में नया आयाम जोड़ रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार 2014 से अब तक मोबाइल फोन उत्पादन 28 गुना और निर्यात 127 गुना बढ़ा है। हालांकि, दूरसंचार क्षेत्र को अग्रणी बनाए रखने के लिए सेवा प्रदाताओं की वित्तीय स्थिति मजबूत होना आवश्यक है। इसी संदर्भ में भारत के निजी दूरसंचार क्षेत्र में दो कंपनियों का दबदबा कायम होने की बढ़ती चिंता का समाधान जरूरी है। दूरसंचार कंपनियों को अपने टैरिफ की संरचना को व्यवस्थित करना होगा, जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम दरों में से एक हैं।

# समाज में परिवर्तन की वाहक बनें बालिकाएं

**अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस (11 अक्टूबर) पर विशेष**

**आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उनके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।**

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनिया में इसे मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस दुनिया भर में लड़कियों द्वारा उनके लिंग के आधार पर सामना की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है- मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां। यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है। यह थीम उन चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिनका सामना बालिकाएं करती हैं। यह थीम बालिकाओं को केवल संकट के शिकार के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने पर जोर देती है। यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें।

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उनके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2023-24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती हैं तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है। अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सके कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियां अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिस छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाइटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकायें कहीं भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।



समाज के पढ़े-लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मां, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेंगे।

रमेश सर्राफ धमोरा

# आजम के दरबार में क्यों पहुँचे अखिलेश

**प्रभुनाथ शुक्ल**

प्रदेश की राजनीति में नए क्षितिज उभर रहे हैं। राज्य विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सत्ता और विपक्ष अपनी-अपनी कमर कसता दिख रहा है। हालांकि अभी चुनाव में काफी समय है लेकिन राजनैतिक दलों ने माहौल बनाना शुरू कर दिया है। भाजपा जहां सत्ता खोना नहीं चाहती वहीं उत्तर प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, पीडीए को साधने में जुटा है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का बेहतर प्रदर्शन रहा था। इस प्रदर्शन ने भाजपा की पेशानी पर बल ला दिया। समाजवादी पार्टी अगर यही प्रदर्शन दोहराती है तो विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है।

अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए जुटे हैं और सत्ता पक्ष के कामों का अक्सर विरोध करते दिखते हैं। आजम खान की जेल से रिहाई के बाद अखिलेश यादव खुद रामपुर जाकर उनसे मिले। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा था कि आजम खान समाजवादी पार्टी से नाराज हैं और वह बसपा में जा सकते हैं। इन सब अटकलों को देखकर अखिलेश यादव को आखिर आजम खान के दरबार में माथा टेकना पड़ा।

आजम खान के सियासी शरण में जाना अखिलेश यादव की मजबूरी है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग ही उनका जनाधार है। पिछड़ा वर्ग में भी सभी जातियों को हम शामिल नहीं कर सकते हैं। लेकिन यादव और मुसलमान अखिलेश के साथ खड़े रहते हैं। आजम खान समाजवादी पार्टी के बड़े चेहरे हैं। समाजवादी पार्टी से अगर आजम खान किनारा करते तो अखिलेश यादव की राजनीतिक पकड़ बेहद कमजोर हो जाती। ऐसी स्थिति में मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए आजम शरणम गच्छामि होना पड़ा। आजम का प्रभाव पश्चिमी यूपी में मजबूत है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, यूपी में मुसलमानों की कुल आबादी तकरीबन 20 फिसदी है। 2025 तक अनुमान है कि यह आबादी तकरीबन साढ़े चार करोड़ पहुंच जाएगी। सबसे अहम सवाल है कि क्या मुसलमान आजम खान को अपना नेता मानता है। यह कहना पूरी तरह से गलत होगा कि यूपी का मुसलमान आजम के साथ पूरी तरह खड़ा है। मुसलमानों में कई नेता हैं और सबके अपने-अपने समर्थक। सिर्फ आजम खान के इशारे पर मुसलमान नहीं खड़ा होगा। हालांकि उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुसलमानों की अहमियत को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि प्रदेश के सभी राजनीतिक दल मुसलमान वोटबैंक साधने के लिए उनके साथ खड़े रहते हैं। हालांकि यह भी सच है मुसलमान भारतीय जनता पार्टी को भी बड़े पैमाने मतदान करता है। भाजपा साल 2017 के चुनाव में पश्चिम के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी हुआ अपना परचम लहरा चुकी है। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में तकरीबन 55 से 60 सीटों के आसपास मुस्लिम मतदाताओं का दबदबा है। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने यहां की 82 सीटों में 62 सीटों पर विजय हासिल की थी। यह चौंकाने वाला आंकड़ा था और राजनीतिक विश्लेषकों को चक्कर में डाल दिया था मुस्लिम सभी सियासी मिथक को तोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़े मिले। उत्तर प्रदेश की लोकसभा में 80 सीटों में तकरीबन 20 से 22 सीटों पर मुसलमानों का प्रभाव है। इसमें सहारनपुर बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल और मुजफ्फरनगर एवं रामपुर जैसे संसदीय इलाके शामिल। यही कारण है कि अखिलेश यादव को आजम खान से मिलने रामपुर हवेली जाना पड़ा। समाजवादी पार्टी से अगर मुस्लिम नाराज होता है तो उसके लिए बड़ी चुनौती होगी। सवाल यह भी है कि वह नाराज होकर भी कहाँ जाएगा। लेकिन पूरी तरह से मुस्लिम मतदाता सिर्फ समाजवादी पार्टी के साथ हैं- ऐसा कहना मुश्किल है। वह मायावती की बहुजन समाज पार्टी और भाजपा के साथ भी खड़ा मिलता है। चुनाव में यह भी ट्रेंड देखा गया है कि मुसलमान परिस्थितियों को देखते हुए अपनी वोटिंग करता है। उत्तर प्रदेश में एक और सियासी घटना ने सपा के लिए नई चुनौती को जन्म दिया है। लखनऊ में काशीराम परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती की तरफ से आयोजित रैली से समाजवादी पार्टी की नींद उड़ गई है। उधर, दलितों का मसीहा बनने की कोशिश कर रहे चंद्रशेखर भी उलझन में है। क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी कमजोर स्थिति में नहीं। तकरीबन 10 साल बाद मायावती की राजनीति सक्रियता ने उनके सपने पर पानी डाल दिया है।

## सेहत मंत्र

# अमरूद ही नहीं, उसकी पत्तियां भी होती हैं सेहत के लिए लाभदायक

अमरूद एक ऐसा फल है, जो हर किसी को काफी पसंद आता है। इसे खाने से आपको स्वाद के साथ सेहत भी मिलती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अमरूद ही नहीं, उसकी पत्तियां भी सेहत के लिए उतनी ही लाभकारी है। अमरूद की पत्तियों में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल गुण और एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं, जिसके कारण यह कई तरह की बीमारियों में लाभदायक है। आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन अमरूद के पत्ते जुकाम जैसी सामान्य समस्या से लेकर जानलेवा डेंगू तक को ठीक कर सकता है। दूर करे मसूड़ों का दर्द- अमरूद के पत्ते ओरल हेल्थ के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। अगर आपको मसूड़ों में किसी तरह की परेशानी या दर्द है तो आप अमरूद की पत्तियों को पीसकर इसमें लौंग व सेंधा नमक मिलाएं। अब इसमें थोड़ा पानी मिक्स करके उबालें। अब आप इस पानी को हल्का सा ठंडा करें और फिर इससे गरारे करें। इससे न सिर्फ मसूड़ों की समस्या दूर होती है, बल्कि मुंह से आने वाली दुर्गंध से भी छुटकारा मिलता है। डायरिया में आराम- डायरिया एक ऐसी समस्या है, जो देखने में भले ही आम लगे, लेकिन इसके कारण व्यक्ति काफी कमजोर हो जाता है। इसके लिए आपको अमरूद के पत्तों का काढ़ा बनाना होगा। काढ़ा बनाने के लिए आप अमरूद के पत्तों को पानी में डालें। साथ ही इसमें चावल का आटा मिलाकर उबालें। अब आप इस पानी को छानक इसका सेवन करें। घटाए वजन- अगर आप अपने अतिरिक्त वजन से परेशान हैं और उसे कम करना चाहते हैं तो अमरूद के पत्तों के रस का सेवन किया जा सकता है। यह रस आपके वजन कम करने के साथ-साथ आपके दिल का भी ख्याल रखता है। पिंपल्स को करें दूर- अमरूद के पत्ते आपकी सेहत के साथ-साथ सौंदर्य का भी उतना ही ख्याल रखते हैं। मसलन, अगर आपको पिंपल्स हैं और आप महंगी क्रीम का इस्तेमाल कर रही हैं तो उसकी जगह आप अमरूद के पत्तों को पीसकर पेस्ट बनाएं और उसे प्रभावित जगह पर लगाएं। रातभर इस पेस्ट को ऐसे ही रहने दें। कुछ दिन लगातार यह उपाय करने से आपके पिंपल्स जल्द ही खत्म हो जाएंगे। ठीक इसी तरह, अगर आप ब्लैकहेड्स को दूर करना चाहती हैं तो अमरूद की पत्तियों से स्किन को स्क्रब करें।

## धर्म मंत्र

# हिंदू संस्कारों में बेहद अहम है विवाह संस्कार

हिंदू संस्कारों में विवाह संस्कार बेहद अहम होता है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में वैवाहिक विधि-विधानों की काव्यात्मक अभिव्यक्ति का वर्ण किया गया है। गृहस्थाश्रम का आधार ही विवाह संस्कार है। इस संस्कार के बाद वर-वधू अपने नए जीवन में प्रवेश करते हैं। यह केवल एक संस्कार नहीं है बल्कि यह एक पूरी व्यवस्था है। इसी संस्कार के बाद से मनुष्य के चार आश्रमों में से सबसे अहम आश्रम यानी गृहस्थ आश्रम का आरंभ होता है। इस संस्कार को समावर्तन संस्कार के बाद किया जाता है। अपनी शिक्षा दीक्षा को पूरा कर जातक गृहस्थ आश्रम की ओर बढ़ता है। इसी संस्कार से व्यक्ति पितृऋण से भी मुक्त हो जाता है। आइए जानते हैं इस संस्कार के बारे में विस्तार से। जैसा कि हमने बताया यह केवल एक संस्कार नहीं है, यह एक पूरी व्यवस्था है। हिंदू धर्म में विवाह बेहद अहम होता है और वर-वधू समेत पूरे परिवार के लिए यह बहुत मायने रखता है। हिंदू धर्म में विवाह का बंधंन जन्म जन्मांतर का माना जाता है। श्रुति ग्रंथो में विवाह के स्वरूप को व्याख्यायित किया गाय है। इसमें कहा गया है कि दो शरीर, दो मन, दो बुद्धि, दो हृद्य, दो प्राण एवं दो आत्माएं का मेल ही विवाह है। ऐसा कहा जाता है कि जब जातक का जन्म होता है तब वो देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण का ऋणि होता है। ऐसे में देव ऋण चुकाने के लिए पूजा-पाठ, यज्ञ हवन आदि किए जाते हैं। फिर ऋषि ऋण से मुक्त होने के लिए वेदाध्यन संस्कार यानि गुरु से ज्ञान प्राप्त किया जाता है। वहीं, पितृ ऋण से मुक्त होने के लिए विवाह संस्कार का होना बेहद आवश्यक हो जाता है। यह ऋण तब तक नहीं उतरता जब तक जातक स्वयं पिता नहीं बन जाता।

## पर्यटन



# गोवा की बात ही अलग है, दिन भर करिये मस्ती और रात को पार्टी

गोवा का नाम सामने आते ही आंखों के सामने घूमने लगते हैं खूबसूरत और लंबे-चौड़े समुद्री किनारे, ऐतिहासिक चर्च, इमारतें, शाम की ठंडी हवा, क्रूज का शानदार सफर, फ़ेनी, पब्स, काजू, डांस पार्टीज, बाइक पर मस्ती करते युवा और ना जाने क्या क्या...। गोवा घूमने के लिए वैसे तो आप कभी भी जा सकते हैं लेकिन अक्तूबर से दिसबंर तक यहाँ घूमने का अपना अलग मजा है। खासकर दिसंबर में तो गोवा विदेशी पर्यटकों से भरा रहता है और यहां की न्यू ईयर पार्टीज पूरी दुनिया में मशहूर हैं। अब तो मुंबई से गोवा के लिए क्रूज भी चलने लगा है जिससे पर्यटकों की तादाद बढ़ गयी है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि गोवा में वो सबकुछ है जो एक पर्यटक चाहता है। गोवा लगभग 450 साल तक पुर्तगाली शासन के आधीन रहा इसलिए यहां पर यूरोपीय संस्कृति का प्रभाव अधिक महसूस होता है। दिसंबर 1961 में गोवा को भारतीय प्रशासन को सौंपा गया था। संस्कृति की दृष्टि से गोवा की संस्कृति काफी प्राचीन है। मान्यता है कि 1000 साल पहले गोवा ''कोंकण काशी'' के नाम से जाना जाता था। क्षेत्रफल के हिसाब से देखा जाये तो गोवा भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है। पूरी दुनिया में गोवा अपने खूबसूरत समुंदर के किनारों और मशहूर स्थापत्य कला के लिये जाना जाता है। बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि गोवा के बारे में एक मान्यता यह भी है कि इसकी रचना स्वयं भगवान परशुराम ने की थी। भगवान परशुराम ने एक यज्ञ के दौरान अपने बाणों की वर्षा से समुद्र को कई स्थानों पर पीछे धकेल दिया था। इसी वजह से आज भी गोवा में बहुत से स्थानों का नाम वाणावली, वाणस्थली इत्यादि हैं। उत्तरी गोवा में हरमल के पास भूरे रंग के एक पर्वत को परशुराम के यज्ञ करने का स्थान माना जाता है। गोवा के मनभावन समुद्री किनारों की बात करें तो इनमें पणजी से 16 किलोमीटर दूर कलंगुट बीच, उसके पास बागा बीच, पणजी बीच के निकट मीरामार बीच, जुआरी नदी के मुहाने पर दोनापाउला बीच प्रमुख हैं। इसके अलावा दूसरी दिशा की ओर देखेंगे तो कोलवा बीच पर मानसून के समय पर्यटक बड़ी तादाद में जुटते हैं।

# सैय्यद कुर्बान अली शाह के ऐतिहासिक कुल शरीफ की रस्म अदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा , बाराबंकी । संसार को आपसी प्रेम व भाई चारे और जो रब है वही राम है का संदेश जन जन तक पहुँचाने वाले प्रसिद्द सूफी संत हजरत हाजी वारिस अली के पिता हजरत सैययद कुर्बान अली शाह(दादामियाँ) का ऐतिहासिक कुल शरीफ परम्परागत और शान व शौकत के साथ आज संप्पन हुआ। अकीदत मन्दो के जन सैलाब के बीच नमाज असर से पूर्व सज्जादा नशीन(दरगाह दादा मियाँ) हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह की उपस्थिति मे ऐतिहासिक कुल शरीफ की परम्परा पूरी अकीदत व धूम धाम के साथ संप्पन हुई। दादामियाँ के कुल शरीफ के साथ ही कार्तिक देवा मेला मे वारिस अली शाह रह के चाहने वालों का जन सैलाब नजर आ रहा है। हजरत वारिस अली शाह के द्वारा शुरू इस परम्परा की कड़ी मे आज हजरत कुर्बान अली शाह दादामियाँ की दरगाह के सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह ने दादामियाँ के ऐतिहासिक कुल शरीफ की रवायती परम्परा को अकीदत मंदो के जनसैलाब के बीच पुरा किया।



इस कार्तिक मेला के अवसर पर हजरत वारिस पाक पालकी मे सवार होकर अकीदतमंदो के जन सैलाब के साथ दादामियाँ की दरगाह पर पहुँच कर कुल शरीफ की रस्म अदा करते थे। उसी ऐतिहासिक परम्परा के अनुसार दरगाह दादामियाँ के मौजूदा सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह (वारिस पाक) की पीनस मे बैठ कर हजरत वारिस अली शाह के आस्ताने पर हाजिरी देने के बाद वारिस पाक के दीवानो की भीड़ के साथ दरगाह दादामियाँ पहुँचे। इस दौरान वारिस अली शाह के दीवाने अल्लाह वारिस हक वारिस के नारे बुलंद कर रहे थे।

पीनस का कॉफिला सबसे पहले दादा मियाँ की दरगाह के सज्जादा नशीन हाजी उसमान गनी शाह के निवास स्थान खानकाह हजरत कल्लन मियाँ से हजरत वारिस पाक के आस्ताने पर पहुँचा जहाँ सज्जादा नशीन ने वारसी दरबार मे हाजिरी दी यहाँ कूछ छड गुजारने के बाद पालकी मे सवार सज्जादा नशीन को लेकर कहार मेला नुमाइश मैदान स्थित दादा मियाँ की दरगाह की ओर चल पड़े। इस दौरान पालकी मे कंधा देने वालों की होड़ मची हुई थी। हर कोई सरकार वारिस पाक की पालकी का बोसा देकर धन्य होना चाहता था। पालकी का बोसा(चूमने) के लिए वारिस पाक के दीवानो का सड़क के दोनो ओर तातॉं लगा रहा। दुनिया को शान्ति और भाई चारे का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हजरत वारिस अली शाह के पिता हजरत कूर्बान अली शाह दादा मियाँ के आस्ताने पर जैसे ही पालकी मे सवार सज्जादा नशीन पहुँचे वारिस पाक के दीवानो ने सज्जादा नशीन का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पुरा माहौल दादा मियाँ, वारिस पाक मय हो गया।

ऐतिहासिक परम्परा के अनुसार सबसे

**भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शानोशौकत से निकली वारिस पाक की पालकी यात्रा ,उमडे अकीदत मंद**

पहले सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद उसमान गनी शाह ने दादा मियाँ के मजार पर चादर पेश की उसके बाद महफिलें समा का आयोजन किया गया। सूफियाना कलाम सुनने के बाद वारिस पाक के दीवाने झूमने पर मजबूर हो गए । कुरान शरीफ की सूरतों की तिलावत के बाद शिजरा व सलाम पढ़ा गया और मुल्क मे शांति , भाईचारा के लिए दुआ की गयी । इसी के साथ परम्परा अनुसार दादामियाँ का कुल शरीफ संप्पन हुआ । कुल शरीफ के बाद अकीदत मंदो मे प्रसाद तकसीम किया गया । वही कुल शरीफ की रस्म अदा करने के बाद सज्जादा नशीन पालकी मे सवार होकर वापस उसी रास्ते से अपने निवास के लिए वारिस पाक के दीवानो के जन सैलाब के साथ रवाना हुए।

# अनहोनी को दावत दे रही कुर्सी देवा मार्ग पर पसरी झाडियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। सुप्रसिद्ध देवा मेला इन दिनों पूरे सबाब पर है। देवा से जुड़े सभी प्रमुख मार्गों पर दिन रात भारी भीड़ देखने को मिलती है। रात्रि के समय सैकड़ों वाहन कुर्सीऽदेवा मार्ग से होकर गुजरते हैं। लेकिन इस भीड़भाड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी प्रशासन व पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली सवालों की घेरे में है। करीब 13 किमी. लंबा कुर्सीऽदेवा मार्ग के दोनों ओर पटरियों पर झाड़ियों का अंबार लगा है। जो यातायात को प्रभावित कर रहे हैं। व्यस्ततापूर्ण मार्ग होने के बावजूद भी विभाग द्वारा सफाई न कराए जाने के कारण झाड़ियां घनी होकर अब सड़क पर आ गई हैं। इससे रात के समय वाहन चालक असहज हो जाते हैं। फलस्वरूप किसी भी समय? दुर्घटना स्वाभाविक है।एक समय था जब बरसात से पहले और बाद में सड़क की दोनों पटरियों की नियमित सफाई की जाती थी। और बरसात के बाद पुनः मरम्मत का कार्य भी किया जाता था। मगर अब यह व्यवस्था केवल कागजों



तक सीमित है। मेला अवधि में दिन-रात सैकड़ों वाहन इस मार्ग से होकर गुजरते हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ और तंग सड़क के बीच झाड़ियों का फैलाव यात्रियों के लिए खतरा बन चुका है। इस संबंध में सहायक अभियंता प्रियांक त्रिपाठी ने बताया कि कल से टीम लगाकर सफाई कराई जाएगी।

# पत्रकार नजमुल हसन व मुदस्सिर सम्मानित, योगदान की हुई सराहना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

ज़ैदपुर बाराबंकी। कस्बा रामपुर कटरा के मदरसा जामिया रहमानिया ज़ीनतुल कुरआन में आयोजित एक कार्यक्रम में पत्रकार नजमुल हसन अंसारी जैदपुरी व मोहम्मद मुदस्सिर दरियाबादी को पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के दृष्टिगत स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।मौलाना कारी मसीहुर्रहमान मज़ाहिरी प्रबंधक ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकार वह आइना होता है जिसमें समाज अपनी सच्चाई को देख सकता है।आज के दौर में जब सच को छुपाने की कोशिश की जाती है तब भी पत्रकार अपनी जान की परवाह किए बिना समाज की सच्चाई को सामने लाते हैं।

इस अवसर पर मुफ्ती मिसबाहुर्रहमान कासमी (मदरसा सज्जादिया अरबिया, रानी मोऊ), कारी मोहम्मद हमदान ज़ैदपुरी,हाफिज मोहम्मद फरजान, मुजाहिद अली,मोहश लोग भी मौजूद थे।

# रामनगर पीजी कॉलेज बीएड विभाग में विवाद गहराया, शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । रामनगर पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में पूर्व अतिथि प्रवक्ता रानी सैनी की पुनः नियुक्ति को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। आरोप है कि पूर्व प्रवक्ता द्वारा जातिगत भावनाओं का सहारा लेकर आत्महत्या की धमकियों के माध्यम से प्रबंध समिति और प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे महाविद्यालय की छवि धूमिल हो रही है। इस प्रकरण से क्षुब्ध होकर विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रबंध समिति को आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिक्षकों ने बताया कि रानी सैनी वर्ष 2023-24 में बीएड विभाग में अतिथि प्रवक्ता के रूप में कार्यरत थीं। आरोप है कि उन्होंने कुछ विभागीय शिक्षकों की सह



पर बीएड विद्यार्थियों से निर्धारित वेशभूषा और टीचिंग कार्य से छूट देने के नाम पर प्रति छात्र 25 हजार रुपये की अवैध मांग की थी। यह मांग बीएड विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप पर लिखित रूप में भेजी गई, जिसकी शिकायत छात्रों ने तत्कालीन प्राचार्य से की थी। शिकायत सत्यापित होने पर प्रबंध

**रामनगर पीजी कॉलेज बीएड विभाग में विवाद गहराया, शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार**

समिति के सचिव एवं उपजिलाधिकारी रामनगर द्वारा भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता को आधार बनाकर उनका नवीनीकरण रोक दिया गया था।इसके बाद रानी सैनी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार पत्र भेजकर आत्महत्या की धमकी दी गई और जातिगत भावनाओं का उल्लेख कर शिक्षकों एवं प्राचार्य को फंसाने का प्रयास किया गया। भारी दबाव की स्थिति में जब उनका नवीनीकरण किया गया तो उन्होंने शपथ पत्र देकर यह स्वीकार किया कि नौकरी पाने के लिए लगाए गए सभी आरोप झूठे थे और अब उन्हें किसी भी शिक्षक से कोई शिकायत नहीं है।महाविद्यालय के विभागीय प्राध्यापक प्रो. हृषिकेश मिश्र, डॉ. विश्वेश मिश्र, आलोक रॉय, डॉ. शैलजा दीक्षित एवं डॉ. संजय तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि रानी सैनी के नवीनीकरण या सेवा से उनका कोई संबंध नहीं है, परंतु अब जातिगत आधार का सहारा लेकर उन्हें फंसाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, जो अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षकों का कहना है कि ऐसे कृत्य से न केवल संस्थान की साख प्रभावित होती है बल्कि विद्यार्थी भी गलत संदेश प्राप्त करते हैं, जिससे अनुशासन व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।प्राध्यापकों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रानी सैनी के खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि महाविद्यालय की गरिमा एवं शैक्षणिक अनुशासन संरक्षित रह सके।

# देवा मेला में कला, संगीत और सौहार्द का अद्भुत संगम, झलकी अवधी संस्कृति की चमक

**धीरेन्द्र पाण्डेय की नृत्य प्रस्तुति और सत्यांशु पटेल के गीतों ने बांधा समां**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा , बाराबंकी। ऐतिहासिक देवा मेला 2025 का सांस्कृतिक मंच शुक्रवार की शाम कला और संगीत के रंगों से सराबोर हो उठा। एक ओर जहां धीरेन्द्र पाण्डेय एवं उनकी टीम ने अपने कत्थक और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं दूसरी ओर अवधी लोकगीत गायक सत्यांशु पटेल के सुरों ने वातावरण को भावनाओं और ऊर्जा से भर दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद धीरेन्द्र पाण्डेय व टीम ने ल्लछाप तिलक सब छीनीङ्क, ल्लश्रीराम स्तुतिङ्क, ल्लमेरा मन गंगाङ्क, ल्लनाचे गिरधारीङ्क और ल्लशिव वंदनाङ्क जैसे गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। टीम के कलाकार अंजलि, प्रिया, अवंतिका, अभय और अन्य सदस्यों ने अपने नृत्य कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। इसके बाद मंच पर पहुंचे प्रसिद्ध अवधी गायक सत्यांशु पटेल, जिनके गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने ल्लयूपी में बाटे अयोध्या जिला नमवा के न जानेलाङ्क, ल्लहमरे राम जी धमवा के न जानेलाङ्क, ल्लअल्लाह कहो या राम भगवान एक हैं, प्याले अलग-अलग हैं, जाम एक हैंङ्क, ल्लअयोध्या में बाजे बधइया होङ्क जैसे गीतों से एकता, प्रेम और आध्यात्मिकता का संदेश दिया। उनके गायन ने देवा मेला के पवित्र वातावरण को एक नई ऊँचाई दी।

## आबकारी निरीक्षक के छापेमारी में पाँच की हुई गिरफ्तारी, 7 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त प्रयागराज के आदेश में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अनुपालन में जिलाधिकारी सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार, राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम, प्रशान्त सिंह आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन 2, नेहा सिंह आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन 2 व इंद्रपाल आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन 1, मनीष द्विवेदी आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन 1 ने शुक्रवार को मय स्टाफ, साकेत राय, अंकित शर्मा, राजीव शुक्ला, ओमवीर , इरफान, प्रवर्तन-1 से अनिल सिंह, सुधीर पाठक, प्रवर्तन-2 से रमेश, सिद्धार्थ सोमवंशी, पवन, अखिलेश आ सि द्वारा ग्राम बल्लीपुर पूरब, बल्लीपुर पश्चिम ग्राम रानी की बगिया ग्राम बेचू खां का पुरवा, ग्राम पांचों पीरन,मोलनापुर, कमनगढ़, टाटिया नगर में दबिश दी गई। मौके पर 07 अभियोग पंजीकृत करते हुए 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभाएं

देवा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार की संध्या देवा मेला के सांस्कृतिक मंच से स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों ने अपनी प्रतिभाओं का खूब प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका हौसला बढ़ाया। शुक्रवार की सन्ध्या स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर श्री संजय राय और कार्यक्रम की नोडल व जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ0 सुविद्या वत्स द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चों द्वारा वेलकम सॉन्ग के साथ की गई। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके उपरांत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनीकोडर की छात्राओं द्वारा राजस्थानी थीम पर धूमर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। इसके बाद प्रतिभा शिक्षा निकेतन नरैनी के बच्चों द्वारा एकल नृत्य श्री गणेशा की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके उपरांत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिरौलीगौसपुर की छात्राओं द्वारा ढोल बाजे ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत संस्कार ग्लोबल स्कूल के बच्चों द्वारा पेड़ बचाओ पर नाट्य मंचन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन नोडल व जीजीआईसी देवा की प्रधानाचार्य डॉ सुविद्या द्वारा किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार द्वारा प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## दादा मियां के कुल के दौरान रही भारी सुरक्षा व्यवस्था

देवां, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महान सूफी सन्त हाजी वारिस अली शाह के वालिद हजरत कुर्बान अली शाह के कुल शरीफ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबन्ध किये गये थे जिसके कारण दादामियां मे कुल और जुलूस पालकी में अकीदत मंदी को किसी प्रकार असुविधा का सामना नही करना पड़ा। बाबा के दरबार में आने वाले अकीदत मंद की भावनाओं का आदर करते हुए पुलिस कप्तान के सख्त निर्देश मे एडिशनल एस पी विकास चन्द्र त्रिपाठी और मेला सी ओ सौरभ श्रीवास्तव की मौजूदगी मे दादामियां के कुल शरीफ और जुलूस पालकी के दौरान मेला प्रभारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व देवां कोतवाली प्रभारी अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद थे। कुल शरीफ के दौरान जायरीनों के सैलाब को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस के जवानों को सख्त मेहनत करनी पड़ी।

## करवा चौथ पर बाजारों में दिखी रौनक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर समेत क्षेत्र की बाजारों में करवा चौथ पर्व को लेकर भारी चहल पहल रही। जहां देर शाम तक महिला व पुरुष आवश्यक सामग्रियों की खरीददारी करती देखी गई।पति की लंबी उम्र एवं उनके सुखमय जीवन की कामना को लेकर नीर्जला व्रत धारण कर सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा अर्चना कर चलनी से चांद का दीदार व पति का दर्शन कर उनकी लंबी उम्र एवं सुखमय जीवन की प्रभु से कामना कर पति का आशीर्वाद लिया।तो वही पतियों ने भी प्रशन्नता पूर्वक निर्जला व्रत धारण किए पत्नियों का मुंह मीठा कराते हुए व्रत तोड़वाया, पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में चहल पहल का माहौल रहा।और खुशनुमा माहौल में करवा चौथ पर्व मनाया गया।

## देवा मेला, मानस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे न्यायमूर्ति शर्मा

देवा शरीफ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय देवा मेला के मुख्य पाण्डाल में 11 अक्टूबर को रात आयोजित होने वाले मानस कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति एस.सी शर्मा करेंगे। देवा मेला मानस कार्यक्रम के सचिव दिनेश पाण्डेय ने बताया की इस वर्ष मानस कार्यक्रम की 53वीं वर्षगाठ है। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश्वर राम मिश्र आई.ए.एस. प्रशासनिक सदस्य उ.प्र. पब्लिक सर्विस ट्रिबुनल, न्यायाधीश राकेश कुमार, आयुक्त उ.प्र. राज्य सूचना आयोग, डा0 वेदपति मिश्र, आई.ए.एस सचिव उ.प्र. राज्य सूचना आयोग एवं प्रो. अजय कुमार तनेजा, कुलपति ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने मानस कार्यक्रम मे आने की स्वीकृति दी है। मुंबई से पधारे भजन सम्राट प्रेम प्रकाश दुबे एवं सहयोगी कलाकार रामचरित मानस पर आधारित भजन प्रस्तुत करेगें। इसके अतिरिक्त अवधि लोककला के कलाकारों द्वारा आधारित लघु नाटिकाय एवं नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

## भाजपा नेता के घर के बाहर रेकी करते पकड़े गए युवक

सुलतानपुर। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के मऊहरिया इलाके में शुक्रवार देर शाम पूर्व ब्लॉक प्रमुख व भाजपा नेता प्रातेश सिंह बंटी के घर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवक रेकी करते पकड़े गए। पूर्व प्रमुख के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों के पास से रिवाल्वर और दो बाइक बरामद की हैं। इस पूरे मामले को लेकर भाजपा नेता प्रातेश सिंह बंटी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इसौली के पूर्व विधायक व सपा नेता चन्द्रभद्र सिंह और पूर्व प्रमुख यशभद्र सिंह उन पर हमले की साजिश रच रहे हैं। बंटी ने बताया कि चुनावी रंजिश के चलते सोनू-मोनू नाम के लोगों से उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बंटी ने कहा, ल्ल2019 लोकसभा चुनाव में सोनू-मोनू चाहते थे कि हम उनकी मदद करें, लेकिन हमने मेनका गांधी का समर्थन किया। उसी के बाद से वे हमसे राजनीतिक रंजिश रखने लगे। पूर्व प्रमुख ने यह भी बताया कि सोनू-मोनू पहले भी उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करवा चुके हैं।

# सपा संस्थापक मुलायम सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नगर के छाया चौराहा स्थत समाजवादी पार्टी कार्यालय मे पूर्व मंत्री अरविंद सिंह की गरिमामई उपस्थिति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्री गुप्त ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव जैसा संघर्षशील नेता सदियों में एक बार जन्म लेता है नेताजी ने हर धर्म संप्रदाय जाति छात्र नौजवान किसान मजदूर महिलाओं के हक अधिकार को सुरक्षित रखने के साथ उनके दु:ख दर्दों को समाप्त करने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करते थे इसीलिए पूरा देश उनको धरती पुत्र मुलायम सिंह के नाम से पुकारता हैं नेताजी द्वारा किए गए कार्यों से सदैव हम सबको गरीब कमजोर जरूरतमंद की



सहायता करने के लिए प्रेरणा मिलती रहेगी।पार्टी के जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान ने बताया कि स्मृति शेष नेताजी मुलायमसिंह यादव को हैदरगढ़ व तहसील रामसनेहीघाट समेत ब्लॉक मुख्यालय पर उदित के अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मसौली'' सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को तृतीय पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सपा नेता शकील सिद्दीकी के प्रतिष्ठान पर पूर्व सपा विधायक राम गोपाल रावत ने नेता जी मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने मुलायम सिंह यादव को गरीबों का मसीहा बताया। इस मौक़ेपर सपा नेता वीरेंद्र विक्रम सिंह दद्दू, पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, पूर्व प्रधान प्रेम किशोर उर्फ़ पप्पू वर्मा, मित्तल प्रधान, छोटेलाल वर्मा, अली असगर, साबिर भाई दाल वाले, हाफिज आसिफ अली, सोनू रावत, अनवर कुरैशी, सईद , हाफिज बदरुद्दीन, रिषभ गुप्ता, विक्रम यादव आदि ने नेता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

''सिद्धौर'': विधानसभा जैदपुर क्षेत्र के कस्बा सिद्धौर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हवन किया गया। जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा कि नेताजी एक व्यक्ति न होकर एक विचार थे। मौकेपर सरताज चौधरी, जैदपुर विधानसभा अध्यक्ष उबेद सानू, डा. सरफराज, मो. रिजवान संजय, अंकित वर्मा,अखिलेश यादव , जितेंद्र वर्मा, बैकुंठ बिहारी यादव,जलालुद्दीन गुड्डू ,पिंटू वर्मा, फारूक प्रधान, प्रवेश यादव, मुन्ना, गुड्डू वर्मा, पांचू रावत, राहुल यादव, पुनीत तिवारी, कुलदीप पटेल, जगजीवन यादव, चंद्रशेखर यादव, डा. विजय, रामचंद्र वर्मा, दीनदयाल, काशीराम रावत, रामप्रसाद वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## भगवत गीता से होगा आधुनिक जीवन सशक्त निर्णयशील और बेहतर : श्रेयस अय्यर

एजेंसी



मुंबई । भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि भगवद गीता का संदेश केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वास्तविक जीवन के निर्णायक क्षणों में संतुलन, समझ और दृढ़ता देने की ताकत देता है और रखता है।'' उन्होंने कहा कि भगवत गीता से आधुनिक जीवन न केवल सशक्त होगा बल्कि यह निर्णयशील होने के साथ बेहतर भी होगा। क्रिकेटर श्रेयस भगवद गीता फॉर ऑल (बीजीएफए) जो एक तेजी से बढ़ता ह्लफेथ-टेक प्लेटफॉर्म है, के साथ हुए करार के अवसर पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पहल सिर्फ एक साझेदारी नहीं, बल्कि एक संदेश है कि आधुनिक जीवन और खेल में आंतरिक संतुलन और उद्देश्यपूर्ण सोच को अपनाना आज की युवा पीढ़ी के लिए कितना अहम और आवश्यक है।

श्रेयस अय्यर ने कहा,ह्ल 'भगवद गीता फॉर ऑल' सिर्फ एक किताब नहीं है, यह एक साथी है। यह आपको सोचने, खुद को समझने और चुनौतियों के बीच संतुलित रहने की ताकत देता है। मैंने इसे पढ़ा और महसूस किया कि यह आज की युवा पीढ़ी के लिए कितनी प्रासंगिक और मार्गदर्शक है। श्रेयस, जिन्होंने मैदान पर कई कठिन परिस्थितियों में टीम को नेतृत्व और आत्मविश्वास के साथ संभाला है, इस साझेदारी का सबसे जीवंत उदाहरण हैं। उनका अदम्य फोकस, साहस और धैर्य दिखाता है कि भगवद गीता का संदेश केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वास्तविक जीवन के निर्णायक क्षणों में संतुलन, समझ और दृढ़ता देने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि बीजीएफए का प्लेटफॉर्म–वीडियो आधारित बुक फॉर्मेट, इमर्सिव मोबाइल ऐप और एआई साथी 'माय कृष्णा'–उपयोगकर्ताओं के रोजमर्रा के जीवन में चिंतन और आत्मनिरीक्षण को सहज रूप से शामिल करता है। यह पहल स्पष्ट संदेश देती है कि आध्यात्मिक ज्ञान सिर्फ मानसिक शांति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे नेतृत्व, प्रदर्शन प्रशिक्षण और भावनात्मक स्वास्थ्य के साथ जोड़कर जीवन में व्यावहारिक रूप से उतारा जा सकता है। बीजीएफए के संस्थापक पृथ्वीराज शेट्टी ने कहा, ह्लस्कूल और कार्यस्थल पर ज्ञान तो सिखाते हैं, लेकिन बुद्धिमत्ता नहीं। श्रेयस अय्यर उन चुनिंदा लोगों में से हैं, जो हर चुनौती में संतुलन बनाए रखते हैं और अपने फोकस से दूसरों को प्रेरित करते हैं। वे गीता के उस संदेश को जीते हैं जो हर व्यक्ति को खुद पर विश्वास और धैर्य बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे पहले बीजीएफए ने सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और विद्युत जामवाल जैसे प्रतिष्ठित नामों के साथ काम किया है, लेकिन श्रेयस अय्यर के साथ यह जुड़ाव एक नई ऊर्जा और गहराई लाता है। यह कदम न केवल युवाओं तक पहुँच बनाने का है, बल्कि उन्हें उच्च प्रदर्शन, मानसिक मजबूती और आत्म-विश्वास की प्रेरणा देने का भी है।

## कोलंबो में एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स सीरीज़ 2025 के दूसरे चरण के लिए इंडियन सीनियर वीमंस रग्बी सेवन्स टीम तैयार

एजेंसी



मुंबई । हांगझोउ में शानदार प्रदर्शन के बाद, जहां भारत ने कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया था, इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) ने आज सीनियर वीमंस रग्बी सेवन्स टीम का ऐलान किया है, जो एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स सीरीज़ (एआरईएसएस) 2025 के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी। यह टूर्नामेंट 18-19 अक्टूबर को कोलंबो, श्रीलंका में होगा।

पहले चरण में 10वें सीड के तौर पर उतरने और टॉप छह टीमों में जगह बनाने के बाद भारतीय टीम अब कोलंबो में नए आत्मविश्वास और अनुभव के साथ उतरेगी। फिलीपींस (24-5) और यूएई (19-12) पर मिली जीत यह दर्शाती है कि भारत अब एशिया की बड़ी टीमों के मुकाबले में भी मजबूती और संयम के साथ खेल रहा है। एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स सीरीज़ में एशिया की 12 शीर्ष राष्ट्रीय टीमें शामिल होती हैं, जहां कई चरणों के बाद कुल अंकों के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की जाती है। टीम की प्रगति पर बात करते हुए इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ''हांगझोउ में प्रदर्शन बेहद उत्साहजनक और प्रेरणादायक रहा। एशिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट में पहली बार खेलते हुए छठे स्थान पर रहना हमारी महिला रग्बी टीम की मेहनत और प्रगति को दर्शाता है। जैसे-जैसे टीम कोलंबो के लिए तैयारी कर रही है, हम इस लय को बनाए रखते हुए एशिया की शीर्ष टीमों में भारत को स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। इंडियन वीमंस सेवन्स टीम के मुख्य कोच पॉल डेलपोर्ट ने कहा, ''पहले चरण से खेल के निष्पादन और निरंतरता, दोनों में हमें कई अहम बातें सीखने को मिलीं। अब हमारा ध्यान इन्हीं अनुभवों को कोलंबो में बेहतर नतीजों में बदलने पर है। खिलाड़ियों ने जबरदस्त समर्पण दिखाया है। हम उन्हें एक बार फिर आत्मविश्वास के साथ खेलते देखने के लिए उत्साहित हैं।''

दूसरे चरण से पहले अपने विचार साझा करते हुए, टीम की कप्तान शिखा यादव ने कहा, ''हांगझोउ में जो उपलब्धि हासिल हुई है, हमें उस पर गर्व है, लेकिन हम जानते हैं कि अभी हम और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। हर मैच ने हमें मजबूत और एकजुट बनाया है।

## यशस्वी जायसवाल का नाबाद शतक, भारत ने पहले दिन 2 विकेट पर बनाए 318 रन

एजेंसी

नई दिल्ली । यशस्वी जायसवाल के बेहतरीन नाबाद शतक की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जे रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 2 विकेट पर 318 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 173 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। इससे पहले आज सुबह भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी और केएल राहुल ने भारत को अच्छी शुरुआत दिला और पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। इसी स्कोर पर जोमेल वारिकन ने केएल राहुल को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। राहुल ने 38 रन बनाए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल और साईं सुदर्शन ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। इस दौरान यशस्वी ने अपना शतक भी पूरा किया और सुदर्शन ने भी बेहतरीन अर्धशतक लगाया। दोनों ने दूसरे निकेट के लिए 193 रनों की साझेदारी की। 251 के कुल स्कोर पर इस साझेदारी को वेरिकन ने तोड़ा। उन्होंने सुदर्शन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। सुदर्शन ने 87 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद गल और जायसवाल ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। तीसरे विकेट के लिए दोनों के बीच अब तक 67 रनों की साझेदारी हो चुकी है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 2 विकेट पर 318 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 173 रन और कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर नाबाद हैं।उग वेस्टइंडीज के लिए दोनों विकेट जोमेल वेरिकन ने लिया।

## रणजी प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम घोषित, अंकुश बैंस को कमान

धर्मशाला । बीसीसीआई की रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम घोषित कर दी गई है। 16 सदस्यीय टीम में ऊना के अंकुश बैंस को टीम की कमान सौंपी गई है। वहीं अगर बात रणजी मैचों की करें तो प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम अपने पहले मैच में पॉन्डिचेरी के साथ भिड़ेगी। यह मैच 15 से 18 अक्टूबर तक पॉन्डिचेरी में ही खेला जाएगा। हिमाचल की टीम अपने ग्रुप में सात लीग मैच खेलेगा जिनमें तीन मैच अपने घर यानी हमीरपुर के अमतर स्टेडियम खेले जाएंगे। हिमाचल अपना दूसरा मैच 25 से 28 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा एक से चार नवम्बर को अमतर में हैदराबाद के साथ, 8 से 11 नवम्बर को मुम्बई के साथ बीकेसी मैदान मुम्बई में, 16 से 19 नवम्बर को छत्तीसगढ़ के साथ अमतर में, 22 से 25 जनवरी 2026 को राजस्थान के साथ राजसमंद और 29 जनवरी से 1 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर के साथ अमतर में मैच होगा।

## दिल्ली हाफ मैराथन समावेश, दृढ़ता और बदलाव की शक्ति का प्रतीक: कार्ल लुईस

एजेंसी



नई दिल्ली । नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन 2025 के अंतरराष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर कार्ल लुईस ने आगामी वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस को लेकर प्रतिभागियों को उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीमाओं को तोड़ने और विभिन्न जीवन क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाने वाले सांस्कृतिक बदलाव का प्रतीक है।

नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लुईस ने कहा कि सीमाओं को तोड़ना वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन का मुख्य संदेश है। इसकी खासियत सिर्फ सीमाओं को तोड़ना ही नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से जो सांस्कृतिक बदलाव यह लाता है। जब आम धावक ओलंपिक चैंपियनों के साथ दौड़ते हैं, तो यह दिखाता है कि दौड़ सभी को एक साथ जोड़ सकती है। यह मैराथन समावेश, दृढ़ता और हर कदम के साथ बदलाव लाने की शक्ति का प्रतीक है। युवा और उभरते एथलीटों के लिए मार्गदर्शन देते हुए लुईस ने अपने अनुभव साझा किए और कहा, ह्लसफलता के लिए बलिदान और लचीलापन जरूरी है। मैं कभी-कभी पार्टियों में नहीं जाता था ताकि मैं अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। आज के समय में तुरंत परिणाम पाने की लालसा अक्सर बच्चों को सही दिशा से भटका देती है। मैंने कठिन रास्ता चुना और बदलाव को अपनाया क्योंकि महानता यही मांगती है। हर किसी के पास सुधार करने के लिए कुछ न कुछ है, और लक्ष्य तक पहुंचने में समय लग सकता है, लेकिन तुरंत संतोष की तलाश न करें। अपनी आखिरी मंजिल पर ध्यान केंद्रित रखें। कार्ल लुईस का शानदार करियर आज भी खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने 1984 से 1996 तक चार ओलंपिक खेलों में भाग लिया और आधुनिक ओलंपिक इतिहास में ट्रैक एंड फील्ड में सबसे अधिक नौ स्वर्ण पदक जीते।

## जॉर्डन कॉक्स और एम्मा लैम्ब को मिला पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

एजेंसी



लंदन । इंग्लैंड के क्रिकेटरों जॉर्डन कॉक्स और एम्मा लैम्ब को इस साल के प्रतिष्ठित प्रोफ़ेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (पीसीए) अवॉर्ड्स में क्रमशः पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड टीम में वापसी की थी। कॉक्स को यह अवॉर्ड एक बेहतरीन सीजन के बाद मिला जिसमें उन्होंने एसेक्स के लिए टी20 में शतक लगाया और द हंड्रेड में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने जो रूट, एड बार्नार्ड और डॉम सिबली को पछाड़कर यह अवॉर्ड जीता। कॉक्स ने कहा, ह्लमेरे लिए सबसे खास पल आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाना था। इसी वजह से मुझे न्यूजीलैंड दौरे के लिए चुना गया, और अब मैं टेस्ट टीम में जगह पक्की करना चाहता हूं।

दूसरी ओर, एम्मा लैम्ब को महिला प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। वह इस समय कोलंबो में इंग्लैंड की ओर से वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्होंने लंकाशायर की मेट्रो बैंक कप जीत में सबसे ज्यादा रन बनाए और नैट स्किवर-ब्रंट, कैथरीन ब्राइस और जॉर्जिया एल्विस को पीछे छोड़ा। लैम्ब ने कहा, ह्लमैं बहुत हैरान थी३ लेकिन अपने साथियों से यह सम्मान पाना गर्व की बात है।

युवा खिलाड़ियों की श्रेणी में पुरुष यंग प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब रेहान अहमद को मिला, जिन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में पांच शतक लगाए और लीसेस्टरशायर को प्रमोशन दिलाने में अहम भूमिका निभाई। महिलाओं में यह अवॉर्ड डाविना पेरीन को मिला, जिन्होंने द हंड्रेड के एलिमिनेटर में 42 गेंदों पर शतक जड़ा।

आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूशन अवॉर्ड पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच को उनके खेल के प्रति योगदान के लिए दिया गया। वहीं, आदिल राशिद और नैट स्किवर-ब्रंट को राडो रिकग्निशन अवॉर्ड से नवाजा गया। ईसीबी का स्पेशल मेरिट अवॉर्ड एंड्रयू फ्लिंटॉफ की बीबीसी सीरीज़ ह्लफील्ड ऑफ ड्रीम्सङ्क को मिला। अंपायर ऑफ द ईयर के अवॉर्ड में पुरुष वर्ग में इयान ब्लैकवेल और महिला वर्ग में गाबी ब्राउन को सम्मानित किया गया। पीसीए के

## पीकेएल सीजन 12 के प्लेऑफ दिल्ली में होंगे, ग्रैंड फ़िनाले 31 अक्टूबर को

एजेंसी



नई दिल्ली । प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को प्रो कबड्डी लीग सीज़न 12 के प्लेऑफ़ और फ़ाइनल के कार्यक्रम की घोषणा की, जो दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित होगा। यह घोषणा 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीज़न 12 के दिल्ली चरण से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। दिल्ली चरण पीकेएल के सबसे प्रतिस्पर्धी सीज़न के अंत में हो रहा है। घरेलू टीम- दबंग दिल्ली के.सी. अंक तालिका में शीर्ष पर है और शीर्ष आठ में अपनी जगह पक्की कर चुकी है, इसलिए अंतिम सात स्थानों के लिए मुकाबला प्रशंसकों के लिए कड़ा और रोमांचक बना रहेगा। 23 अक्टूबर को दिल्ली चरण समाप्त होने के बाद 25 अक्टूबर को प्ले-इन्स के साथ प्लेऑफ़ शुरू होंगे, जहां 5वें से 8वें स्थान पर रहने वाली टीमें अस्तित्व के लिए संघर्ष करेंगी। वहाँ से विजेता प्लेऑफ़ में पहुँचेंगे। इसके बाद प्लेऑफ़ 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक चलेंगे, जिसमें एलिमिनेटर और क्वालीफायर का क्रम शामिल होगा, जिसका समापन 31 अक्टूबर को ग्रैंड फ़िनाले में होगा। नये प्रारूप में शामिल प्ले-इन इस सीज़न को और भी रोमांचक बनाता है, जिससे सभी 12 टीमों के लिए पीकेएल ट्रॉफी तक पहुंचने का कठिन और अधिक प्रतिस्पर्धी रास्ता सुनिश्चित होता है।

मशाल स्पोर्ट्स के बिज़नेस हेड और पीकेएल के लीग चेयरमैन अनुपम गोस्वामी ने कहा कि प्रो कबड्डी लीग सीज़न 12 ने पूरे देश के दर्शकों को सचमुच मंत्रमुग्ध कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय अंतर–साई कयाकिंग और कैनोइंग में एनसीओई अलेप्पी बना ओवरऑल चैंपियन

अलेप्पी (केरल) । मेजबान नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) अलेप्पी 10वीं ऑल इंडिया इंटर–एसएआई कायाकिंग और कैनोइंग चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियन बना। यह चार दिवसीय प्रतियोगिता गुरुवार को संपन्न हुई।

रोइंग के बाद अब कायाकिंग और कैनोइंग जैसे जल खेलों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। इस ऑल इंडिया एसएआई आयोजन में देशभर के युवा जल खेल प्रेमियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में देश के आठ केंद्रों से एथलीटों ने भाग लिया। हाल ही में 21 से 23 अगस्त को श्रीनगर के डल झील पर आयोजित पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल ने जल खेलों को नई ऊर्जा दी है।

इस प्रतियोगिता में 197 एथलीटों ने हिस्सा लिया, जिनमें 92 महिला खिलाड़ी शामिल थीं। कुल 96 पदक स्पर्धाएं आयोजित की गईं। एनसीओई अलेप्पी, एनसीओई भोपाल (मध्य प्रदेश) और एनसीओई जगतपुर (ओडिशा) शीर्ष प्रदर्शन करने वाले तीन प्रमुख केंद्र रहे। इनके अलावा जम्मू–कश्मीर, पोर्ट ब्लेयर, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), आर्मी बॉयज़ स्पोर्ट्स कंपनी (रुड़की) और एबीएससी ईएमई की टीमों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी वैष्णवी आर, अक्षया बी और योगिता वर्मा ने हिस्सा लिया

जम्मू–कश्मीर की टीम ने सीनियर वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। यूनियन टेरिटरी की टीम ने कुल 8 पदक जीते, जिनमें 2 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। उनके दोनों स्वर्ण पदक सीनियर पुरुष वर्ग में आए, जब मोहम्मद हुसैन और सज्जाद हुसैन ने कैनो डबल्स 200 मीटर और 500 मीटर में गोल्ड मेडल जीते। ये दोनों खिलाड़ी श्रीनगर में हुए खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल में भी मल्टीपल मेडल जीत चुके हैं। एनसीओई अलप्पुझा ने सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 24 और 15 स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। एनसीओई भोपाल ने सीनियर वर्ग में 11 स्वर्ण जीतकर दूसरा स्थान पाया और सब–जूनियर वर्ग में 7 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। एनसीओई जगतपुर ने सीनियर, जूनियर और सब–जूनियर — तीनों श्रेणियों में टॉप 3 में जगह बनाई। गौरतलब है कि खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल में मध्य प्रदेश, ओडिशा और केरल शीर्ष तीन राज्य रहे थे। यह एक ओपन आयु वर्ग की प्रतियोगिता थी, जिसमें देशभर के युवा जल खिलाड़ी शामिल हुए थे।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान ऑफ जोहोर कप में गौरव दोहराने को तैयार

नई दिल्ली । भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम प्रतिष्ठित सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 में अपनी दावेदारी पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 11 से 18 अक्टूबर तक मलेशिया के जोहोर बाह्रू में खेला जाएगा। टीम का लक्ष्य एक बार फिर खिताब पर कब्जा जमाना और इस प्रतियोगिता में अपनी शानदार विरासत को आगे बढ़ाना है। भारत इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी सबसे सफल टीम है। उसने 2013, 2014 और 2022 में खिताब जीता है। वहीं, ग्रेट ब्रिटेन चार बार खिताब जीतकर शीर्ष पर है। भारतीय टीम अब तक 4 रजत पदक (2012, 2015, 2018, 2019) और 2 कांस्य पदक (2023, 2024) भी जीत चुकी है, जो उसकी निरंतरता और मजबूती को दर्शाता है। इस बार भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम के मैच न्यूजीलैंड (12 अक्टूबर), पाकिस्तान (14 अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (15 अक्टूबर) और मेजबान मलेशिया (17 अक्टूबर) से होंगे। राउंड–रॉबिन चरण के बाद शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल में भिड़ेंगी। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच पी.आर. श्रीजेश ने टूर्नामेंट से पहले कहा,सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमारे लिए हमेशा खास रहा है। यहीं से कई मौजूदा सीनियर खिलाड़ियों ने अपने करियर की उड़ान भरी थी। यह युवा खिलाड़ियों को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खुद को परखने का शानदार मौका देता है। उन्होंने आगे कहा, हमारी तैयारी संतुलित टीम बनाने पर केंद्रित रही है, जो अनुशासन के साथ रचनात्मकता और आक्रामकता के साथ रणनीति को मिला सके। खिलाड़ियों ने पिछले कुछ हफ्तों में बेहद तीव्रता से ट्रेनिंग की है और टीम में एकजुटता और उद्देश्य साफ झलकता है। यह टूर्नामेंट जूनियर वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए भी अहम साबित होगा।

## वीवर्क इंडिया की स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री, घाटे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली । फ्लेक्सिबल वर्कस्पेस ऑपरेटर वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट के लिमिटेड शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 648 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 1.50 रुपये डिस्काउंट के साथ 646.50 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 2 रुपये प्रीमियम के साथ 650 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयरों के भाव में और गिरावट आ गई। सुबह 11 बजे तक कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 633.85 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट के लिमिटेड का 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 7 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से भी फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.15 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.79 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.23 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.62 गुना और एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.87 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 4,62,96,296 शेयर जारी किए गए हैं। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 146.81 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी



नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, ट्रेंट लिमिटेड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 1.26 प्रतिशत से लेकर 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयर 1.46 प्रतिशत से लेकर 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,088 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,554 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 534 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 96.65 अंक की गिरावट के साथ 82,075.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के कारण ये सूचकांक उछल कर 82,551.66 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली होने के कारण इसकी चाल में मामूली गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 292.32 अंक की मजबूती के साथ 82,464.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा संबंध और रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण मोड़ पर : रक्षा मंत्री

## राजनाथ सिंह ने सिडनी में पहली भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज बैठक को संबोधित किया

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की दो दिवसीय यात्रा के आखिरी दिन शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिडनी में रक्षा जगत के उद्योगपतियों के साथ पहली गोलमेज बैठक की। उन्होंने दोनों देशों के बीच रणनीतिक, औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्रों में बढ़ते तालमेल की पुष्टि की। रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में ऑस्ट्रेलिया के साथ स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अंतर्गत हम आज महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह गोलमेज बैठक केवल एक संवाद नहीं है, बल्कि भारत और ऑस्ट्रेलिया को व्यापार, उद्योग और नवाचार में स्वाभाविक सहयोगी बनाने की भावना की घोषणा है।

राजनाथ सिंह ने नवंबर, 2024 में भारत-ऑस्ट्रेलिया शिखर सम्मेलन, अक्टूबर 2024 में 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता, जून 2025 में ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की भारत यात्रा और ऑस्ट्रेलिया की अपनी वर्तमान यात्रा सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने वाली उच्चस्तरीय बैठकों की शृंखला को याद किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों की नींव साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थागत समानताओं पर आधारित है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों राष्ट्रमंडल देशों का हिस्सा हैं। हमारा साझा इतिहास लोकतंत्र, विविधता, स्वतंत्रता और समान शासन संरचनाओं पर आधारित है।

राजनाथ सिंह ने आर्थिक और औद्योगिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि भारत विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती



अर्थव्यवस्था है। पिछले वित्त वर्ष में हमारा रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये (लगभग 18 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक का सर्वोच्च स्तर है। हमारा रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये (2.76 अरब अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया और भारतीय कंपनियां अब लगभग 100 देशों को निर्यात कर रही हैं। घनिष्ठ औद्योगिक सहयोग का आह्वान करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वह इस मंच को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार और उद्योग में भी स्वाभाविक सहयोगी बनाने के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया क्वांटम सिस्टम, स्वचालित अंडरवाटर व्हीकल्स और उन्नत समुद्री निगरानी जैसी विशिष्ट तकनीकों में उत्कृष्ट है, जबकि भारत विशाल विनिर्माण पैमाने, सॉफ़्टवेयर क्षमताओं और जहाज निर्माण, मिसाइल तकनीक तथा अंतरिक्ष में स्वदेशी क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह गोलमेज सम्मेलन हमारे रक्षा उद्योग सहयोग में अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने के लिए एक बड़ा उत्प्रेरक हो सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने स्वचालित मार्ग से 74 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति को उदार बनाया है और नीतिगत हस्तक्षेपों और अनुपालन व्यवस्थाओं के सरलीकरण के माध्यम से रक्षा उत्पादन इको-सिस्टम को निरंतर उदार बनाया जा रहा है। राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई व्यापार समुदाय को भारत में निवेश, सहयोग और नवाचार के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर अत्याधुनिक तकनीक विकसित कर सकते हैं, उन्नत प्लेटफ़ॉर्म बना सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे उद्योग केवल आपूर्तिकर्ता ही नहीं, बल्कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के रणनीतिक प्रवर्तक भी बनें।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्ज़ा देने संबंधी याचिका पर जवाब के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया चार सप्ताह का समय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का राज्य का द़र्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को शुक्रवार को और चार सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने सबसे पहले 14 अगस्त को केंद्र से इस मामले में याचिका पर जवाब देने को कहा था। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्र सरकार को अतिरिक्त समय देने का फैसला किया। पीठ ने कहा कि सभी पहलुओं पर विचार करते हुए निर्णय लिया जाना है और केंद्र इस पर विचार-विमर्श कर रहा है। पीठ ने पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा, ''सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद निर्णय लिया जाना है...देखिए पहलगाम में क्या हुआ। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के एक समूह ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में 26 पर्यटकों की उनके धर्म के बारे में पूछकर हत्या कर दी थी। इस दिल दहलाने वाली घटना के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत अभियान चलाया गया था। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुये और एक निर्वाचित सरकार बनी। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में जम्मू-कश्मीर में उल्लेखनीय प्रगति हुयी है। उन्होंने दलील दी कि हाल के दिनों में पहलगाम हमले सहित कुछ घटनाएँ हुई हैं और राज्य का द़र्जा बहाल करने पर अंतिम निर्णय लेने से पहले इन सभी घटनाओं पर विचार करना होगा। श्री मेहता ने याचिकाओं पर जवाब देने के लिए और समय माँगा। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर जवाब देने के लिए केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि शीर्ष अदालत के आदेश में यह उल्लेख किया गया है कि चुनावों के बाद राज्य का द़र्जा वापस कर दिया जाएगा। यह भी दलील दी गई कि जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने उपराज्यपाल द्वारा राज्य का द़र्जा बहाल करने के मामले को केंद्र के समक्ष रखने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है।

# दलितों पर अत्याचार के प्रति आंखें मूंदे हुए हैं प्रधानमंत्री : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दलितों के साथ अपराध की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में आंखें मूंदे हुए हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि दलितों पर अत्याचार के हालिया मामले आरएसएस-भाजपा की सामंतवादी सोच का नतीजा हैं। खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) की रिपोर्ट के अनुसार 2013 से 2023 के बीच दलितों के खिलाफ़ अपराध में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आदिवासियों के खिलाफ़ अपराध 91 प्रतिशत बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ''हरियाणा में आईपीएस अधिकारी से जातिगत भेदभाव, हरिओम वाल्मीकि की प्रताड़ना, प्रधान न्यायाधीश का अपमान और उसे जायज़ ठहराने की सोच, तथा भाजपा शासित राजस्थान के सवाई माधोपुर ज़िले में दलित बुजुर्ग महिला कमला देवी रैगर पर अत्याचार३ये सभी ताज़ा घटनाएं सिर्फ़ अलग-अलग वारदात नहीं हैं, बल्कि आरएसएस-भाजपा की सामंतवादी सोच का खतरनाक प्रदर्शन है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''यह सिलसिला भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला है। दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित समाज को डराकर दबाने की यह राजनीति लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ''भारत संविधान से चलेगा, न कि किसी कट्टर विचारधारा के फरमान से। खरगे ने आरोप लगाया, ''दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक और कमज़ोर वर्ग इसका ख़ामियाज़ा भुगत रहे हैं, और आप (प्रधानमंत्री) इन पर अपनी आंखें बंद कर अपने ही तमाशों में व्यस्त हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हरियाणा में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी की कथित खुदकुशी की घटना को लेकर आरोप लगाया कि भाजपा का शासन दलितों के लिए अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा, ''जातीय प्रताड़ना से परेशान होकर हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार जी के आत्महत्या करने से पूरा देश स्तब्ध है। देश भर में दलितों के खिलाफ जिस तरह अन्याय, अत्याचार और हिंसा का सिलसिला चल रहा है, वह भयावह है। प्रियंका गांधी ने कहा, ''पहले रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि जी की हत्या, फिर प्रधान न्यायाधीश का अपमान और अब एक वरिष्ठ अधिकारी की आत्महत्या यह साबित करती है कि भाजपा राज दलितों के लिए अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई आम नागरिक हो या ऊंचे पद पर हो, अगर वह दलित समाज से है तो अन्याय और अमानवीयता उसका पीछा नहीं छोड़ते। कांग्रेस नेता ने कहा, ''जब उच्च पद पर आसीन दलितों का यह हाल है तो सोचिए आम दलित समाज किन हालात में जी रहा होगा

# अमेरिका के नये राजदूत गोर भारत यात्रा पर, द्विपक्षीय मुद्दों पर करेंगे चर्चा

नयी दिल्ली/वाशिंगटन। भारत में अमेरिका के राजदूत नियुक्त सर्जियो गोर और प्रबंधन एवं संसाधन मामलों के अमेरिकी डिप्टी सेक्रेटरी माइकल जे. रिगास भारतीय अधिकारियों के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए इन दिनों भारत दौरे पर हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के एक बयान के अनुसार दोनों अधिकारी 9 से 14 अक्टूबर तक भारत यात्रा पर हैं। बयान में कहा गया है' राजदूत गोर और डिप्टी सेक्रेटरी रिगास भारत सरकार के अपने समकक्षों के साथ मिलकर विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बयान के अनुसार ''अमेरिका अपनी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने तथा एक सुरक्षित, मज़बूत और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ काम करना जारी रखेगा। नए अमेरिकी राजदूत की यह यात्रा टैरिफ के मुद्दे पर तनातनी के बाद अमेरिका के साथ संबंधों में सुधार की कवायद के बीच हो रही है।

# संत समागम 31 से तीन नवम्बर तक

एजेंसी

नई दिल्ली। संत निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक संत समागम, पूर्ववर्ती वर्षों की दिव्यता और गरिमा के अनुरूप, इस वर्ष भी 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक समालखा (हरियाणा) स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिसकी शुभ सूचना ने समस्त श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है।

'आत्ममंथन' विषय पर आधारित इस वर्ष का वार्षिक संत समागम अपने आप में एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे। इस दिव्य उत्सव की तैयारियाँ अत्यंत श्रद्धा, लगन एवं निःस्वार्थ भावना से की जा रही हैं। श्रद्धालु भक्त, चाहे वे वृद्ध हों या युवा, पुरुष हों या महिलाएं, हर पृष्ठभूमि के भक्त सेवा में पूर्ण रूप से रत हैं। प्रातः काल की प्रथम किरण से लेकर संध्या के अंतिम प्रकाश तक, हर ओर भक्ति भाव से समर्पित सेवा का अपूर्व आलोक दिखाई देता है। कोई मिट्टी के तसले ढो रहा है, कोई शामियाने गाढ़ रहा है, तो कोई सफाई, जल प्रबंधन या भोजन व्यवस्था में जुटा है। 78वें वार्षिक संत समागम की भव्यता को प्रकट करता हुआ मुख्य गेट भी आकार लेने लगा है - एक ऐसा प्रवेश-द्वार, जो प्रेम, समरसता और आत्मिक एकत्व की यात्रा का प्रतीक बनेगा।' यह सब कुछ समर्पण की उस भावना का प्रमाण है, जो सतगुरु के ज्ञान से उत्पन्न होती है। जिस प्रकार कहा भी गया है कि 'जहाँ सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, वहीं हर क्षण उत्सव बन जाता है। सेवा भाव की गरिमा को देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि इन सेवकों के मुखमंडलों पर कोई थकान नहीं, अपितु आनंद और उल्लास की आभा झलक रही है। यह वही दिव्य आनंद है, जिसे केवल सतगुरु की छत्रछाया में रहकर, सेवा और भक्ति के माध्यम से अनुभव किया जा सकता है। सतगुरु माता जी भी अपने प्रवचनों में बारंबार यही प्रेरणा देती हैं कि 'तन पवित्र सेवा किये, धन पवित्र दिये दान, मन पवित्र हरि भजन सों, त्रिबिध होई कल्याण। देश के कोने-कोने से ही नहीं, अपितु विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु भक्त इस संत समागम में सम्मिलित होने के लिए पधारते हैं। उनके स्वागत एवं सुविधाओं हेतु सभी आवश्यक प्रबंध अत्यंत सुचारू रूप से किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और हवाई अड्डों पर निरंकारी सेवादल के अनुशासित, मर्यादित एवं सुसज्जित सेवादार अपनी नीली और खाकी वर्दियों में श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन्हें उनके निर्धारित निवास स्थलों तक ससम्मान पहुँचाने हेतु सतत तत्पर रहेंगे।

## कर कानूनों में आपराधिक सजा के प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने की नीति आयोग की सिफारिश

**नयी दिल्ली।** कर कानूनों में सुधार और कारोबार में सरलता के उपायों के तहत 2025 का आयकर अधिनियम कई तरह के पुराने आपराधिक सजा वाले प्रावधानों को खत्म करा चुका है और अभी इसमें 13 प्रावधानों में 35 प्रकार के कार्यों और गलतियों को आपराधिक कार्य की श्रेणी में रखा गया है।

नीति आयोग की कर नीति द्वारा नीति पर कार्य-पत्र श्रृंखला के तहत गुरुवार को जारी दूसरे दस्तावेज में उपरोक्त तथ्य को रेखांकित किया गया है। इस दस्तावेज का विषय है डिक्रिमिनलाइजेशन एंड ट्रस्ट बेस्ड गवर्नेंस (आपराधिक प्रावधानों को हटाना एवं विश्वास आधारित संचालन व्यवस्था)। आयोग इससे पहले कार्य-पत्र ''भारत में विदेशी निवेशकों के लिए स्थायी प्रतिष्ठान और लाभ आवंटन में सुनिश्चितता, पारदर्शिता और एकरूपता को बढ़ाना'' शीर्षक से जारी किया था।

इसी दृष्टिकोण के साथ कार्य पत्र में आयकर अधिनियम, 2025 के तहत आपराधिक प्रावधानों का एक व्यापक मूल्यांकन किया गया है। इस दस्तावेज में दंडों को तर्कसंगत बनाने, छोटे और प्रक्रियात्मक गैर-अनुपालन को गैर-आपराधिक बनाने और न्यायिक विवेक को मजबूत करने के लिए एक सिद्धांत-आधारित ढांचे का प्रस्ताव किया गया है।

# पेज एक का शेष

### बिहार में 20 से ...

शासन के मॉडल पर भी प्रकाश डालेंगे, जिसे 2022 के विधानसभा चुनावों में उन्हें लगातार दूसरी बार सत्ता में लाने का श्रेय दिया जाता है। सूत्रों ने कहा कि यूपी के सीएम की मजबूत राष्ट्रवादी और धार्मिक-सांस्कृतिक बयानबाजी हिंदू बहुल ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी को सक्रिय करेगी, खासकर उन क्षेत्रों में जो यूपी के सामाजिक-राजनीतिक ताने-बाने को दर्शाते हैं।

### काबुल में तकनीकी...

मिलता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने अफगानिस्तान सरकार के भारतीय कंपनियों को वहां खनन गतिविधियों के लिए आमंत्रित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा , '' अफ़ग़ानिस्तान में खनन के अवसरों का पता लगाने के लिए भारतीय कंपनियों को आपका निमंत्रण भी बहुत सराहनीय है। इस पर आगे चर्चा की जा सकती है। डा. जयशंकर ने आतंकवाद विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दोनों देशों की विकास और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता है लेकिन सीमा पार आतंकवाद की साझा चुनौती के कारण इस पर खतरा मंडरा रहा है जिसका सामना दोनों देश करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा, ''हमें सभी तरह के आतंकवाद से निपटने के लिए समन्वित प्रयास करने चाहिए । हम भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति आपकी संवेदनशीलता की सराहना करते हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हमारे साथ आपकी एकजुटता उल्लेखनीय थी।'' विदेश मंत्री ने कहा कि निकटवर्ती पड़ोसी और अफगानिस्तानियों के शुभचिंतक के रूप में भारत की अफ़ग़ानिस्तान के विकास और प्रगति में गहरी रुचि है। उन्होंने कहा, '' आज मैं इस बात की पुष्टि करता हूं कि हमारी दीर्घकालिक साझेदारी जिसके तहत अफ़ग़ानिस्तान में अनेक भारतीय परियोजनाएं चल रही हैं उन पर काम आगे भी चलेगा। '' उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष पूरी हो चुकी परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत के साथ-साथ उन अन्य परियोजनाओं को पूरा करने के उपायों पर भी चर्चा कर सकते हैं जिनके लिए भारत पहले से ही प्रतिबद्ध है। दोनों पक्ष अफ़ग़ानिस्तान की अन्य विकास प्राथमिकताओं पर भी चर्चा कर सकते हैं। डा. जयशंकर ने अफ़ग़ानिस्तान की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए भारत के समर्थन के रूप में कहा कि छह नई परियोजनाओं की घोषणा की जाएगी। भारत सद्भावना के प्रतीक के रूप में 20 एम्बुलेंस भी उपहार में देगा, जिनमें से पांच को वह प्रतीकात्मक कदम के रूप में आज स्वयं सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अफ़ग़ानिस्तान के अस्पतालों को एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें भी प्रदान करेगा और टीकाकरण तथा कैंसर की दवाएं भी पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम के माध्यम से दवा और अन्य सामग्री भी प्रदान की है और आगे भी ऐसा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सितंबर में अफगानिस्तान में आई आपदा के कुछ ही घंटों में भारत ने सबसे पहले कदम उठाते हुए राहत सामग्री भूकंप स्थलों पर पहुंचाई थी। भारत ने प्रभावित क्षेत्रों में आवासों के पुनर्निर्माण में भी योगदान देने की पेशकश की। उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान के लोगों को खाद्य सहायता प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने भारत द्वारा पहले भेजे गए पांच लाख टन गेहूं का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत आज काबुल में एक और खेप भेज रहा है। हज़ारों अफ़ग़ान शरणार्थियों को कुछ देशों द्वारा जबरन स्वदेश भेजे जाने की ओर इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने इसे गहरी चिंता का विषय बताया। विदेश मंत्री ने कहा, '' उनकी गरिमा और आजीविका महत्वपूर्ण है। भारत उनके लिए आवासों के निर्माण में मदद करने और उनके जीवन के पुनर्निर्माण के लिए भौतिक सहायता प्रदान करना जारी रखने के लिए सहमत है।'' जल प्रबंधन पर उन्होंने कहा कि भारत जल संसाधनों के सतत प्रबंधन पर सहयोग करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री ने व्यापार के मुद्दे पर कहा कि व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने में दोनों पक्षों की साझा रुचि है और उन्हें काबुल तथा नई दिल्ली के बीच अतिरिक्त उड़ानें शुरू होने पर खुशी है। उन्होंने कहा कि भारत अफ़ग़ान छात्रों के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों में अध्ययन के अवसर बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, ''खेलों का क्षेत्र एक और दीर्घकालिक संबंध है। अफ़ग़ान क्रिकेट प्रतिभाओं का उभरना वाकई प्रभावशाली रहा है। भारत को अफ़ग़ान क्रिकेट के प्रति अपने समर्थन को और मज़बूत करने में खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा कि भारत ने इसी वर्ष अप्रैल में अफ़ग़ानिस्तान के लोगों के लिए एक नया वीज़ा मॉड्यूल शुरू किया है, और इसके परिणामस्वरूप भारत अब चिकित्सा, व्यावसायिक और छात्र श्रेणियों सहित अधिक संख्या में वीज़ा जारी कर रहा है।

### अफगानिस्तान की जमीन...

लिए तैयार है। विदेश मंत्री मुत्ताकी ने याद दिलाया,'' अफ़ग़ानिस्तान पर अमेरिकी कब्ज़े के दौरान कई उतार-चढ़ाव आए'' लेकिन तालिबान ने कभी भारत के ख़िलाफ़ कोई बयान नहीं दिया बल्कि भारत के साथ उसके अच्छे संबंध रहे। आईएसआईएस को क्षेत्र के लिए ख़तरा बताते हुए श्री मुत्ताकी ने कहा कि अफगान तालिबान, अफ़ग़ानिस्तान से इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत नामके आतंकवादी संगठन को ख़त्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को मिलकर आतंकवाद के ख़तरे का मुक़ाबला करना होगा। उन्होंने पिछले महीने कुनार प्रांत में आए भूकंप के दौरान सबसे पहले मदद करने सहित भारत की सभी तरह की मदद के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत के साथ आपसी सम्मान और लोगों के आपसी संबंधों पर आधारित संबंध चाहती है। इसी वर्ष जनवरी में दुबई में विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ अपनी मुलाक़ात को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह उनके उच्च-स्तरीय संवाद की एक अच्छी शुरुआत थी। उन्होंने कहा कि वह विदेश मंत्री जयशंकर से दो बार फ़ोन पर बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, '' मुझे आज दिल्ली आकर खुशी हो रही है और इस यात्रा से दोनों देशों के बीच आपसी समझ मज़बूत होगी।'' उन्होंने दोनों देशों के बीच आधिकारिक स्तर सहित आपसी समझ और आदान-प्रदान में वृद्धि की आशा व्यक्त की।

### सीबीआई नहीं...

अनुमति देने से पहले सभी संदिग्ध उत्पादों का एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के माध्यम से विष विज्ञान परीक्षण अनिवार्य किया जाए। बता दें कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप से मध्य प्रदेश में अब तक 23 बच्चों की मौत की पुष्टि की गई है। छिंदवाड़ा में 20, पांढुर्ना में एक तो बैतूल में दो बच्चो की मौत हो चुकी है। सभी में लक्षण एक जैसे थे। हालांकि एक बच्चे के परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए हैं, जिसके बाद बच्चे का शव कब्र से निकालकर जांच की गई। वहीं राजस्थान में भी तीन बच्चों की मौत इन्हीं कारणो से होना बताया जा रहा है। पहले बच्चों को सर्दी-खांसी हुई तो उन्हें खांसी की दवा दी गई। दो-तीन दिन बाद बच्चों ने यूरिन करना बंद दिया। जांच में उनकी किडनी फ़ेल होने की जानकारी सामने आई। कुछ दिनो के इलाज के बाद बच्चों की लगातार मौत हो रही हैं। देशभर में ये मामला चर्चा में बना हुआ है।

### चुनाव आयोग के...

(एसआईआर) का जिक्र करते हुए कहा, चुनाव आयोग की प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, एसआईआर चुनाव आयोग की सांविधानिक जिम्मेदारी है। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने हाल ही में बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी की है। अब आयोग पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी कर रहा है। आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कुछ अन्य विपक्षी राजनेताओं ने भी निर्वाचन आयोग के इस फैसले का मुखरता से विरोध किया है।

### पूरे देश में चरणबद्ध...

काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण शुरू करने का काम चल रहा है और इसे शुरू करने पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने राज्यों की मतदाता सूचियों को अंतिम एसआईआर के बाद प्रकाशित रखें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था, और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची की अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच थी। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर निकालना है।

### मायावती नायक...

गई, तो आजम ने साफ तौर पर जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके स्तर का जवाब, उनके स्तर के लोग देंगे। मैं तो 8-10 बरस से ऐसे हालात का शिकार हूं कि मुझे ये ही नहीं पता है कि लखनऊ का कौन सा पार्क किस हाल में है और कहां है, आज कैसा है। दरअसल, बसपा की महारैली में मायावती ने बिना नाम लिए आजम खान को लेकर भी बात कही थी। कहा था कि विरोधी लोग अफवाह फैला रहे हैं। मायावती ने कहा कि अफवाह फैलाई गई कि दूसरी पार्टी के बड़े नेता ने दिल्ली में मुझसे मुलाकात भी की। मायावती ने बिना नाम लिए जवाब देते हुए कहा कि मैं किसी से छिपकर नहीं मिलती हूं। खुले में मिलती हूं। दरअसल, जेल रिहाई के बाद अखिलेश यादव के साथ आजम खान की मुलाकात से पहले ये चर्चाएं थीं कि आजम खान बसपा में शामिल हो सकते हैं।

### उत्तर प्रदेश बीमारू...

इंटरस्टेट कनेक्टिविटी उत्तर प्रदेश की है। यूपी में गांव गांव तक सड़कों का संजाल बिछ चुका है। उन्होने सभी नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी अपनाएंगे तो कारीगरों, शिल्पियों के श्रम का सम्मान होगा। स्वदेशी से देश का पैसा देश में ही रहेगा। स्वदेशी का मुनाफा देश के निर्माण के काम आएगा। उन्होंने सचेत किया कि विदेशी वस्तुओं के खरीदने पर उसके मुनाफ़े का पैसा कई बार देश के खिलाफ, आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद पर खर्च होता है। उन्होंने कहा कि जब देश का पैसा स्वदेशी के माध्यम से देश में ही खर्च होगा तो विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गोरखपुर का सपना भी तेजी से साकार होगा। योगी ने स्वदेशी के माध्यम से हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के अभियान को आगे बढ़ाना है। सब लोग ठान लें तो कोई बाधा भी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले दीपावली पर लक्ष्मी जी और गणेश जी की मूर्तियां उस चीन से आती थीं जो देवी देवताओं पर विश्वास ही नहीं करता है। आज ओडीओपी के जरिये टेराकोटा की मिट्टी की बनी मूर्तियां मार्केट में हैं। अब तो टेराकोटा को जीआई टैग भी मिल गया है। यह देश दुनिया में कहीं भी बिना किसी सवाल के बिक सकता है। सीएम ने बताया कि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक जीआई टैग उपलब्ध कराने वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक प्रगति की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक आइटम के निर्माण का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। देश में अकेले 60 प्रतिशत मोबाइल यूपी में बन रहा है। र्म मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि स्वदेशी उत्पादों को लेकर आने वाले समय में वह और बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने लोगों से स्वदेशी मेले में आने, उत्पाद क्रय करके कारीगरों के श्रम का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से बाजार में चहल पहल है, जो भी खरीदें, स्वदेशी खरीदें। जो भी गिफ्ट दें, स्वदेशी गिफ्ट दें। न स्वदेशी मेला के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन अभिनंदनीय है। उत्तर प्रदेश हरेक क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की राह पर है। अब ब्रह्मोस मिसाइल और एके 2023 रायफल भी यूपी में बनने लगी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सीएम योगी ने यूपी में सुरक्षा, कानून व्यवस्था और निवेश के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। आज उत्तर प्रदेश, देश में सर्वाधिक मोबाइल उत्पादन करने वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने आत्मनिर्भरता का संकल्प दिलाने के साथ स्वदेशी डिजिटल क्रांति लाने का काम किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री पासवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक जिला एक उत्पाद योजना की भी मुक्तकंठ से सराहना की। स्वदेशी मेला के उद्घाटन समारोह में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी, हथकरघा तथा वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। एक साथ सभी जिलों में ऐसा आयोजन करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीन संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। इससे सीएम योगी के मार्गदर्शन के पूरे राज्य के उद्यमियों को प्रोत्साहन तो मिला ही, ब्रांड यूपी को भी और मजबूती मिली। उन्होंने बताया कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की महत्वाकांक्षी योजना सीएम युवा योजना में अब तक 95 हजार युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। मंत्री श्री सचान ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट्स अर्थव्यवस्था में भरपूर योगदान दे रही हैं। सीएम योगी के मार्गदर्शन में छोटे उद्यमियों को भी बड़ा बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। सांसद रविकिशन शुक्ल ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि सीएम योगी ने यूपी को बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकालकर उत्तम प्रदेश बना दिया है। आज उत्तर प्रदेश विकास के मामले में नजीर पेश कर रहा है। उनके एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना का उनका विजन साकार रूप में पूरे देश में हिट हो गया है। स्वदेशी मेला के शुभारंभ समारोह में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, सरवन निषाद, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजयेंद्र पांडियन आदि की भी मंच पर उपस्थिति रही।

# अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को केन्द्र सरकार ने बनाया मेंटल हेल्थ एंबेसडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर पर शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नेशनल टेली मेंटल हेल्थ प्रोग्राम (टेली-मानस) ऐप का नया और बेहतर संस्करण लॉन्च किया। अब यह ऐप न सिर्फ 10 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगा बल्कि इसमें चैटबॉट, आपात स्थिति में सलाह देने का मॉड्यूल और विजुअली इम्पेयर्ड (दृष्टिबाधित) लोगों के लिए सुविधाजनक फीचर्स जोड़े गए हैं। टेली मानस ऐप अब अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगा। इन भाषाओं में असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु, ओडिया, पंजाबी शामिल हैं। इसके अलावा एक चैटबॉट फीचर ('अस्मि') भी जोड़ा गया है, जो उपयोगकर्ताओं को ऐप से जुड़ने और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी या मदद लेने की अनुमति देता है। इसके साथ इस मौके पर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को मेंटल हेल्थ एंबेसडर घोषित किया गया। वे लोगों को सरकारी मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों का उपयोग करने और समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरितकरेंगी। निर्माण भवन में आयोजित कार्यक्रम में एप के लॉन्च के बाद अपने संबोधन में जेपी नड्डा ने कहा कि सुदृढ़ मन से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन एवं शरीर से स्वस्थ राष्ट्र बनता है। टेली-मानस मोबाइल ऐप के उन्नत संस्करण के शुभारंभ से किया, जिसमें अब मल्टी-लिंगुअल इंटरफ़ेस, चैटबॉट 'अस्मी', दिव्यांगजन के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स तथा आपातकालीन सहायता मॉड्यूल शामिल हैं। इन सुधारों का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को व्यापक, समावेशी और प्रभावी बनाना है। नड्डा ने कहा कि नए फीचर्स से आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया संभव होगी और डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य नवाचारों की पहुंच देश के हर हिस्से तक बढ़ेगी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा को सामान्य बनाने और कलंक कम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# पूर्णिया के पूर्व सांसद राजद में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना । बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं का दल बदलने का सिलसिला रोजाना जारी है। इस क्रम में आज पूर्णिया के पूर्व सांसद और जदयू के वरिष्ठ नेता संतोष कुशवाहा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और राजद में शामिल हो गये है। आज उन्होंने तेजस्वी यादव की मौजूदगी में राजद का हाथ थाम लिया।

संतोष कुशवाहा का राजद में शामिल होना सीमांचल के इलाके में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है।बताया जा रहा है कि संतोष कुशवाहा लेशी सिंह के खिलाफ चुनावी मैदान में ताल ठोक सकते हैं। लेशी सिंह फिलहाल धमदाहा से विधायक हैं और फिर जदयू की टिकट पर उन्हें धमदाहा से टिकट मिलना तय है। ऐसे में संतोष कुशवाहा राजद की टिकट से धमदाहा से लेशी सिंह के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

संतोष कुशवाहा के राजद में आने से तेजस्वी यादव को एक और फायदा होगा। संतोष कुशवाहा को राजद में शामिल होने से तेजस्वी पप्पू यादव को भी घेरेंगे, क्योंकि संतोष कुशवाहा वर्ष 2014 और 2019 में दो बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके है लेकिन पिछले लोकसभा में संतोष कुशवाहा को हराकर पप्पू यादव ने निर्दलीय लोकसभा का चुनाव जीता था। अब संतोष कुशवाहा के वोट बैंक से तेजस्वी पप्पू यादव की पूर्णिया में लगातार बढ़ रही मजबूती को कमजोर करने के सियासी चाल चलने की तैयारी में है। पूर्व सांसद जगदीश शर्मा के बेटे और पूर्व विधायक राहुल शर्मा ने आज जदयू छोड़ दिया और राजद में शामिल हो गये। उनके शामिल होने से राजद को भूमिहार जाति का साथ मिल गया है। इसे मगध राजनीति में इसे बड़ा उलटफ़ेर माना जा रहा है, क्योंकि तेजस्वी इसी बहाने न सिर्फ मगध में बल्कि भूमिहार बहुल कई सीट पर बड़ा असर डालेंगे। जगदीश शर्मा मगध क्षेत्र में भूमिहार समाज के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं और इस समाज पर उनकी अच्छी पकड़ है। अब उनके बेटे के रादज में आने से राजद को मगध में बड़ा फायदा होना तय माना जा रह है। वहीं नीतीश कुमार को बड़ा झटका है. बांका से जदयू सांसद गिरधारी यादव के बेटे चाणक्य प्रकाश राजद में शामिल हो गये। यह तेजस्वी यादव की बड़ी सियासी उपलब्धि मानी जा रही है। वे नीतीश कुमार के घर में सेंधमारी करने में सफल रहे। चाणक्य प्रकाश के पिता गिरधारी यादव को नीतीश कुमार के पसंदीदा सासंदों में गिना जाता है ।.

# जलवायु परिवर्तन मानवता और विकास के लिए बड़ी चुनौती : विजेंद्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि मानवता और विकास दोनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि थोड़ा-सा तापमान बढ़ना भी भारी वर्षा, बाढ़ और ग्लेशियरों के पिघलने जैसी प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे सकता है।

गुप्ता ने यह बात बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित 68वें कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री कॉन्फ्रेंस (सीपीसी) में हुई दो कार्यशालाओं में भाग लेते हुए कही। यह जानकारी शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा ने एक बयान में दी। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक मानवीय संकट भी है, जो आजीविका, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने देशों से आग्रह किया कि वे जिम्मेदारी और समानता की भावना के साथ मिलकर इस चुनौती का सामना करें। यह केवल पृथ्वी की रक्षा का सवाल नहीं है, बल्कि मानव गरिमा और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व का प्रश्न है। उन्होंने जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने और पर्यावरण संरक्षण को नीति निर्माण का मुख्य हिस्सा बनाने पर बल दिया। विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र की पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि सार्वजनिक संस्थाएं भी पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकती हैं और उदाहरण प्रस्तुत कर सकती हैं।

# दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने की डीपीसीसी इनोवेश चैलेंज की शुरूआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) इनोवेशन चैलेंज की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ऐसे सस्ते, टिकाऊ और सीधे लागू किए जा सकने वाले समाधान ढूंढना जो पुराने वाहनों, निर्माण स्थलों और उद्योगों से निकलने वाले पीएम 2.5 और पीएम 10 कणों को घटा सकें।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज दिल्ली सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस साल दिल्ली ने पिछले दस सालों में सबसे ज्यादा साफ हवा वाले दिन देखे हैं, लेकिन हमारा सपना है कि हर दिन 'क्लीन-एयर डे' बने। इसके लिए निर्देशों के सख्ती से पालन के साथ-साथ लगातार नवाचार की भी ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि पहली बार दिल्ली ने हर नवाचारक के लिए अपने दरवाजे खोले हैं- स्टार्ट-अप, शोध संस्थान, आईआईटीए, बड़ी कंपनियां या कोई भी टेक डेवलपर अगर उसकी तकनीक स्केलेबल है, असरदार है और दिल्ली में लागू हो सकती है, तो हम उसे जरूर परखेंगे और समर्थन देंगे। सिरसा ने बताया कि मूल्यांकन पूरी तरह पारदर्शी होगा। दिल्ली सरकार वही तकनीक चुनेंगे जो धरातल पर काम करे। देखा जाएगा कि कितनी धूल-कण की कमी होती है, कितनी लागत में, और इसे लगाना या चलाना कितना आसान है। जो समाधान सस्ता, असरदार और टिकाऊ होगा, वही सबसे ऊपर रहेगा। उन्होंने कहा कि जो टीमें स्टेज-2 तक पहुंचेंगी, उन्हें फ्री ट्रायल और 5 लाख रुपये तक का सपोर्ट मिलेगा। इसके बाद जो समाधान आईआईटीएस और राष्ट्रीय लैब्स में सफल साबित होंगे, उन्हें 50 लाख रुपये तक की राशि और सरकारी स्तर पर अपनाए जाने का मौका मिलेगा। मंत्री ने यह भी बताया कि यह एक 'ओपन चैलेंज' है। आप रोड कोटिंग लाएं जो टायर की धूल पकड़ ले, एग्ज़ॉस्ट क्लीनर लाएं, ट्रैफिक जोन के लिए हवा साफ करने वाला सिस्टम बनाइए या कोई इंडस्ट्रियल डस्ट सॉल्यूशन – अगर यह दिल्ली की हवा में असर दिखा सकता है, तो उसका स्वागत है।

कैसे काम करेगा डीपीसीसी इनोवेशन चैलेंज कौन भाग ले सकता है : कोई भी व्यक्ति, स्टार्ट-अप, शोध संस्थान, विश्वविद्यालय, कंपनी या टेक डेवलपर जिसके पास तैयार प्रोटोटाइप है।

क्या परखा जाएगा : असल परिस्थितियों में पीएम घटाने की क्षमता, लागत, टिकाऊपन, इंस्टॉलेशन की सरलता, स्केलेबिलिटी, 'मेक-इन-इंडिया' क्षमता और निगरानी की सटीकता। समर्थन और परीक्षण : डीपीसीसी की शुरुआती स्क्रीनिंग के बाद स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति द्वारा फील्ड/लैब ट्रायल, फिर एनपीएल या समकक्ष लैब से सत्यापन। पुरस्कार : स्टेज-2 पास प्रोजेक्ट को 5 लाख रुपये की समर्थन राशि, राष्ट्रीय लैब से प्रमाणित और सरकार को अनुशंसित प्रोजेक्ट को 50 लाख रुपये।

## पुलिस ने चोरी की बाइक सहित तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम । जिले की पुलिस ने एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान के तहत चोरी की बाइक के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में बिरसानगर निवासी राहुल मुखी (19), अजय मुखी (20) और सीतारामडेरा रिफ्यूजी कॉलोनी निवासी विकाश शर्मा शामिल हैं। शुक्रवार को डीएसपी भोला प्रसाद ने प्रेस को बताया कि एसएसपी के निर्देश पर चलाए गए एंट्री क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान नौ अक्टूबर की शाम को मर्सी अस्पताल गोलचक्कर के पास दो युवक बिरसानगर की ओर आते हुए रोके गए। दोनों ने अपनी बाइक के वैध कागजात नहीं दिखाए और किसी स्पष्ट जवाब से भी परहेज किया। जांच में पता चला कि यह बाइक चोरी की थी और सिदगोड़ा थाना में इसका मामला दर्ज था। पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर विकाश शर्मा उर्फ बबुआ बच्चा को भी गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दो बाइक और एक स्कूटी बरामद हुई। सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## मजगामा में पैर फिसलने से युवक में नदी में गिरा,हुई मौत

अररिया। अररिया नगर थाना क्षेत्र के मजगामा गांव में शुक्रवार को अपने खेत की ओर जा रहे युवक का पैर फिसलने से नदी में जा गिरा।स्थानीय लोगों ने युवक को नदी से निकालकर आनन फानन में सदर अस्पताल लाया। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक दियारी पंचायत के मजगामा वार्ड संख्या 3 का रहने वाला पीयूष कुमार उर्फ राजा मंडल है।अस्पताल पहुंचाने वाले परिजनों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद अन्य दिनों की तरह वह अपने खेत की ओर जा रहा था और इसी क्रम में नदी में पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में गिर गया।जब स्थानीय लोगों ने उसे डूबते देखा तो उसे नदी से बाहर निकालकर सदर अस्पताल पहुंचाया गया।लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## जिलाधिकारी ने दी नामांकन, डिस्पैच सेंटर और मतगणना की जानकारी

समस्तीपुर। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा आज जिला समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में आगामी विधानसभा आम चुनाव – 2025 की तैयारियों और नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले की सभी 10 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोड़कर) नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर दोपहर 3:00 बजे तक की जाएगी एवंद्वद्व नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी 18 अक्टूबर से प्रारंभ कर दी जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है

## अररिया के फारबिसगंज में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

बिहार। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के क्रम में, अररिया जिले में आज दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का एक मामला फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में दर्ज किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू किए जाने के बाद जिले में यह मामला दर्ज होने से चुनावी प्रक्रिया में सख्ती का संदेश गया है।द्व जिले में चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्रशासन ने चुनावी नियमों के सख्ती से पालन के लिए व्यापक निगरानी और गहन जाँच अभियान चला रखा है। इस अभियान में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, उत्पाद विभाग, आयकर विभाग, और फ्लाइंग स्क्वॉड की टीमें लगातार संयुक्त अभियान चला रही हैं। इन एजेंसियों की चौकसी का ही परिणाम है कि फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में आचार संहिता के उल्लंघन का यह मामला सामने आया। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या राजनीतिक दल को बख्शा नहीं जाएगा और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल शिक्षा बोर्ड के कर्मचारियों को दी जाएगी एआई की ट्रेनिंग, 13 अक्टूबर को लगेगी कार्यशाला

धर्मशाला । स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा अब अपने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों व अन्य फील्ड स्टाफ को आर्टिफिशियल इंटिलेंजस की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसके लिए 13 अक्तूबर को विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जोकि वर्चुअल रूप से भी चलाया जाएगा। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के मुख्यालय में 13 अक्तूबर सोमवार को आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस टूल्स पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों सहित पुस्तक वितरण सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्र, संपर्क कार्यालय, शिमला व पेपर गोदाम और अंब के अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल रूप से भाग लेंगे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम फाउडर एंड सीईओ, स्कील शेयर इंडिया द्वारा करवाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस एआई के प्रयोग और प्रस्तुति तकनीकों के उपयोग व्यावहारिक कौशल से उत्पादकता बढ़ाने व दस्तावेजों को सुव्यवस्थित करने के साथ प्रभावशाली संचार में दक्षता लाना है।

उधर, बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने भी एआई को आज की जरूरत को देखते हुए समस्त बोर्ड अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के दिशा-निर्देश

# ऑडिट में हुआ खुलासा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला प्रबंधक ने किया 9 लाख का गबन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जबलपुर । महालेखाकार के ऑडिट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में गबन की बात सामने आई है। और यह गबन किसी और ने नहीं बल्कि कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने किया है। सुभाष शुक्ला पर करीब 9 लाख रुपयो के गबन का आरोप है। यह रुपया जबलपुर में मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना में जन्मजात बहरे दिव्यांग बच्चों में सुनने की क्षमता विकसित करने के लिए उनकी कॉकलियर इंप्लांट ऑप्रेशन के बाद की जाने वाली थेरेपी करवाए बिना ही संस्था को भुगतान किया गया था।

शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र बारी ने अदालत में एक याचिका दायर की थी जिसमें उन्होंने डीआईएम के इस फर्जीवाड़े का उल्लेख किया था। शासकीय अधिवक्ता ने न्यायालय में सुनवाई के दौरान दलील दी थी कि सक्षम प्राधिकारी ने पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है और की गई कार्यवाही का खुलासा करते हुए हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दिया जाये। इसके उपरांत मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ सलोनी सिडाना ने मामले की जांच पहले संभाग स्तरीय जांच दल से एवं बाद में राज्य स्तरीय दल से करवाई। इन दोनों जांचों में सुभाष शुक्ला दोषी सिद्ध हुए। मनोज कुमार सरियाम आईएएस अपर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल ने 24 सितंबर को सुभाष शुक्ला को दोषी मानते हुये 8.96 लाख रुपये रिकवरी की कार्यवाही के आदेश जारी किये गये। 21 दिन की समयसीमा में रुपए सरकारी खाते में जमा नहीं करने पर एफआईआर दर्ज कर सेवा से बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त सख्त कार्यवाही करते हुए मिशन संचालक द्वारा हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल करने की सूचना हेतु शुक्ला को पत्र भी जारी कर दिया।

## नवादा जिले में शारदा अभ्रक माइंस पर वन विभाग का छापा,चालक सह मालिक पकड़ा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा । नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के चटकरी गांव स्थित शारदा नामक अभ्रक माइंस में अवैध खनन के विरुद्ध शुक्रवार को वन विभाग ने बीते गुरुवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम ने मौके से उजले रंग के बड़े-बड़े पत्थरों से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है ।साथ ही ट्रैक्टर चालक सह मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई काफी दिनों बाद हुई है। सवैयाटांड़ पंचायत में शारदा अभ्रक माइंस के अतिरिक्त दर्जनों अन्य अभ्रक माइंस भी हैं, जहां दिन के उजाले से लेकर रात में भी जिलेटिन व डेटोनेटर से ब्लास्टिंग कर अभ्रक का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। ठेकेदार ब्लास्टिंग के बाद मजदूरों से अभ्रक चुनवाते हैं और उन्हें बहुत कम राशि देते हैं, जबकि ठेकेदार इसी अभ्रक को बाजार में बेचकर मोटी रकम अर्जित करते हैं। इस दौरान अभ्रक चुनने के बाद बचे शेष पत्थरों को भी बेच दिया जाता है। छापेमारी के दौरान जब्त ट्रैक्टर पर उजले पत्थर लदे हुए थे। गिरफ्तार युवक की पहचान झारखंड के कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के जोरा सिमर गांव निवासी चतलाल सिंह के पुत्र आशीष सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आशीष सिंह ही जब्त ट्रैक्टर का चालक सह मालिक है। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में बताया कि वह बीते कुछ दिनों से शारदा माइंस से पत्थर लेकर अपने घर के पास एकत्रित कर रहा था। वह अब तक 12 बार ढुलाई कर चुका था और यह 13वीं बार था जब वह पत्थर लेकर जा रहा था और इसी दौरान वन विभाग के हत्थे चढ़ गया।

# अगले वित्तीय वर्ष के बजट के लिए फरवरी–मार्च तक बोर्ड की संस्तुति जरुरी: मुख्य सचिव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि प्रोजेक्ट्स की लागत को कम किए जाने के लगातार प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट्स के लिए लिया जाना वाला ऋण जितना सस्ता हो, उतना अच्छा। इसके लिए वित्त उपलब्ध कराने वाली एजेन्सियों से लगातार सम्पर्क किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अगले वित्त वर्ष के बजट के लिए फरवरी-मार्च तक बोर्ड से संस्तुति अनिवार्य रूप से ले ली जाए। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की 125वीं बोर्ड में बोल रहे थे। उन्होंने बैठक में बोर्ड के सचिव वित्त और टेक्निकल पृष्ठभूमि के व्यक्ति को भी बोर्ड में शामिल किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि सचिव विजिलेंस के साथ बैठक कर तीनों कार्पोरेशन्स में शीघ्र ही विजिलेंस मैकेनिज्म तैयार किया जाए। मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को 1 जनवरी, 2026 से ईआरपी लागू किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तीनों कार्पोरेशन में त्रैमासिक प्रदर्शन की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि इससे अल्पकालिक लक्ष्यों पर कार्पोरेशन की प्रगति का आंकलन एवं सुधार के क्षेत्रों को चिन्हित कर अगली तिमाही के लिए नए उद्देश्य निर्धारित किए जा सकेंगे। मुख्य सचिव ने नई तकनीकों के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई तकनीक का उपयोग करने से पहले एक दो स्थानों पर अनिवार्य रूप से प्रयोग कर लिया जाए, ताकि तकनीक के कम सफल होने या असफल होने पर उपयोग से हटाए जाने में अधिक नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्पोरेशन को पेशेवर दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रोजेक्ट्स को शुरू करने से पहले उसका तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता (टेक्नो इकोनॉमिक फीजीबिलिटी) परीक्षण कराए जाने की बात भी कही। इस बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, स्वतंत्र निदेशक (बोर्ड) पराग गुप्ता, बीपी पाण्डेय, अपर सचिव डॉ. अहमद इकबाल, एमडी यूपीसीएल अनिल यादव, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल, एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी आदि मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063